ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 7 जून 2024
वर्ष 5, अंक 201, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी 14


हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित 13


## चंद्रबाबू नायडू 12 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

- चौथी बार संभालेंगे आंध्र प्रदेश में सरकार की कमान
- मोदी सहित नई कैबिनेट के कई मंत्री भी रहेंगे मौजूद

विजयवाड़ा, एजेंसी

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। तेदेपा पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं विधायक गोरंटला बुचैया चौधरी ने गुरुवार को यहां मीडिया को यह जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि विधायक दल का नेता चुनने के लिए 11 जून को विधायक दल की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा नए केंद्रीय कैबिनेट के कई सदस्य भी शामिल होंगे। चौधरी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजधानी क्षेत्र अमरावती में किया जाएगा लेकिन जगह फिलहाल तक तय नहीं है। नायडू का शपथ ग्रहण समारोह पहले 9 जून को होने वाला था लेकिन मोदी के नेतृत्व में नई केंद्रीय सरकार के शपथ ग्रणह समारोह को देखते हुए इसे टाल दिया गया। उल्लेखनीय है कि चंद्रबाबू नायडू चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने जा रहे है।



### चीन वीजा घोटाला

## दिल्ली की कोर्ट ने कार्ति चिदंबरम को दी जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने कथित चीन वीजा घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को गुरुवार को जमानत दे दी। कार्ति एक समन की तामील करते हुए अदालत में पेश हुए थे और ईडी तथा सीबीआई के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उन्हें राहत प्रदान की। अदालत ने इससे पहले मामले में ईडी की ओर से दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ समन जारी किया था।



## मोदी की टिप्पणी से शेयर मार्केट के 30 लाख करोड़ डूबे

### कांग्रेस नेता ने इसे इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए की जेपीसी जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर चुनाव परिणाम आने से पहले शेयर बाजार को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में संगीन आरोप जड़े हैं।

राहुल गांधी ने कहा मतगणना के दिन शेयर बाजार में आई 30 लाख करोड़ रुपये की गिरावट अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। इसकी जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) से जांच कराई जानी चाहिए। राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शेयर बाजार को मंगलवार को जो नुकसान हुआ है वह मोदी व उनके मंत्रियों की सोची समझी रणनीति का हिस्सा था। वे तीनों जानते थे कि 4 जून को परिणाम एग्जिट पोल के मुताबिक नहीं आ रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिसके कारण निवेशकों के 30 लाख करोड़ डूबे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पहली बार हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक बाजार पर टिप्पणी की...फिर एक जून को झूठे एग्जिट पोल आए। तीन जून को स्टॉक बाजार सारे रिकॉड तोड़ देता है, चार जून को खटाक से नीचे चला जाता है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने निवेश की सलाह क्यों दी? पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई? फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि यह आपराधिक कृत्य है और इस मामले की जांच के लिए जेपीसी का गठन होना चाहिए।

### राहुल गांधी के सवाल

- प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने निवेश की सलाह क्यों दी?
- पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई?
- फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं?



### अंबानी के चैनल से भ्रम फैलाया

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी ने न्यूज चैनल के जरिए पहले जो संकेत दिए उसका निवेशकों पर सीधा असर हुआ है। यह संकेत अंबानी के चैनल के माध्यम से मोदी ने दिया और शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिससे रिटेल निवेशक को लाखों करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने पूछा कि इस तरह का संकेत देने के क्या कारण थे।

### निवेशकों को डरा रहे राहुल गांधी : गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी पर घरेलू और विदेशी निवेशकों को डराने की साजिश रचने का आरोप लगाया। दावा किया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरी बार सत्ता में लौटने के साथ ही शेयर बाजार में तेजी आनी शुरू हो गई है।









# मोदी ही लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

## राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल की बैठक में आज लगेगी अंतिम मुहर, रविवार को शपथ संभव

- गठबंधन के वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति को सौंपेंगे सांसदों की सूची

नई दिल्ली, एजेंसी

नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने के लिए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक होगी। मोदी के राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद तदेपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार जैसे गठबंधन के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और उन्हें समर्थन देने वाले सांसदों की सूची सौंपेंगे। राजग के पास 293 सांसद हैं, जो 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के 272 के आंकड़े से अधिक है। शपथ ग्रहण समारोह 9 जून रविवार को हो सकता है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को बैठक कर सरकार गठन के प्रयासों को गति देने को लेकर विचार-विमर्श किया। यह बैठक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई। इस बैठक में संघ के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। पार्टी नेताओं के मुताबिक इस बैठक में भावी मंत्रिपरिषद के गठन में राजग के घटक दलों की भागीदारी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद नड्डा और शाह ने शाम में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। सरकार गठन के स्वरूप पर पार्टी के शीर्ष नेताओं ने इस मुलाकात के दौरान चर्चा की।

लोजपा (आर) नेता चिराग पासवान ने कहा कि मोदी को उनकी पार्टी का समर्थन बिना शर्त है और उनके नेतृत्व में ही राजग ने बहुमत हासिल किया है। राजग के सभी घटक शुक्रवार को मोदी को नए प्रधानमंत्री के रूप में समर्थन देने वाले पत्र राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं। शिवसेना सूत्रों ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे चाहते हैं कि उनके बेटे और तीन बार के सांसद श्रीकांत शिंदे के बजाय अन्य वरिष्ठ सांसदों को मंत्री पद देने पर विचार किया जाए। वहीं तेलगू देशम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू चाहते हैं कि केंद्र आंध्र प्रदेश को अमरावती में राजधानी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करे। वह यह भी चाहते हैं कि नई सरकार पृथक तेलंगाना राज्य के बाद आंध्र प्रदेश के लिए जताई गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करे। तेदेपा की 16 सीटों के बाद जद (यू) भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी है। नई सरकार के अस्तित्व के लिए भाजपा को इन दोनों दलों पर निर्भर रहना होगा।



### चुनाव आयोग ने निर्वाचित सांसदों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने मतगणना पूरी होने के बाद 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सांसदों की सूची गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शाम साढे.चार बजे राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात कर निर्वाचित सांसदों की सूची उन्हें सौंपी। चुनाव आयोग की ओर से जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के अनुरूप जारी अधिसूचना की एक प्रति, जिसमें 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद लोक सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं राष्ट्रपति को सौंपी गई। इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनावों के सफल समापन पर मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को राष्ट्रपति ने बधाई दी। उन्होंने पूरे देश की ओर से चुनाव आयोग, उसके अधिकारियों, कर्मचारियों, मतदान के प्रबंधन और पर्यवेक्षण में शामिल अन्य अधिकारियों, पुलिस तथा सुरक्षा कर्मियों, केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बड़ी संख्या में चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाले मतदाताओं की भी सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पूरी तरह से हमारे संविधान और देश की गहरी तथा मजबूत लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है।



### आदर्श आचार संहिता हटी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही 16 मार्च से लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटा ली गई है। केंद्रीय कैबिनेट सचिव और राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि लोकसभा, कई प्रदेश में विधानसभा और कुछ सीटों पर उपचुनाव के नतीजों के बाद आदर्श आचार संहिता हटा ली गई है।

### पड़ोसी देश भी शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, भूटान, नेपाल, मॉरीशस और सेशेल्स के शीर्ष नेताओं के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड', मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और सेशेल्स के राष्ट्रपति वेवल रामकलावन को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है। मुइज्जू, विदेश मंत्री और कुछ अन्य नेताओं के साथ नई दिल्ली जाएंगे। विक्रमसिंघे के कार्यालय ने बताया कि मोदी ने उन्हें आमंत्रित किया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भी न्योता दिया है। मोदी ने प्रचंड और जगन्नाथ से भी फोन पर बातचीत की है।

## महिला सिपाही ने कंगना रनौत को मारा थप्पड़

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी

चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला सिपाही ने गुरुवार को दिल्ली जा रहीं भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया। महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि कंगना के विमान में सवार होने से पहले हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ सिपाही ने अभिनेत्री को थप्पड़ मारा। वहीं, कंगना ने एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि दिल्ली जाते वक्त चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक महिला सिपाही ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ गाली-गलौज की। कंगना ने 'पंजाब में आतंक और हिंसा में हैरान करने वाली वृद्धि' शीर्षक से एक वीडियो बयान पोस्ट किया। जिसमें कहा कि वह सुरक्षित और ठीक हैं, लेकिन पंजाब में बढ़ते आतंकवाद को लेकर चिंतित भी हैं। कंगना ने दिल्ली पहुंचने के बाद बयान जारी कर कहा कि महिला सिपाही उनकी ओर आई। उसने मुझे थप्पड़ मारा और मुझे गाली देनी शुरू कर दी। जब मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया, तो उस सिपाही ने कहा कि वह किसान आंदोलन का समर्थन करती है। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने वाली कंगना ने कांग्रेस के प्रत्याशी को 74 हजार मतों से शिकस्त दी थी।



- दिल्ली जाते समय चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पेश आया वाकया
- सीआईएसएफ ने महिला सिपाही को किया निलंबित

### पंजाबियों पर कंगना की टिप्पणी घृणित : धामी

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि कंगना रनौत द्वारा पंजाब और पंजाबियों को लगातार निशाना बनाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। कंगना का यह कहना कि पंजाब में आतंकवाद बढ़ रहा है, उनकी बीमार मानसिकता का परिचायक है, जबकि सच्चाई यह है कि उनकी अपनी जुबान से फैलाया जा रहा आतंकवाद देश के माहौल को प्रदूषित कर रहा है।

### एसआईटी हिरासत में 10 जून तक रहेगा प्रज्वल

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों में जद(एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की एसआईटी हिरासत गुरुवार को 10 जून तक के लिए बढ़ा दी। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत के समक्ष रेवन्ना को पेश किया गया, जिसने 31 मई को उसे छह जून तक के लिए एसआईटी की हिरासत में भेज दिया था। जद(एस) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोता रेवन्ना हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में हासन सीट से हार गया। गुरुवार को अदालत बताया गया कि जांच के सिलसिले में रेवन्न को हिरासत में रखने की जरूरत है, जिसके बाद कोर्ट ने उसकी एसआईटी हिरासत बढ़ा दी।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में 5 आरोपी गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपियों में 3 प्रयागराज और 2 मिर्जापुर के निवासी
- 2 आरोपी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा कर्मचारी
- प्रारंभिक जांच में 50 लाख रुपये के लेन-देन की बात सामने आई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग के फर्जी शिक्षक घोटाले में पुलिस ने गुरुवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 मिर्जापुर व 3 प्रयागराज के हैं। आरोपियों में 2 उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा पर डाटा आपरेटर हैं। पुलिस ने बताया कि अभी तक जो चैट सामने आई है उसमें इस घोटाले में 50 लाख रुपये का लेन-देन किया गया है। अभी आरोपियों गहन पूछताछ की जा रही है।

शिक्षा विभाग को फर्जी ई-मेल आईडी के जरिए 9 शिक्षकों का पैनल नियुक्ति के लिए भेजा गया था। इसमें से 2 शिक्षकों की नियुक्ति भी अलग-अलग स्कूलों में हो गई थी। खुलासा होने के बाद शिक्षा विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई थी। कर्नलगंज पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घोटाले में एसआईटी ने प्रयागराज से विवेक द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। यह दोनों यूपी बोर्ड में डाटा आपरेटर पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा मिर्जापुर से लालजी सिंह, दिनेश कुमार पांडेय व अभिनव त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया है। अभिनव त्रिपाठी एक स्कूल में लैब टेक्नीशियन है। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि जांच में फर्जी ई-मेल को ट्रेस किया गया तो सामने आया कि शिक्षा विभाग को भेजी गई ई-मेल आईडी शिवम द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा ने तैयार की थी। दोनों यह आईडी शिक्षा विभाग से रिटायर हो चुके चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लालजी सिंह के कहने पर बनाई थी। इसके लिए दोनों को 2 लाख रुपये मिले थे। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर दिनेश पांडेय, प्रबंधक काशी प्रसाद जायसवाल जूनियर हाई स्कूल लाल डिग्गी मिर्जापुर व लैब टेक्नीशियन केवीपीजी डिग्री कॉलेज मिर्जापुर अभिनव त्रिपाठी की भूमिका का खुलासा हुआ। इसके बाद पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की खुदकुशी

- इमारत की नौवीं मंजिल से कूदी, अस्पताल में मौत
- मध्य प्रदेश के रीवा जिले की रहने वाली थी बागीशा

कोटा, एजेंसी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी (नीट-यूजी) के परिणाम घोषित होने के एक दिन बाद ही राजस्थान के कोटा में 18 वर्षीय एक अभ्यर्थी ने एक इमारत की नौवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मृतका की पहचान बागीशा तिवारी के रूप में हुई है और वह इसी इमारत की पांचवीं मंजिल पर अपनी मां और भाई के साथ रहती थी। पुलिस ने बताया कि उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मूलरूप से मध्य प्रदेश के रीवा जिले की निवासी बागीशा तिवारी कोटा के एक कोचिंग संस्थान में नीट-यूजी की तैयारी कर रही थी। जवाहर नगर पुलिस थाने के सर्किल इंस्पेक्टर हरिनारायण शर्मा ने बताया कि उसका भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता है और वह संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मंगलवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित किए थे।

## ट्रेन के आगे कूदे प्रेमी युगल, मौत

- देर रात बाइक से रेल पटरी तक पहुंचे, ट्रेन के आगे लगा दी छलांग
- बच्चों और परिजनों के विरोध से हताश थे, मौके पर मिले दो मोबाइल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका ने गर्रा पुल के निकट लखनऊ-दिल्ली मेल के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। दोनों अपने बच्चों और परिवारीजनों की भारी नाराजगी के चलते हताश थे। बाइक से पटरी तक पहुंचे और ट्रेन के आगे कूद गए। पुलिस ने रेलवे लाइन पर दो मोबाइल और बाइक बरामद की।

थाना सदर बाजार में हाजी बिल्डिंग निवासी वंदना कश्यप (42) के पति राजू कश्यप और मोहल्ला शहबाजनगर निवासी गोधन कश्यप ने दो वर्ष पहले खिरनीबाग में साझे में कपड़े की दुकान खोली थी। दुकान पर कभी कभार वंदना भी बैठती थी।

> प्रेमी-प्रेमिका शादीशुदा और बाल-बच्चेदार थे। आत्महत्या किन हालातों में की है, जानकारी अभी नहीं हो सकी है। जांच की जा रही है। **-रवींद्र सिंह**, प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार

इसी दौरान वंदना-गोधन एक दूसरे के करीब आ गए। वंदना के पति राजू को जानकारी हुई तो उसने गोधन को कुछ रुपये देकर दुकान पर आने से मना कर दिया। लेकिन वंदना और गोधन चोरी-छिपे मिलते रहे। बच्चों और परिजनों के कड़े विरोध के चलते बुधवार रात करीब दो बजे गोधन-वंदना बाइक से शाहजहांपुर-बंथरा रेलवे स्टेशन के बीच गर्रा पुल के निकट मध्यवर्तीय ब्लाक सिग्नल के पास पहुंचे। बाइक खड़ी कर अप लाइन पर आ रही लखनऊ-नई दिल्ली मेल के सामने छलांग लगा दी जिससे दोनों की मौत हो गई। बरेली की ओर जा रही मालगाड़ी के चालक ने शवों को रेलवे ट्रैक पर देख कंट्रोल को सूचना दी। इसके बाद जीआरपी, आरपीएफ मौके पर पहुंची लेकिन घटनास्थल थाना सदर बाजार में होने से सदर पुलिस को जानकारी दी गई। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह मौके पर पहुंचे और शवों को रेलवे ट्रैक से हटाया। दो मोबाइल और बाइक कब्जे में ले ली। मोबाइल से नंबर निकालकर परिवार वालों को सूचना दी।

## अस्पताल में ऑक्सीजन की पाइप काटते युवक को पकड़ा

- दूसरे अस्पताल संचालक के कहने पर काट रहा था पाइपलाइन

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)

**अमृत विचार :** बिसौली के एक निजी अस्पताल में ऑक्सीजन की पाइप लाइन काटते एक युवक को पकड़ लिया गया। युवक ने सहसवान के एक चिकित्सक, उसके बेटे व अन्य व्यक्ति के कहने पर घटना को अंजाम देने की बात कही है। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

बिसौली में सोमवार बाजार स्थित माहेश्वरी अस्पताल के प्रबंधक रामप्रताप गुरुवार दोपहर दो बजे दूसरी मंजिल पर जा रहे थे। उनकी नजर चाकू से ऑक्सीजन की पाइप लाइन काटते एक युवक पर गई। रामप्रताप ने उसे टोका तो वह जान से मारने की धमकी देते नीचे की ओर भागा। अस्पताल के स्टाफ ने उसे दबोच लिया। युवक सहसवान के मोहल्ला चौधरी का मो. तारिक है। उसने बताया कि सहसवान के एक अस्पताल के चिकित्सक, उसके बेटे व एक अन्य व्यक्ति ने उसे पाइप काटने भेजा था। जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ जाए और ये अस्पताल बदनाम हो जाए। उसके साथ एक अन्य युवक भी था। रामप्रताप ने पुलिस को तहरीर दी है। बिसौली कोतवाल सुनील अहलावत ने बताया कि जांच की जा रही है।

## तिहाड़ जेल में भिड़े कैदी, एक घायल

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल संख्या 3 में टिल्लू ताजपुरिया और गोगी गिरोह के सदस्यों के बीच हुई भिड़ंत में हितेश नाम के एक कैदी को नुकीला सुआ घोपकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि हितेश को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जेल के अंदर बुधवार सुबह करीब 11:15 बजे गोगी गिरोह के हितेश और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो सदस्यों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि हितेश पर हमला करने वालों के नाम गौरव लोहरा और गुरिंदर के तौर पर सामने आए हैं। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

## मोदी की शपथ से पहले जद (यू) ने उठाया अग्निपथ का मामला

### नीतीश की पार्टी ने अग्निपथ योजना की समीक्षा की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की शपथ से पहले ही राजद के प्रमुख घटक दलों ने भाजपा से अपनी मांग रखनी शुरू कर दी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद (यू) ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना की समीक्षा किए जाने की मांग उठाई है। जद (यू) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने कहा अग्निपथ योजना को लेकर मतदाताओं के एक हिस्से में नाराजगी रही है। हमारी पार्टी चाहती है कि विस्तार से उन कमियों और खामियों को दूर किया जाए जिसको लेकर जनता ने सवाल उठाए हैं। जद (यू) के वरिष्ठ नेता का ये बयान बुधवार को राजग की बैठक के एक दिन बाद आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बैठक में सर्वसम्मति से राजग का नेता चुना गया था।

केंद्र सरकार ने साल 2022 में 14 जून को सेना में जवानों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना की घोषणा की थी। कांग्रेस और कई विपक्षी दलों ने इस योजना का विरोध किया था। कुछ राज्यों में इसके विरोध में प्रदर्शन भी हुए थे। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में अग्निपथ योजना को बड़ा मुद्दा बनाया था और कहा कि यदि वह सत्ता में आते हैं तो इसे रद्द कर देंगे। विपक्षी दलों के भारी विरोध के बावजूद भाजपा और उसके नेता इस योजना का बचाव करते रहे हैं।



### केंद्र में तीन मंत्रालयों पर नजर

जद (यू) केंद्रीय मंत्रिमंडल में सम्मानजनक प्रतिनिधित्व दिए जाने की उम्मीद कर रही है। नीतीश ने 2019 में केंद्रीय मंत्रिमंडल में केवल एक स्थान की पेशकश को ठुकरा दिया था और तीन साल बाद उनकी पार्टी ने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। राजग में तेदेपा के बाद जद(यू) भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी बनकर उभरी है। जद (यू) के एक शीर्ष नेता का कहना है कि पार्टी की नजर कैबिनेट की तीन सीट पर है, जिससे उसे जाति गणना का प्रबंधन करने में मदद मिल सकती है, जो अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। बिहार में 12 लोकसभा सीटें जीतने वाली जद(यू) के वरिष्ठ नेता और बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे नेता नीतीश कुमार जी के द्वारा तय किया जाएगा।

### बिहार को विशेष दर्जे की मांग हमारे दिल में

नीतीश के राजनीतिक सलाहकार और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता त्यागी ने हालांकि यह स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के खिलाफ नहीं है। त्यागी ने कहा कि जद (यू) ने राजग को बिना शर्त समर्थन दिया है लेकिन बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग हमारे दिल में है। उन्होंने कहा बंटवारे के बाद बिहार ने जिस स्थिति का सामना किया है, उसे विशेष दर्जा दिए बिना ठीक नहीं किया जा सकता है।

# आंधी-बारिश ने उड़ाया बिजली का फ्यूज...अंधेरे में कटी रात

## बिजली के तार टूटने से कुछ मोहल्लों में रात भर नहीं आई लाइट, सुबह आपूर्ति शुरू होने के बाद ट्रिपिंग की समस्या से जूझते रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पावर हाउस शाहजहांपुर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से बुधवार देर रात अचानक बदले मौसम के मिजाज से भले ही कुछ राहत मिली हो, लेकिन, तेज हवा के झोंके संग आंधी और बारिश से शहर में कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से उमस भरी गर्मी में लोग परेशान रहे। कुछ मोहल्ले ऐसे थे, जहां पूरी रात बिजली गुल रही, वहीं कुछ मोहल्ले रात भर ट्रिपिंग की समस्या से जूझते रहे। रात भर गुल हुई बिजली की सप्लाई सुबह करीब छह बजे चालू हुई। उधर, कलान, पुवायां, तिलहर, मिर्जापुर आदि ग्रामीण क्षेत्रों में भी आंधी लोगों के लिए आफत बन गई।

बुधवार रात करीब 12 बजे तेज हवा चलने लगी थी। धीरे-धीरे हवा का असर बढ़ता गया और कुछ देर बाद तेज आंधी शुरू हो गई। लोग अपने-अपने घरों में ज्यादातर लोग नींद में थे, तो कुछ लोग नींद में जाने की तैयारी में थे। आंधी शुरू होते ही अचानक लाइट गुल हो गई। सो रहे लोगों को उमस भरी गर्मी का अहसास हुआ तो आंख खुल गई। उस वक्त रात के करीब एक बज रहे थे और घरों के बाहर तेज हवा के झोंके के साथ साय-साय की आवाजें आ रही थीं। कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई। आंधी बारिश में कई स्थानों पर बिजली के तार टूट गए। लगभग डेढ़ घंटे बाद जब आंधी-बारिश थमी तो लोगों को लगा कि अब बिजली सप्लाई शुरू हो जाएगी लेकिन चारखंभा, एमनजई जलालनगर, खिरनीबाग, इंद्रानगर कॉलोनी, बक्सरिया आदि आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों में पूरी रात बिजली गुल रही।

इन मोहल्लों में सुबह करीब छह बजे बिजली सप्लाई शुरू हुई लेकिन बीस मिनट बाद फिर बिजली गुल हो गई और नौ बजे के बाद आई। इसके बाद पूरे दिन बिजली की आवाजाही से लोग भीषण गर्मी में परेशान रहे। वहीं कुछ मोहल्लों चौक, मघईटोला, मतानी आदि में बिजली सप्लाई शुरू भी की गई लेकिन कभी दस मिनट तो कभी बीस मिनट पर आधा-पौन घंटे के लिए बिजली की कटौती होती रही।

### 15 घंटे में सही हुआ हाईटेंशन लाइन का फाल्ट

**कलान।** आंधी पानी से हाई टेंशन लाइन में बीती रात फाल्ट आ गया। सही करने में विभाग ने लापरवाही इस कदर की जो हद हो गई। सही करने में 15 घंटे का समय गुजार दिया। 15 घंटे तक कस्बा में और क्षेत्र के गांवों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। बुधवार रात करीब 12 बजे तेज आंधी पानी आया। जिससे बिजली गुल हो गई लोगों ने सोचा कि बिजली कट कर दी गई लेकिन गुरुवार सुबह पता चला कि उसावां बदायूं से कलान विद्युत केंद्र आने वाली हाईटेंशन विद्युत लाइन में फाल्ट आ गया है। जिसे ठीक करने के लिए रात में कर्मचारियों ने जाना उचित नहीं समझा, पूरी रात कस्बे में और गांवों में बिजली न मिलने के कारण अंधेरा रहा। गुरुवार सुबह लोगों को उम्मीद जगी कि अब बिजली मिलेगी लेकिन पूरे दिन फाल्ट सही करने में कर्मचारी लगे रहे। दोपहर बाद तीन बजे के बाद बिजली सप्लाई सुचारू हुई लेकिन आधा देर शाम तक ऑख मिचौनली का सिलसिला जारी रहा।

### 300 गांवों की ठप हो गई बिजली व्यवस्था

मिर्जापुर। क्षेत्र में बुधवार रात आंधी-बारिश के बाद करीब 300 गांवों की बिजली सप्लाई ठप हो गई। उसावां से आने वाली 33 केवीए लाइन के कई खंभों से तार जमीन पर गिर गए। लाइन गुरूवार शाम करीब चार बजे सही हो सकी। जिससे कस्बे में विद्युत आपूर्ति शुरू हो सकी।

### बत्ती गुल होने से नगरवासियो में आक्रोश

तिलहर। नगर क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरगंज, कुमारगंज, उम्मरपुर, नई बस्ती में लाइट गुल होने से नगर में त्राहि-त्राहि मची हुई है। इस दौरान नगर वासियों की बिजली विभाग के कर्मचारियों से नोक झोंक भी हुई। बुधवार को मोहल्ला कुमारगंज स्टेशन रोड स्थित हलवाइयों वाले चौराहे के समीप लगा 63 केवी का ट्रांसफार्मर फुंक जाने से हजारों घरों की लाइट गुल हो गई। लाइट न आने से नगर के कई मोहल्ले के लोगों में बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ आक्रोश फैल गया। इस दौरान ट्रांसफार्मर बदलवाने को लेकर मोहल्ले वासियों की बिजली विभाग के कर्मचारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई, तो वहीं इस भीषण गर्मी के चलते लाइट न आने से नगर कई मोहल्लों के लोग परेशान होते हैं। वहीं समाचार लिखे जाने तक ट्रांसफार्मर बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा बदला नहीं गया है। वहीं दूसरी तरफ रात 12 बजे के करीब आई तेज हवा के चलते नगर की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई थी। जिसे बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा आठ से 10 घंटे बाद आपूर्ति को सुचारू किया गया।

## एक नजर

### गाली देने से मना करने पर पीटा, पति पर रिपोर्ट

**खुटार।** क्षेत्र के गांव लुकटाह की रहने वाली अनीता देवी ने पति रामऔतार पर आए दिन गाली गलौज और विरोध करने पर पिटाई करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पति रोजाना घरेलू कलह को लेकर उसके साथ गाली गलौज करते हैं। विरोध करने पर पिटाई कर देते है। बुधवार को भी पति ने भोजन खाने को लेकर विवाद किया। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुर्घटना में घायल बछिया ने तोड़ा दम

**खुटार।** दुर्घटना में घायल बछिया ने नौ माह बाद आखिरकार दम तोड़ दिया। उसकी सेवा यूपी 112 डायल के चालक के पद पर तैनात ओम शुक्ला कर रहे थे। उन्होंने बताया सितंबर 2023 को खुटार पूरनपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बछिया को टक्कर मार दी थी। हादसे में कमर टूट गई थी। तब से वह उसका इलाज करा रहे थे। बुधवार रात बछिया की मौत हो गई। बृहस्पतिवार सुबह उसे दफना दिया। उन्होंने कहा कि बेजुबान पशुओं को पीड़ा न दे। हो सके उनका दर्द समझो और खाने, पिलाने में अहम हिस्सा बनो।

## आंधी-बारिश से हुए नुकसान की शासन को भेजी सर्वे रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले में 30 मई को आई आंधी बारिश में नुकसान का आकलन प्रशासन ने पूरा कर लिया है। 30 मई को जिले में धूल भरी आंधी और उसके बाद बारिश से जहां आम जनजीवन को आसमान से बरसती आग से राहत मिली थी, वहीं पांच लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद डीएम के निर्देशन पर राजस्व विभाग की टीमें व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जनहानि व अन्य नुकसान की रिपोर्ट बनानी शुरू कर दी गई। अब जिला प्रशासन की ओर से आंधी बारिश से नुकसान की रिपोर्ट शासन को भी भेज दी गई है।

जिसमें तिलहर तहसील के गांव कुदरिना की रामरती की दीवार गिरने से मौत का जिक्र किया है। इसके अतिरिक्त तीन मकान की दीवार गिरी है। पुवायां तहसील के करौंदा ब्लाक सिंधौली नरेश सिंह की मृत्यु हुई। सतवां बुजुर्ग के सूरज 8, मुनेश उम्र 12 साल व इन्द्रेश उम्र 35 साल की मृत्यु टीन में दबने से हो गई। वही पेड़ गिरने से तीन पशु की मौत व पांच मकान क्षतिग्रस्त हुए थे।

# वट वृक्ष की पूजा कर सुहागिनों ने पति के लिए मांगा सौभाग्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



वर अमावस्या पर वट वृक्ष का पूजन करतीं सुहागिनें। ● अमृत विचार



कुछ इस तरह वट अमावस्या पर पूजन के लिए पहुंचती रहीं सुहागिनें। ● अमृत विचार

● जिलेभर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई वर अमावस्या, नवविवाहिताओं में दिखा खासा उत्साह

**अमृत विचार :** गुरुवार को ज्येष्ठ अमावस्या को वट अमावस्या के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सुहागिनों ने इसे वर अमावस्या के रूप में मनाया। वर अमावस्या रूपी त्योहार पर सुहागिनों ने उपवास रखकर विधि-विधान से बरगद की पूजा कर अक्षय सुहाग की कामना की। मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बरगद का पूजन करने के लिए सुबह से दोपहर तक महिलाओं की भीड़ जुटी रही। वहीं, तमाम महिलाओं ने बरगद की टहनी मंगवाकर घरों में भी पारंपरिक ढंग से पूजा की।

वर अमावस्या त्योहार मूल रूप से सत्यवान-सावित्री कथा से जोड़कर देखा जाता है। मान्यता है कि इसी दिन सावित्री यमराज से अपने पति सत्यवान से पुत्रवती होने का वरदान पाकर पति को नया जीवन दिला लाई थी। गुरुवार को सुहागिनों ने स्नानादि से निवृत्त होकर पूजा के लिए पारंपरिक ढंग से भोग सामग्री तैयार की। इसके बाद उन्होंने लाल जोड़े में सजधज कर श्रृंगार किया। पूजा की थाली, फल आदि लेकर पड़ोस के उन मंदिरों में पहुंचीं, जहां बरगद का वृक्ष था। परिवार की बड़ी-बुजुर्ग महिलाएं नवविवाहितों को साथ लेकर पूजन के लिए घरों से निकलीं। खासतौर पर चौक स्थित चौकसीनाथ मंदिर, गर्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर, मंडी स्थित गांधी पार्क, बाबा विश्वनाथ मंदिर, कच्चा कटरा मोड़ स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर, रेती, सरायंकाइयां समेत तमाम मंदिरों में पूजा के लिए सुहागिनों की भारी भीड़ जुटी रही। उपवास रखे महिलाओं ने बरगद वृक्ष को जल चढ़ाकर रोली अक्षत से पूजन किया और पूड़ी रूपी टिकियां, मीठी पूड़ी, फल आदि अर्पित कर कच्चा धागा पेड़ पर लपेटते हुए परिक्रमा की। इतनी ही नहीं, सुहागिनों ने पूजन के बाद बरगद के गले मिलकर पति के दीर्घायु की कामना की। कुछ बुजुर्ग महिलाओं ने सावित्री कथा भी बहुओं और बेटियों को सुनाई। पूजन के बाद सभी ने बरगद के फल को निगलकर जल ग्रहण किया और व्रत का परायण किया। घरों में बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया गया।



पारंपरिक ढंग से कच्चा धागा लपेटकर परिक्रमा करतीं सुहागिनें।



बरगद का फल निगलकर जल ग्रहण करती नवविवाहिता।

**कलान।** वर अमावस्या के पर्व पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पति के के दीर्घायु की कामना की। अवसर पर नगर में जगह-जगह बट वृक्ष पर सुहागिन महिलाओं ने पूजा अर्चना कर सुख शांति का पाठ किया।

## दवा स्टोर इंचार्ज समेत नौ कर्मचारियों के दर्ज हुए बयान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कालेज से पिकअप में चोरी की पकड़ी गई सर्जिकल सामग्री मामले में जांच कमेटी ने दवा स्टोर इंचार्ज डॉ. सरोज कुमार समेत नौ लोगों के बयान लिए है। जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार सौपेंगी।

सिक्योरिटी गार्ड ने शनिवार रात 11 बजे मेडिकल कालेज परिसर में पिकअप में लाखों रुपये की सर्जिकल सामग्री बरामद की थी। इसके बाद चालक और एक व्यक्ति पिकअप छोड़कर भाग गए थे। इस मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। कमेटी ने दवा स्टोर के चीफ फामेसिस्ट संदीप बंसल तथा दो कर्मचारियों के बयान ले चुकी है। जांच कमेटी ने गुरुवार को दवा स्टोर इंचार्ज डॉ. सरोज कुमार, चार सुरक्षा गार्ड तथा चार कर्मचारियों के बयान लिए है। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जांच कमेटी अपने स्तर से जांच कर रही है और जांच रिपोर्ट अभी नहीं आई है।

## बंडा पुलिस दर्ज नहीं कर रही हत्या की रिपोर्ट

**पुवायां।** पुवायां थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा चंदू निवासी शिवम उर्फ कल्लू सोमवार की रात आठ बजे अपनी बाइक से घर से निकला था। मंगलवार की सुबह उसे शव पुवायां-बंडा रोड पर बसंतापुर गांव के सामने एक खाई में पड़ा मिला था। उसके शरीर में कई जगह चोट के निशान थे। साथ ही झाड़ी में एक बांका भी पड़ा था। उसकी बाइक और मोबाइल गायब है। मोबाइल स्वीच आफ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोटों के कारण मौत की पुष्टि हुई थी। उसकी मौत को लेकर तमाम प्रकार की चर्चाएं हैं। पुवायां थाना के गांव भटपुरा चंदू निवासी रामबेटी ने बंडा थाने में बुधवार को दी गई तहरीर में बताया कि उसका नाती शिवम कुमार 3 जून की रात आठ बजे बाइक से घर से रिश्तेदारी में गांव शिवनगरा गया हुआ था। चार जून की सुबह आठ बजे उसे सूचना मिली कि उसका नाति टोल प्लाजा के आगे मृत अवस्था में पड़ा था। उसके शरीर में कई गंभीर चोटों के निशान भी थे। बाइक और मोबाइल गायब है। उसका आरोप है कि उसके नाती की किन्ही अज्ञात व्यक्तियों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी है। उसने मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज की जाए। बंडा थाना प्रभारी राकेश मौर्य ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

EXCELLENT IAS ACADEMY
www.excellentias.org
विगत 14 वर्षों की सफलता के साथ.....सिविल सेवा परीक्षा के लिये समर्पित बरेली का सर्वोत्तम संस्थान
अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
IAS/PCS
नये बैच शीघ्र प्रारम्भ
अब रामपुर गार्डन में
उपदेश कुमार (डिप्टी जेलर)
उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा 2023 में चयनित
7983948124, 9935264849
FULLY AC SMART CLASS ROOMS
L/2A35, रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

# ढाबों के आस-पास अफीम बेचने वाले दो तस्कर जेल भेजे

संवाददाता, तिलहर,



तिलहर पुलिस की हिरासत में आरोपी।

**अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तिलहर पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पांच सौ ग्राम अफीम तथा पांच किलो पोस्ता का छिलका बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह को गुरुवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि सरयू पुलिया के निकट मादक पदार्थ तस्कर खड़े है। पुलिस ने घेराबंदी करके दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर कृपाल निवासी डहरपुर खुर्द थाना दातागंज जिला बदायूं तथा संतराम निवासी कंजा चक्रपुर थाना भूता जिला बरेली है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से पांच सौ ग्राम अफीम तथा पांच किलोग्राम पोस्ता का छिलका तथा 360 रुपये बरामद किए है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि ढाबों के आस-पास अफीम बेचते है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक अनुज कुमार, प्रमोद कुमार तथा मोहित कुमार आदि थे।

## सट्टे की पर्ची समेत सटोरिया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कटरा पुलिस ने एक सटोरिये को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सट्टे की पर्ची, 265 रुपये और तमंचा बरामद किया है। कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी को गुरुवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि खैरपुर रामलीला ग्राउंड के निकट एक सटोरिया सट्टे की पर्ची लगवा रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया सटोरिया नूरुल हसन निवासी खैरपुर थाना कटरा है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, सट्टे की पर्ची तथा 265 रुपये बरामद किए है। अभियुक्त पर पहले से दो मुकदमें जुआ अधिनियम के दर्ज है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। टीम में सुजीत कुमार, सिपाही सतीश कुमार, आरजू थे।

# शहीद संग्रहालय में व्यापारियों ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




शहीद संग्रहालय परिसर में पौध रोपित करते व्यापारी एवं समाजसेवी। ● अमृत विचार

● समाजसेवियों का मिला सहयोग, भविष्य में भी मुहिम जारी रखने का संकल्प

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल एवं एहसास सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में छावनी एरिया स्थित शहीद संग्रहालय परिसर में पौध रोपित की। इस मौके पर व्यापारी नेताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौध रोपित करने पर जोर दिया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सौमित्र गुप्ता ने कहा कि विकास की अंधी दौड़ में जिस तरह से वृक्षों को काटा जा रहा, उससे ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि ज्यादा से ज्यादा पौध रोपित कर पर्यावरण को शुद्ध रखा जाए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन ने कहा कि व्यापार मंडल भविष्य में पौधारोपण मुहिम चलाता रहेगा। एहसास सोशल वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक असलम खान ने कहा हमारी संस्था सामाजिक कार्यों के साथ समाज में जरूरतमंदों की मदद भी करती आ रही है। भविष्य में और अधिक पौध रोपित कराई जाएगी। पौध रोपित करने वालों में व्यापार मंडल के युवा ज़िला अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, महानगर उपाध्यक्ष श्याम मोहन मिश्रा, आबिद हसन खां, कोषाध्यक्ष सुमित पूरी आदि मौजूद रहे।

PLACEMENT WITH
12-18 LACS CTC
IS HABIT HERE
FUTURE
Learn · Assimilate · Transcend
BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm.
BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed
Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray
Tech./ OT Tech./ Optometry
Shahjahanpur : Near Kapoor Motors Store, Sadar Bazar Ph.: 9105050225
Lakhimpur : Near YDPG College, Below Gurukul Library Ph.: 9519746040
Gola : Cinema Road, Near Anil Printers Ph.: 8765805042
Jalalabad : Near S.S. mart Bareilly Road, Ph.: 7054100556
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9105050222 | www.futureinstitutions.org

तैयारी

**बैकफुट पर आए बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की मांग पर अब सिम खरीदने की प्रक्रिया हुई तेज**

# स्कूल खुलने पर मिल जाएंगे टैबलेट के सिम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● शिक्षकों-छात्रों की उपस्थिति, एमडीएम-यूनिफार्म वितरण भी होगा शामिल

● अब तक बांटे गए 3808 टेबलेट्स के लिए खरीदे जा रहे हैं सिम, नेटवर्क सर्वे शुरू

**अमृत विचार :** जिले के परिषदीय विद्यालयों में दिए गए टेबलेट के संचालन का हल निकल चुका है। अब शिक्षकों की मांग पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 3808 सिम खरीदने की प्रक्रिया तेज हो गई है। जिले में क्षेत्रवार नेटवर्क का सर्वे कराया जा रहा है। जिस क्षेत्र में जिस कंपनी का नेटवर्क सही कार्य कर रहा होगा, उसी हिसाब से सिम की खरीद की जाएगी। इधर, इसको लेकर लंबे समय से शिक्षक विरोध कर रहे थे।

अफसरों के मुताबिक महानिदेशक समग्र शिक्षा ने परिषदीय स्कूलों की सभी गतिविधियों का डिजिटलीकरण करने का निर्णय लिया है। इसमें स्कूलों में बनने वाली 12 प्रकार की सभी पंजिकाओं का डिजिटलीकरण होगा। इस प्रक्रिया में शिक्षक, छात्र उपस्थिति, एमडीएम, यूनिफार्म समेत अन्य क्रियाकलाप सम्मिलित किए गए हैं, ताकि परिषदीय स्कूलों की स्थिति में सुधार और शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। हालांकि पहले शिक्षकों ने इसका विरोध किया था। उनका कहना था कि वह अपने मोबाइल से उपस्थिति और विद्यालय की लोकेशन डाउनलोड नहीं करेंगे। शिक्षकों की मांग थी कि अगर सरकार डिजिटलीकरण करना चाहती है, तो स्कूलों को टैबलेट्स और सरकारी सिम उपलब्ध कराए जाएं। इसी बात को लेकर महानिदेशक के निर्णय का काफी विरोध किया गया। शिक्षकों के विरोध को देखते हुए बीते शैक्षिक सत्र में प्रथम चरण में जनपद के प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में 30808 टैबलेट्स का वितरण कर दिया गया था। बावजूद शिक्षकों ने सिम की मांग दोहराते हुए टैबलेट्स एक्टिवेट नहीं किए।

हालांकि दबाव पड़ने पर और कार्यवाही के डर से कई स्कूलों में काम शुरू कर दिया था, लेकिन अधिकांश शिक्षकों ने टैबलेट्स पर काम अभी भी शुरू नहीं किया। इसी बीच चुनाव आचार संहिता लग जाने और स्कूलों में ग्रीष्मावकाश शुरू हो जाने से प्रक्रिया थोड़ी ढीली पड़ गई। अब पता चला है कि सिम की खरीद के लिए बीएसए को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से अपने क्षेत्र में कंपनियों के नेटवर्क की स्थिति से अवगत कराने को कहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल खुलते ही सभी को सिम उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

### कलान क्षेत्र के शिक्षकों मांगे बीएसएनएल सिम

बीएसएनएल का नेटवर्क सबसे कमजोर माना जाता रहा है। इसीलिए प्राइवेट कंपनियों ने अपना नेटवर्क फैलाते हुए बाजार पर कब्जा कर रखा है। जिले में किसी क्षेत्र में एयरटेल, तो कहीं जियो और अन्य निजी कंपनियों का नेटवर्क अच्छा माना जा रहा है। बताया जाता है कि कलान क्षेत्र काफी इंटीरियर माना जाता है, इसलिए वहां बीएसएनएल का नेटवर्क बहुत अच्छा काम नहीं कर रहा है। शायद इसीलिए कलान क्षेत्र के अधिकांश शिक्षकों ने बीएसएनएल के सिम की मांग की है, ताकि यह कहा जा सके कि सिम काम नहीं कर रहा है और नेटवर्क काफी स्लो है। अन्य क्षेत्रों के शिक्षकों ने जियो और एयरटेल को वरीयता दी है। फिलहाल विभिन्न कंपनियों के सिम के लिए क्षेत्रवार नेटवर्क का सर्वे कराया जा रहा है।



परिषदीय स्कूलों का डिजिटलीकरण करने के लिए जिले में 3808 टैबलेट्स बांटे जा चुके हैं। शीघ्र ही पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में भी टैबलेट्स का वितरण होने की संभावना है। जहां टैबलेट्स पहुंच गए हैं, उन्हें सिम उपलब्ध करा दिए जाएंगे। ग्रीष्मावकाश के बाद सिम बांटने का प्रयास किया जाएगा। तैयारी चल रही है। क्षेत्रवार नेटवर्क का सर्वे कराया जा रहा है। जिस कंपनी का नेटवर्क अच्छा होगा, उसी कंपनी के सिम खरीदे जाएंगे।

– **रणवीर सिंह**, बीएसए

## किशोरी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि नौ अप्रैल की शाम छह बजे उसकी 17 वर्षीय पोती घर से किसी काम से निकली थी। वह रात आठ बजे वापस नहीं आई तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। परिवार वाले दो दिन से उसकी तलाश कर रहे थे। पता चला कि हरदोई जिले का ऋषिकांत उसकी पोती को अगवा करके ले गया है। आरोपी का उसके गांव में रिश्तेदारी में आना जाना था। परिवार वाले दोनों की तलाश करते रहे और नहीं मिले। एसओ रोहित सिंह ने बताया कि आरोपी ऋषिकांत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL
Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2024-25
LL.B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
8630182679, 7983811321
9411472001, 9690263708 & 9837485855
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## आज का मौसम

आसमान साफ रहेगा।

| 39.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### बसपा प्रत्याशी ने महज चार लाख 31 हजार रुपये का दिया ब्यौरा, अफसर बोले- अभी अंतिम तीन दिन का लेखाजोखा आना शेष

# 95 लाख थी एक प्रत्याशी की खर्च सीमा....आधे में निपट गए सभी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **निर्धारित 95 लाख की सीमा से बहुत कम खर्च किया लोकसभा के सभी प्रत्याशियों ने**
- **भाजपा प्रत्याशी ने 25 लाख 89 हजार तो सपा प्रत्याशी ने खर्च किए 14 लाख नौ हजार रुपये**



**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में खर्च की सीमा आयोग ने 95 लाख रुपये निर्धारित की थी। लेकिन चुनाव लड़ने वाले जिले के सभी प्रत्याशी इसकी महत पचास फीसदी धनराशि में सिमट गए।

आंकड़ों की बात करें तो भाजपा प्रत्याशी सबसे आगे हैं, नौ मई तक भाजपा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर ने 25 लाख 89 हजार रुपये खर्च किया है। उनका यह खर्च सपा और बसपा प्रत्याशी से काफी ज्यादा है, लेकिन निर्धारित सीमा से बहुत कम है। अंतिम तीन दिन के खर्च का ब्योरा देना शेष है। 29 जून को व्यय प्रेक्षक दोबारा आएंगे, जिसके बाद अंतिम तीन दिन के खर्च का ब्योरा भाजपा प्रत्याशी देंगे। इसी तरह सपा प्रत्याशी ने लगभग 14 लाख नौ हजार रुपये और बसपा प्रत्याशी ने मात्र चार लाख 31 हजार रुपये खर्च किए हैं। चुनाव आयोग की ओर से एक लोक सभा प्रत्याशी के खर्च की सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित की गई है, लेकिन सभी प्रत्याशियों ने इस सीमा से बहुत कम खर्च किया है। सभी प्रमुख चार प्रत्याशियों ने कुल 4508419 रुपये चुनाव में खर्च किए। इनमें मानव क्रांति पार्टी के रमेश चंद्र वर्मा ने 77810 रुपये खर्च किए हैं।

### ददरौल में सपा प्रत्याशी खर्च में आगे

ददरौल विधानसभा उपचुनाव में सपा के अवधेश कुमार वर्मा खर्च में आगे रहे हैं। उन्होंने 1442359 रुपये खर्च किए हैं। जबकि भाजपा के अरविंद कुमार सिंह 877203 रुपये और बसपा के सर्वेश चंद्र मिश्रा ने 384492 रुपये खर्च किए हैं। अब इन प्रत्याशियों को फाइनल लेखा जोखा मतगणना के 27वें दिन व्यय प्रेक्षक के समक्ष रखना होगा। जिसकी जांच की जाएगी। अगर इसमें कोई कमी रह जाती हैं तो अगले तीन साल तक प्रत्याशी चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित भी हो सकते हैं।

### विधानसभा चुनाव में 80 लाख पहुंच गया था आंकड़ा

लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने महज 25 लाख रुपये खर्च किए। वहीं, बीते विधानसभा चुनाव के आंकड़ों की बात करें तो अकेले भाजपा प्रत्याशियों ने 80 लाख रुपये चुनाव रैली, जनसभा आदि पर खर्च किए थे। इतना ही नहीं भाजपा के अलावा अन्य दलों की स्थिति भी इस लोकसभा चुनाव में खर्च की गई धनराशि के अपेक्षा काफी अधिक थी। लोकसभा चुनाव में महज 45 लाख रुपये सपा, बसपा, भाजपा समेत सभी दलों के नेताओं ने खर्च किए।

### ददरौल विधानसभा उपचुनाव के दौरान प्रत्याशियों का खर्च विवरण

| | |
|---|---|
| अवधेश कुमार वर्मा (सपा) | 1442359 |
| अरविंद कुमार सिंह (भाजपा) | 877203 |
| सर्वेश चंद्र मिश्रा (बसपा) | 384492 |
| रामपाल (राष्ट्रीय स्वतंत्र गणतंत्र पार्टी) | 74658 |
| स्वयं प्रकाश कौशल (नेताजी सुभाषचंद्र बोस राष्ट्रीय आजाद पार्टी) | 12070 |
| देवेश कुमार (निर्दलीय) | 23818 |
| राशिद खां (निर्दलीय) | 23818 |
| अजीत शुक्ला (निर्दलीय) | 11018 |
| सकल योग- | 2849436 |

### लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों का खर्च विवरण

- अरुण कुमार सागर (भाजपा) 2589391
- ज्योत्सना गोंड (सपा) 1409595
- दोदराम वर्मा (बसपा) 431623
- रमेश चंद्र वर्मा (मानव क्रांति पार्टी) 77810
- सकल योग- 4508419

### विधानसभा प्रत्याशियों का चुनाव खर्च 2022

| | |
|---|---|
| 16.31 | ददरौल |
| 13.62 | पुवायां |
| 12.80 | तिलहर |
| 10.04 | जलालाबाद |
| 9.81 | शाहजहांपुर |
| कुल - 80.27 | लाख |

> लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के खर्च का ब्योरा आयोग को भेज दिया है। फाइनल खर्च का ब्यौरा अब 27वें दिन व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रत्याशी पेश करेंगे। अगर उसमें कोई खामी मिलती है तो प्रत्याशी को तीन साल के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। **-अमरेश बहादुर पाल**, वरिष्ठ कोषाधिकारी

# हाईवे पर गोवंश से टकराने के बाद यात्रियों से भरी बस पलटी, 15 घायल, दो पशुओं की मौत

### देहरादून जा रही थी बस, नेशनल हाईवे पर सरऊ पुलिया से उतरते समय बुधवार रात दो बजे हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे पर बुधवार रात करीब दो बजे सरऊ पुलिया से उतरते समय डबल डेकर बस दो गोवंशीय पशु को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना के बाद दोनों गोवंश पशुओं की मौत हो गई, जबकि बस में सवार दंपती समेत 15 यात्री घायल घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं घटना के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा। पुलिस ने बस को हटवाकर रास्ता साफ कराया, तब यातायात सामान्य हुआ।

राजस्थान के सीकर निवासी चालक नरेंद्र कुमार लखनऊ से गुरुवार रात यात्रियों को डबलडेकर बस में बैठाकर देहरादून जा रहा था। बस में लगभग 35 यात्री सवार थे और साथ में राजस्थान के झुंझुनू निवासी दूसरा चालक शुभकरन और लखनऊ निवासी परिचालक रौनक अली थे। रात करीब दो बजे बस नेशनल हाईवे पर तिलहर क्षेत्र में सरऊ पुलिया


तिलहर में हाईवे पर सरऊ पुलिया के पास पलटी पड़ी बस। ● अमृत विचार

- **घटना के बाद जाम में फंसे वाहन, पुलिस ने बस हटवाकर रास्ता कराया साफ**

के पास पहुंची, तभी पुलिया से नीचे उतरते ही अचानक सामने से गाय और बछिया आ गई। जिस बचाने के चक्कर में चालक ने अचानक ब्रेक लिए लेकिन बस अनियंत्रित हो गई और गोवंशीय पशुओं को टक्कर मारने के साथ ही हाईवे पर पलट गई। इससे बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। रात का समय होने की वजह से हाईवे पर गुजरने वालों की संख्या दिन की अपेक्षा कम थी। कुछ लोग तो ऐसे थे, जो हादसे को देखते हुए गुजर गए और कुछ रहमदिल मौके पर रूक गए और उन लोगों ने बस में चीख पुकार मचा रहे यात्रियों को बचाने का काम शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और एंबुलेंस से 15 घायलों को तिलहर सीएचसी भेजा गया। जबकि मामूली घायलों को दूसरी बस से रवाना कर दिया गया। वहीं अस्पताल पहुंचने पर घायलों को मरहम पट्टी करने के बाद छुट्टी दे दी गई। इधर, घटना स्थल पर धीरे-धीरे वाहनों की लंबी लाइन लगती चली गई। करीब एक घंटे बाद क्रेन से बस को सीधा कराकर मौके से हटवाया गया, तब फिर यातायात सुचारू हुआ। चालक ने बताया कि उसके पास क्रेन वाले को देने के लिए रुपये नहीं थे, इसलिए क्रेन वाला बैटरा लेकर चला गया।

### घायलों में सबसे अधिक लखनऊ के यात्री शामिल

घायलों में सीतापुर के मोहल्ला कटरा खैराबाद का 26 वर्षीय अमन मिश्रा पुत्र संतोष कुमार मिश्रा, लखीमपुर खीरी के अर्जुनपुरवा मौर्या कॉलोनी की 30 वर्षीय काजल रस्तोगी पुत्री योगेंद्र कुमार रस्तोगी, 51 वर्षीय सिम्पी रस्तोगी पत्नी योगेंद्र कुमार रस्तोगी, लखीमपुर खीरी के कीरथ नगर की ऑफीसर्स कॉलोनी की 54 वर्षीय कल्पना वर्मा पत्नी विजय प्रताप वर्मा, 20 वर्षीय विनायक वर्मा पुत्र विजय प्रकाश वर्मा, लखनऊ की 23 साल की श्वेता सिंह पुत्री कमल, 22 साल की तनिश कनौजिया पुत्र राजेश कनौजिया, 49 वर्षीय सुनीता पत्नी मुकेश, 40 वर्षीय सोनलाल शर्मा, 10 वर्षीय अभिलाषा शर्मा पुत्री मनोज शर्मा, 41 वर्षीय मनोज पुत्र ओमप्रकाश, आसियाना लखनऊ की 39 वर्षीय प्रीती सिंह पत्नी योगेश सिंह, 40 वर्षीय योगेश सिंह पुत्र हंसराज सिंह, तालकटोरा लखनऊ निवासी 20 वर्षीय एकता कनौजिया पुत्री राजेश, लखनऊ सिटी निवासी 49 वर्षीय नवीना पत्नी दीपेंद्र सक्सेना शामिल हैं।

### हाईवे किनारे गोवंशीय पशु को दफनाया

बस सवार यात्रियों के मुताबिक रात करीब दो बजे बस जैसे ही सरऊ पुलिया के पास पहुंची तभी अचानक सामने से गाय और बछिया आने पर चालक को अचानक ब्रेक लेने पड़े। इस बस अनियंत्रित हो गई और गंभीर रूप से घायल दोनों गोवंशीय पशुओं ने मौके पर दम तोड़ दिया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भेजने के बाद मृत दोनों गोवंश को हाईवे किनारे गड्ढा खुदवाकर उसमें दफन करा दिया।

> नेशनल हाईवे पर बुधवार रात करीब दो बजे सरऊ पुलिया से उतरते समय डबल डेकर बस दो गोवंशीय पशुओं को बचाने चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इस घटना के बाद दोनों गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई, जबकि बस में सवार 15 यात्री घायल घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। **-विशाल प्रताप सिंह**, कोतवाल तिलहर

## प्राइवेट बस पिकअप से टकराई सड़क किनारे पलटने से बची

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** नेपाल से दिल्ली जा रही यात्रियों से भरी बस खुटार मैलानी मार्ग पर गांव सरेली मोड़ के पास बृहस्पतिवार रात करीब 10:15 बजे पिकअप से टकरा गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि सड़क किनारे पलटने से बच गई और बस में सवार करीब 60 यात्रियों की जान जाने से बच गई। लेकिन करीब 16 यात्री मामूली चोटिल हो गए हैं। पुलिस ने बस और पिकअप को कब्जे में ले लिया है। हादसे की सूचना पाकर तमाम ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके अलावा पुलिस यात्रियों को दूसरी बस उपलब्ध कराने के लिए बस के मालिक से संपर्क साधने का प्रयास करती रही और बस चालक भी मामले को टालता रहा। लेकिन देर रात तक यात्रियों को दूसरी बस उपलब्ध नहीं हो पाई। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे नेपाल से प्राइवेट बस में सवार होकर प्रांत दिल्ली के आनंद विहार जा रहे थे। बस में करीब 60 यात्री थे। उसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी शामिल हैं। रात करीब 10:15 बजे खुटार मैलानी मार्ग पर सरेली मोड़ के पास बस ने पिकअप के पीछे से टक्कर


- **खुटार मैलानी मार्ग पर गांव सरेली मोड़ पर हुआ हादसा**

मार दी। इससे बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि पिकअप भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सभी यात्री काम करने दिल्ली जा रहे थे।

यात्रियों ने बताया कि बस का चालक किसी से फोन पर बात करने लगा। इससे बस अनियंत्रित होकर पिकअप से टकरा गई और यह हादसा हो गया। बस में सवार कई लोग घायल हुए हैं। लेकिन इलाज के लिए अस्पताल नहीं भेजा गया। यात्री दूसरी बस आने का कई घंटे से सड़क किनारे बैठकर इंतजार करते रहे।

थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि बस और पिकअप के एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। बस में सभी सवार यात्री सुरक्षित हैं। दोनों बाहनों को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### टॉपर वाले संत के अनुज वैद्यराज का निधन

**शाहजहांपुर :** प्रख्यात संत त्यागी जी महाराज (टॉपर वाले बाबा) के छोटे भाई वैद्यराज श्याम लाल मिश्र का 27 मई को निधन हो गया। उनका दसवां संस्कार सात जून को तेरहवीं आठ जून को टॉपर गांव स्थित पैतृक आश्रम में होगी। वैद्यराज के पुत्र अटल बिहारी मिश्र ने बताया कि 100 वर्षीय उनके पिता प्रख्यात वैद्य थे।

### बिस्मिल जयंती 11 को

**शाहजहांपुर :** रचनात्मक संस्था संकल्प के तत्वावधान में अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल की 127वीं जयंती 11 जून को मनाई जाएगी। संस्था के संस्थापक डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि जयंती समारोह बिस्मिल उद्यान खिरनी बाग में प्रातः सात बजे से आठ बजे तक होगा, जिसमें अमर शहीद को हवन, पुष्पांजलि एवं भावांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

### तिलाहिया ने हरसीपुर को दी करारी शिकस्त

**मिर्जापुर।** हरिहरपुर में चल रहे एचपीएल टूर्नामेंट में गुरुवार को तिलाहिया और हरसीपुर के बीच मैच खेला गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरसीपुर की टीम ने 10 ओवर में 67 रन बनाए और आल आउट हो गई। जवाब में उतरी तिलाहिया की टीम ने करारी शिकस्त दी। आठवें ओवर में 68 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। तिलाहिया के अन्नू को मैन ऑफ द मैच की ट्राफी दी गई। इस दौरान अनुराग यादव, संदीप कुमार, राहुल, सोहित, यशपाल, रीतेश, मधुर, रुचित आदि मौजूद रहे।

### युवती की डूबने से हुई मौत

**शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र के गांव कमलापुर के किनारे नहर में एक अज्ञात युवती का शव बुधवार को मिला था। उसकी उम्र लगभग 25 साल रही होगी। युवती गुलाबी रंग की मैक्सी और काले रंग की सलवार पहने हुए थी, जिस पर सफेद रंग की पट्टी थी। शरीर में चोट के निशान नहीं थे। जानकारी मिलने पर पहुंची कटरा पुलिस ने अज्ञात युवती को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने की काफी कोशिश की। इसके बाद जब उसका कुछ पता नहीं चला तो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसकी डूबने से मौत हुई है। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं है। शव पांच दिन पुराना बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि युवक की शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## जमीन में गड़ा धन निकालने के नाम पर दस लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** जमीन में गड़ा धन निकालने का लालच देकर दस लाख की ठगी कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने ठगी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में एक मार्च को तीन नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुवायां के गांव सुनारा बुजुर्ग के कनीत उर्फ अमित पुत्र जीवनलाल ने बताया कि उसको जमीन में गड़े धन को निकालने का लालच देकर दस लाख की ठगी सुनील पुत्र रामवीर निवासी टिकरा थाना उसहैत दातागंज बदायूं, मनोज पुत्र चंद्रपाल आधीदेई कलान शाहजहांपुर, दिनेश निवासी टनकपुर व इनके कुछ साथियों ने की थी। इन तीन लोगों के साथ ही एक अज्ञात के खिलाफ उन्होंने मुकदमा


पुलिस ने ठगी करने के आरोपी पप्पू व अशोक को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

दर्ज कराया था। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद एसआई प्रमोद कुमार ने मामले की विवेचना शुरू की।

विवेचना के दौरान दरोगा प्रमोद कुमार ने प्रकाश में आए दो अन्य आरोपियों पप्पू उर्फ नंदकिशोर पुत्र मूलचंद निवासी बरखेड़ा पीलीभीत का हाल पता मोहल्ला जयसंतरी पीलीभीत और अशोक जोशी पुत्र मटरू लाल निवासी मोहल्ला बमनपुरी पहाड़ी गेट गंज रामपुर का नाम मुकदमा में बढ़ाकर दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

पांच मई को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ठगी के आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल प्रदीप कुमार राय, दरोगा प्रमोद कुमार और सिपाही धीरेंद्र प्रताप शामिल थे।

## खेत पर लगा पंपिंग सेट चोरी, पीलीभीत के दो लोगों पर शक

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव भरकलीगंज में रहने वाले तसव्वर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव के किनारे उनके खेत हैं। जिसमें पंपिंग सेट लगी हुई थी। कुछ लोग खेत में लगी पंपिंग सेट को चोरी कर ले गए। सुबह जब वह भरकलीगंज स्थित अपने खेत पर पहुंचे तो उन्हें खेत में लगी पंपिंग सेट गायब होने की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने मामले की तहरीर थाने पर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने बताया कि उन्हें शक है कि पीलीभीत जनपद के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के निवासी दो लोग उनके खेत से पंपिंग सेट चोरी कर ले गए। उन्होंने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज का कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

## थाना प्रभारी के खिलाफ भाकियू का भड़का गुस्सा, एसपी से मिलने पैदल निकल पड़े

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

- पहले सीओ पुवायां कार्यालय पर दिया धरना, मांग नहीं मानी तो एसपी से मिलने चल दिए शाहजहांपुर
- अधिकारियों के फूले हाथ-पांव, रास्ते में रोक कर की मान मनौव्वल, कार्रवाई का आश्वासन देकर किया शांत
- मतदान बहिष्कार के आरोप में यूनियन कार्यकर्ता पर बंडा थानाध्यक्ष ने मुकदमा लिखकर भेज दिया था जेल

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार के आरोप में बंडा पुलिस की ओर से भाकियू भानु गुट कार्यकर्ता पर कार्रवाई किए जाने और जिलाध्यक्ष से अभद्रता किए जाने पर कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क गया। बंडा थाना प्रभारी को निलंबित किए जाने की मांग को लेकर सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पुवायां सीओ कार्यालय परिसर में नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। यहां बात नहीं मानी गई तो एसपी से मिलने के लिए पैदल ही जिला मुख्यालय के लिए कूच कर दिया। अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। अधिकारियों ने रास्ते में रोक कर भाकियू नेताओं की मान मनौव्वल की। कार्रवाई का आश्वासन देकर बमुश्किल शांत किया।

किसान यूनियन का आरोप है कि थाना प्रभारी ने चुनाव में मतदान बहिष्कार करने के आरोप में किसान यूनियन के कार्यकर्ता को बिना जांच किए ही मुकदमा लिखकर जेल भेज दिया था। जानकारी होने पर जब यूनियन के जिलाध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह यादव को हुई तो वह थाने गए और बिना जांच किए कार्रवाई का विरोध जताया। आरोप है कि थानेदार ने उनके साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसी बात से नाराज किसान यूनियन के सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, सभी लोग बंडा इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यादव व जिला संगठन मंत्री संत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सीओ पुवायां कार्यालय परिसर में धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

जब यहां पर उनकी मांग नही मानी गई तो किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने शाहजहांपुर के लिए कूच कर दिया। भाकियू भानु के कार्यकर्ताओं की मांग थी कि थानाध्यक्ष बंडा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें लाइन हाजिर किया जाए। किसान यूनियन के पदाधिकारियों का आरोप था कि बंडा थानाध्यक्ष ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया है। जिला मुख्यालय कूच किए जाने की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए।

तहसीलदार मनोज कुमार, इंस्पेक्टर प्रदीप राय पुलिस बल के साथ किसानों को शाहजहांपुर जाने से रोकने के लिए चल दिए। तब तक भाकियू कार्यकर्ता पुवायां से चार किलोमीटर दूर बड़ागांव निकल चुके थे। हाइडिल के आगे मैरिज लॉन के पास प्रशासनिक अधिकारियों ने भाकियू नेताओं और कार्यकर्ताओं रोक लिया। भाकियू नेता और कार्यकर्ता बंडा थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए थे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद जब प्रशासनिक अधिकारियों ने भाकियू नेताओं को आश्वस्त किया कि कार्रवाई की जाएगी तब किसान शांत हुए और लौट गए।


भाकियू जिलाध्यक्ष से वार्ता करते पुवायां तहसीलदार मनोज कुमार सिंह।


शाहजहांपुर के लिए पैदल कूच करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### सीओ को सौंपी गई जांच

एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि किसान यूनियन के पदाधिकारियों की शिकायत पर मामले की जांच सीओ पुवायां को सौंपी गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेनों में चोरों ने महिला यात्रियों के बैग व सूटकेस चुराया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **हीरे की अंगूठी, हजारों की नगदी, एटीएम समेत लाखों का सामान था सूटकेस में**

अमृत विचारः चोरों ने दो ट्रेनों में एक महिला का बैग और एक सूटकेस चुरा लिया। दोनों यात्रियों ने जीआरपी थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला ब्रज बिहार कालोनीकी वैशाली मिश्रा ने बताया चार जून को देहरादून-गोरखपुर एक्सप्रेस से एसी कोच में सफर कर रही थी। वह देहरादून से शाहजहांपुर आ रही थी। ट्रेन रात आठ बजे पहुंची तो वह कोच में बाथरूम चली गयी। वापस आई तो बैग गायब था। कोच में बैग तलाशने पर नहीं मिला। वैशाली ने बताया बैग में पांच हजार रुपये, एक डायमंड अंगूठी, दो एटीएम कार्ड, पेनकार्ड आदि सामान था। उन्होंने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

इधर गाजियाबाद के धर्मनाथ महतो ने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सात मई को वह परिवार के साथ ट्रेन संख्या 12523 से एसी कोच में सफर कर रही थी। छपरा से नई दिल्ली का सफर कर रहा था। उसकी सुबह छह बजे नींद खुली तो देखा कि बर्थ के पास रखा सूटकेस गायब था। उन्होंने कोच के अंदर सूटकेस को तलाश किया और नहीं मिला। उन्होंने बताया कि सूटकेस में 25 हजार रुपये, एक चेक बुक तथा कपड़े थे। उन्होंने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों मामलों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई और विवेचना की जा रही है।

## मेहनताना मांगने पर श्रमिक को लाठी-ड़ंडों से पीटा

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** खेत की जुताई करने के बाद रुपये मांगने पर श्रमिक की लाठी-ड़डे से पिटाई कर दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर जगतपुर के रहने वाले रमाकांत उर्फ सागर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने गांव के ही धर्मेंद्र, छेदा लाल के गन्ने की जुताई अपने बैलों के हल से की। जिसकी जुताई के 600 रुपये बने। कई बार रुपये मांगे गए लेकिन टालमटोल की जाती रही। गुरुवार को रुपये देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर हमला कर लाठी डंडे से पिटाई कर दी गई। कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

## श्रम विभाग ने छापेमारी कर तीन बाल श्रमिक मुक्त कराए

संवाददाता, तिलहर

- **बाल श्रम प्रतिरोध अभियान में शामिल टास्क फोर्स ने तीन प्रतिष्ठानों पर मारा छापा**

**अमृत विचार:** बाल श्रम प्रतिरोध अभियान में लगी टास्क फोर्स ने गुरुवार को बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान चलाकर तीन बाल श्रमिक चिन्हित किए गए। इन्हें मुक्त कराते हुए इनसे काम कराने वाले प्रतिष्ठान संचालकों पर कार्रवाई के लिए आख्या तैयार कर मुक्त कराए गए सभी बच्चों को बाल श्रम समिति के समक्ष पेश किया। जहां से बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

गुरुवार को बाल श्रम अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में नगर में टीम ने सबसे पहले दरियागंज चौराहा के पास हसीन चिकन शॉप पर छापा मारा। यहां एक किशोर काम करते मिला। इसके बाद न्यू डीसेंन्ट टेलर मौजमपुर में भी पहुंची टीम ने एक किशोर काम करते पकड़ा। वहीं, नगर में गुप्ता ट्रेडर्स रेडीमेड गारमेंट शोरूम पर पहुंची टीम देख अफरा-तफरी मच गई।

यहां भी एक किशोर को काम करते पकड़ा। तीनों किशोर को बाल श्रम अधिकारी अपने साथ बाल कल्याण समिति शाहजहांपुर लेकर गए। इधर, छापेमारी की सूचना से नगर में हड़कंप मच गया और नगर की दुकानों के शटर धड़ाधड़ गिर गए। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया बाल श्रम अधिकारी राजेश कुमार नेतृत्व में नगर में छापेमारी की गई, जिसमें कांस्टेबल सोमपाल को टीम के साथ भेजा गया।

# अव्यवहारिक है तंबाकू, पान मसाला का नया कानून

## व्यापार मंडल ने दोनों की बिक्री अलग अलग करने का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर।



कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

● मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर की शासनादेश निरस्त कराने की मांग

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। उन्होंने पान मसाला एवं तंबाकू अलग-अलग रखने के आदेश पर चिंता जाहिर करते हुए इसे लेकर जारी किए गए आदेश को पूर्ण रूप से अव्यवहारिक बताते हुए निरस्त कराने की मांग की।

जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने कहा कि सरकार की ओर से पान मसाला व तंबाकू की बिक्री अलग-अलग दुकानों से किए जाने के अध्यादेश तत्काल वापस लिया जाना चाहिए क्योंकि यूपी में लाखों छोटे-छोटे फुटकर व्यापारी जो नगर, कस्बे, तहसीलों की बाजारों में चौराहों व नुक्कड़ों पर खोखे लगाकर छोटी-छोटी दुकानों से माल बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। यह अध्यादेश ऐसे व्यापारियों के लिए घातक होगा। वजह यह है कि छोटा व्यापारी दूसरी दुकान अलग से नहीं कर सकता और यह दोनों आइटम एक ही जगह से बिक सकते हैं। इस आदेश से भ्रष्टाचार भी बढ़ेगा और इन छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न बढ़ जाएगा। पुलिस व अन्य अधिकारियों के भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल सकता है। एक सुर में व्यापारी नेताओं ने कहा कि इस तरह की दुकानें शहर के हर चौराहे और नुक्कड़ पर है। गरीब वर्ग के व्यापारी मेहनत करके परिवार का पालन पोषण कर रहे है। अलग-अलग दुकान किए जाने से उनकी रोजी रोटी छिन जाएगी। पान मसाला और तंबाकू एक साथ बेचने वाली दुकानदारों को फूड लाइसेंस लेना पड़ेगा। जिससे कि कई बार उनको सरकारी विभागों के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

इसलिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मांग करता है कि जो नया नियम लागू किया है उसको निरस्त किया जाए। ज्ञापन देने वालों में नाजिम खान, संजीव राठौर, नीरज गुप्ता, सुरेंद्र सेठी,मुकेश गुप्ता,राजीव गुप्ता, रोहित अग्रवाल, शकील अहमद ,मोहम्मद रफी ,अमित पांडे ,शहबाज खान, अभिषेक मोहन, शाहिद आदि मौजूद रहे।

## पचास लीटर शराब बरामद

**रौसरकोठी।** आबकारी निरीक्षक सदर सौरभ कुमार व आबकारी निरीक्षक तिलहर गिरिजेश कुमार स्टाफ के साथ अजीजगंज, अब्दुलागंज, तिलहर, निगोही, खुदागंज आदि स्थानों पर दबिश देकर 50 लीटर कच्ची शराब तथा 200 किलोग्राम लहन बरामद की है। पुलिस ने लहन को नष्ट करा दिया। टीम में त्रिलोचन सिंह, राजेंद्र सिंह, राहुल तिवारी, रोहित सिंह, संदीप सिंह, गायत्री देवी, रजनी वर्मा थे।

## बरेली और बदायूं के दो तस्कर पकड़े, एक किलो अफीम बरामद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● पुलिया के पास सुबह साढ़े दस बजे पुलिस ने पकड़े तस्कर

**अमृत विचारः** कटरा पुलिस ने बाबूपुर बुजुर्ग नहर की पुलिया के पास से दो तस्करों को गिरफ्तार किया। तालाशी में इनके कब्जे से एक किलो अफीम और बाइक बरामद की है।

प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो मादक पदार्थ तस्कर नहर की पुलिया के पास खड़े हैं और किसी का इंतजार कर रहे है। घेराबंदी कर दोनों तस्करों को दबोच लिया। पकड़े गए तस्कर संजीव निवासी कंजा चक्रपुर थाना भुता बरेली और केशव राम निवासी बरियारपुर थाना दातागंज जिला बदायूं है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक किलोग्राम अफीम तथा एक बाइक बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि बरेली से लेकर आते और ढाबों के आस-पास अफीम बेच देते है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक इतेश तोमर, हेकां अशोक कुमार, सिपाहीं अंकित नेहरा, प्रवीण शर्मा थे।

## मूर्ति तोड़ने का वीडियो फेसबुक पर किया अपलोड

**खुटार, अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा ने पुलिस को बताया कि चार जून को फेसबुक आईडी संचालक फिरोज खान ने अपनी फेसबुक आईडी से एक वीडियो अपलोड किया है। जिसमें एक दुकान में मुस्लिम महिला भगवान गणेश का अपमान कर रही है। इस वीडियो को फिरोज खान नामक युवक ने अपनी फेसबुक आईडी पर अपलोड कर दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें हिंदू आस्था और उनकी भावनाओं को आहत करने, अपमान करने और देवी देवताओं की मूर्तियों को पटक कर तोड़ने से सनातन धर्म को ठेस पहुंचाने का काम किया गया है। इस मामले को सचिन मिश्रा ने गंभीरता से लिया और बृहस्पतिवार को फेसबुक आईडी संचालक फिरोज खान के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया की तहरीर मिली है। जांच कर तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम से लगाई गुहार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** थाना खुदागंज के गांव नवादा दरोबस्त निवासी गायत्री देवी पत्नी स्व.वेदपाल सिंह ने डीएम को भेजे गए पत्र में बताया कि उसके मकान के सामने तालाब है, वहीं पर उसका निकास है, जिस पर गांव का ही एक व्यक्ति अवैध निर्माण कर रहा है। विरोध करने पर एक जून को उसने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर गाली-गलौज की और झगड़ा फसाद पर अमादा हो गए। पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। पीड़िता ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है।


MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas) Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग ) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦आयुर्वेदिक अस्पताल ♦औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦वाई-फाई कैम्पस ♦बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins)● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

## एक नजर

### हेमेटोलॉजी मेड ईजी नामक पुस्तक का विमोचन

**शाहजहांपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित समारोह में हिमेटोलॉजी मेड ईजी नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। पैथोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निधीश कुमार एवं डॉ. नीमा तिवारी पुस्तक लेखन किया है। पुस्तक का विमोचन नेशनल मेडिकल कमीशन, नई दिल्ली के पूर्णकालिक सदस्य डॉ. विजयेंद्र, एनएमओ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ख्यातिलब्ध रेडिएशन ऑनकोलॉजिस्ट डॉ. मनीष भूषण पांडेय एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मेडिकल कालेज की प्रवक्ता डॉ. पूजा त्रिपाठी पांडेय ने बताया कि पुस्तक एमबीबीएस एवं पोस्टग्रेजुएट (एम डी/डीएनबी) के लिए बहुत उपयोगी है।

### सर्राफा दुकान से चोरी

**निगोही।** ज्वैलर्स नितिन गुप्ता ने बताया कि नगर में उनकी ज्वैलर्स की दुकान है। गुरुवार को बाइक से एक युवक और एक युवती उनकी दुकान पर आए और कुंडल लेने की बात कही। दुकानदार ने उन्हें कुंडल दिखाए। इसके बाद दोनों ने कहा कि कुंडल उन्हें पसंद नहीं है। इसके बाद वह चले गए। इसके बाद जब उन्होंने कुंडल चेक किए तो तीन जोड़ी कुंडल और एक तोला सोना गायब था। उन्होंने पुलिस को मामले की तहरीर दी है।

# छह दिन में पांच चोरी, पुलिस नींद में...चोरों की मौज

## अब हरनाई में मकान में नकब लगाकर चोरों ने जेवरात, नगदी सहित लाखों का माल समेटा

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** थाना पुलिस की नाकामी अब छिपाए नहीं छिप रही है। पुलिस की नाकामी का आलाम यह है कि छह दिन में चोर पांच मकानों के ताला तोड़कर लाखों के गहने व नकदी चोरी कर चुके हैं। पुलिस घटना के बाद मौके पर पहुंचकर लकीर पिट रही है। एक भी घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है। इधर, चोरों ने बुधवार की रात एक बार फिर चुनौती दी। गांव हरनाई में एक मकान की दीवार में नकब लगाकर चोर नगदी-जेवर सहित लाखों का सामान समेट ले गए।

गांव हरनाई के धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि चार जून की रात भोजन करने के बाद वह घर के बाहर सोने चले गए थे। पत्नी राधिका, पुत्र श्यामजी, बहू लहरी आंगन में सो रहे थे। रात करीब ग्यारह बजे तक सभी लोग जगते रहे। इसके बाद गहरी नींद आ गई। रात तकरीबन साढ़े बारह बजे गांव के ही जोगेंद्र सिंह के गन्ने के खेत से आकर कमरे की दीवार में चोरों ने नकब लगा दी और दाखिल हो गए। चोरों ने सबसे पहले बड़ा बक्सा के दोनों ताले तोड़ दिए और छोटा बक्सा उठाकर खेतों की तरफ चले गए। जहां बक्से में रखा सोने का मांग टीका, नथुनी, झाले, कमर बिछुआ, पाय जेवरी व नगदी चोरी कर ली। पांच जून सुबह करीब छह बजे पड़ोस के लोगों ने दीवार में सेंध लगी देखी तो इसकी जानकारी धर्मेंद्र शर्मा को दी। जहां कमरे में सामान बिखरा हुआ पड़ा हुआ था। यह देख होश उड़ गए। सूचना मिलते ही यूपी 112 डायल पुलिस और थाने से पुलिस फोर्स पहुंच गई। जहां जांच पड़ताल की। परिजनों को घर से काफी दूर तलाश करने पर बक्सा पड़ा मिला। लेकिन कीमती जेवर, नगदी गायब थी। पुलिस परिजनों से पूछताछ के बाद वापस लौट गई। पीड़ित धर्मेंद्र शर्मा का कहना है कि घटना के दूसरे दिन सुबह से शाम तक करीब पांच बार पुलिस जांच करने पहुंची। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



घर मे लगी नकब दिखाते पीड़ित धर्मेंद्र शर्मा।



राजमिस्त्री रामस्वरूप के घर मे नकब लगाने का किया गया प्रयास।

### राज मिस्त्री के घर चोरी का प्रयास

गांव हरनाई के रहने वाले राज्यामिस्त्री रूपराम के घर चोरों ने नकब लगाकर चोरी करने का प्रयास किया। लेकिन परिजनों के जागने से चोर भाग निकले। बताया जाता है कि धर्मेंद्र शर्मा के घर चोरी करने के बाद रूपराम के घर की तरफ पहुंचे। जहां कमरे की दीवार में सेंध लगा रहे थे कि तभी रूपराम बाथरूम करने गए। खटपट की आवाज सुनकर चोर भाग निकले। इससे चोरी होने से बच गई।

> सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचा था। मामला संदिग्ध लग रहा है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। टीमें काम कर रही है। जल्द ही चोरियों का खुलासा किया जाएगा। – **संजय कुमार,** थानाध्यक्ष खुटार

### एक भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

खुटार में चोरी के मामले में लगातार इजाफा हो रहा है। करीब छह दिनों में पांच घरों में चोरी हो चुकी है। इससे पुलिस के सामने बड़ी चुनौती चोरों ने दे डाली है। एक जून को गांव सीतापुर के रहने वाले देव पटेल, रवि प्रकाश के घर में नकब लगाकर जेवरात, नगदी, कपड़े सहित 5.80 लाख की चोरी हो गई थी। इसके अलावा तीन जून की रात गांव छापाबोझी निवासी ओमप्रकाश के घर से दो भैंस, एक पड़िया और गांव रामपुर खुर्द निवासी कुलदीप के घर में बंधी भैंस अज्ञात चोर खोल ले गए थे। चार जून की रात को धर्मेंद्र शर्मा के घर सवा लाख की चोरी हो गई। इन मामलों में अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

### पीलीभीत, खीरी, शाहजहांपुर में दबिश देना का दावा

चोरों ने लगातार घरों में चोरी करके पुलिस की दिन और रात की नींद उड़ा रखी है। एक जून को देव पटेल और रवि प्रकाश के घर चोरी हो गई थी। इसका खुलासा करने के लिए एसओजी और पुलिस टीम लगी हुई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में भी दो टीमें चोरों को पकड़ने के लिए दबिशें दे रही हैं। पुलिस ने खुटार के कई गांव के साथ ही पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर, सेहरामऊ उत्तरी व लखीमपुर खीरी के मैलानी में दबिश दी। घटना को छह दिन हो चुके हैं। इसके बावजूद पुलिस के हत्थे एक भी चोर नहीं चढ़ा।

### दिल्ली में रह रहे बेटे-बहू के कमरे से हुई चोरी

पीड़ित धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि उनका बड़ा बेटा रामजी और बहू सुमन देवी दिल्ली में रह रहे हैं। जहां एक कंपनी में नौकरी करते हैं। इस समय घर में चार सदस्य हैं। बेटे-बहू के कमरे में बक्से में नगदी, जेवरात और कीमती कपड़े रखे हुए थे। चार जून को चोरों ने नकब लगाकर चोरी कर ले गए। इसकी सूचना बेटे को दे दी गई है।

# फाल्ट सही करने को खंभे पर चढ़े लाइनमैन की मौत



मृतक के रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

- जेंवा विद्युत उपकेंद्र में हुई घटना, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी
- एसडीओ बोले-जेई का आया था फोन, घटनाक्रम की जांच कराएंगे

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** बिजली का फाल्ट सही करने खंभे पर चढ़े युवक की करंट लगने से मौत हो गई। सीएचसी अधीक्षक ने घटना की जानकारी लगते ही पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार जेंवा विद्युत उपकेंद्र पर लाइनमैन का कार्य कर रहे 19 वर्षीय विमलेश पुत्र संजय गुरुवार को बिजली का फाल्ट सही करने मीरपुर गांव में एक खंभे पर चढ़ा था। इसी दौरान किसी कर्मचारी ने सप्लाई शुरू कर दी। सप्लाई शुरू होते ही विमलेश खंभे पर ही चिपक गया। काफी देर बाद सूचना पर पहुंची एंबुलेंस लाइनमैन को लेकर अस्पताल पहुंची जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के को लेकर परिजनों में आक्रोश है। इधर, पावर कॉरपोरेशन के एसडीओ जगदीश सिंह ने बताया कि घटना की अभी कोई जानकारी नहीं है। अवर अभियंता जयंत कुमार का फोन आया था, उन्होंने किसी लाइनमैन के करंट लगने की जानकारी दी है। पूरा घटनाक्रम पता करने के बाद यदि इसमें किसी कर्मचारी की लापरवाही उजागर होती है तो संबंधित पर कार्रवाई तय है।

### नगर निगम ने दुकानों के बाहर का अतिक्रमण हटाया

**शाहजहांपुर।** तमाम दुकानदारों ने दुकानों के बाहर सामान रखकर सड़कों पर कब्जा कर लिया है। इसको लेकर समय समय पर नगर निगम की ओर से अभियान चलाए जाते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उप नगरायुक्त संगीता कुमारी के निर्देशन पर निगम टीम ने मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी के नेतृत्व में सदर बाजार से घंटाघर और लाल इमली चौराहा तक दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाने के साथ ही वाहन भी साइड में लगवाए गए थे। गुरुवार को नगर निगम का प्रवर्तन दल और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। इस दौरान दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। प्रवर्तन दल के प्रभारी राजेंद्र त्रिपासिया ने बताया की नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र के निर्देश पर अभियान चलाया गया है, जो की आगे भी जारी रहेगा। सभी दुकानदारों से अपील है कि किसी तरह का अतिक्रमण न करें।

### स्कूल में शराब पीने पर रिपोर्ट दर्ज कराई

**सिंधौली।** प्राथमिक विद्यालय बारापुर की प्रधानाध्यापिका सुनीता देवी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चार जून को दिन में गांव के ही सर्वेश, मुकेश, नरवीर ने विद्यालय में घुसकर कक्ष संख्या एक ताला तोड़ दिया। कक्ष के अंदर बैठकर शराब पी। जिसका वीडियो गांव वालों ने बनाकर उपलब्ध कराया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।




## पति संग वट सावित्री पूजा करने गई महिला पर मधुमक्खियों का हमला

**पूरनपुर, अमृत विचार:** वट वृक्ष की पूजा करने गई महिला और उसके पति पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया गया है। इसका पता चलने के बाद महिलाओं ने दूसरे गांव जाकर पूजा अर्चना की।

गुरुवार को वर अमावस्या के दिन महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का व्रत रखती हैं। इसके साथ ही बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। तहसील क्षेत्र के दुधिया खुर्द गांव की पूर्व दिशा में बरगद का पेड़ है। जहां वर्षों से महिलाएं पूजा अर्चना करती आ रही हैं। गुरुवार को दुधिया गांव के नरेंद्र सिंह पत्नी भामा देवी को पूजा कराने के लिए बरगद के पेड़ के पास गया। पेड़ के नीचे पहुंचते ही भामा देवी पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। उन्हें बचाने का प्रयास करने पर नरेंद्र पर भी मधुमक्खियां टूट पड़ी। मधुमक्खियों के काटने पर दंपति घायल हुए। शोर पर जमा हुए ग्रामीणों ने कूड़ा-करकट में आग जलाकर धुआं करके बचाया। दंपति को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं, कई महिलाएं मधुमक्खियों के हमले का पता चलने पर यहां नहीं पहुंची और दूसरे गांव धर्मापुर पहुंचकर पूजा की।

# साथ रहने में थी अड़चन, इसलिए दोनों ने मौत का रास्ता चुन लिया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शादीशुदा होने के बावजूद भी दोनों जब एक दूसरे के नजदीक आए तो उन्हें इस बात का जरा भी अहसास नहीं था कि एक दूसरे की नजदीकियां उन्हें जान देने पर मजबूर कर देंगी। राजू कश्यप ने गोधन कश्यप को जब कपड़े की दुकान से अलग किया तो उसे लगा कि पत्नी वंदना के गोधन संबंध टूट जाएंगे लेकिन गोधन वंदना के बिना एक पल भी अकेले नहीं रहना चाहता था, इसलिए उसने दुकान पर तो जाना बंद कर दिया लेकिन वंदना से मिलना नहीं छोड़ा। दोनों के चार-चार बच्चे हैं, गोधन की एक बेटी की तो शादी भी हो गई। वंदना के लिए उसका पति राजू और गोधन के लिए उसकी पत्नी मंजू बाधा बने हुए थे, इसलिए साथ-साथ रहने में अड़चन आ रही थी, इसी से तंग आकर दोनों ने बच्चों और परिवार का मोह छोड़ ट्रेन के आगे छलांग लगा दी।

गोधन कश्यप ने अपनी प्रेमिका वंदना कश्यप के पति राजू कश्यप के साथ पार्टनरशिप में खिरनी बाग में कपड़े की दुकान दो वर्ष पहले खोली थी। राजू कश्यप और गोधन कश्यप दोनों दुकान पर बैठा करते थे। कभी-कभी वंदना कश्यप दुकान पर आकर बैठ जाती थी। इसी दौरान वंदना तथा गोधन कश्यप का प्रेम-प्रसंग शुरु हो गया। वह अपनी प्रेमिका के घर पर आने-जाने लगा था। जब राजू कश्यप को प्रेम-प्रसंग की जानकारी हुई तो उसका गोधन से विवाद हो गया। उसने गोधन कश्यप को कुछ रुपये देकर दुकान पर आने से मना कर दिया था। उसने दुकान में जाना बंद कर दिया था। गोधन ने कुछ माह पहले शहबाजनगर में कपड़े की दुकान खोल ली थी। जिस पर वह और उसका एक बेटा बैठता था। प्रेम-प्रसंग की जानकारी गोधन कश्यप के पति मंजू कश्यप को भी थी, जिसका वह विरोध करती थी, इस पर उसका पति गोधन उसे मारता पीटता था। गोधन कभी-कभी बिना बताए दो-दो दिन तक घर से गायब रहता था। वंदना और गोधन रोक लगने के बाद भी चोरी छिपे इधर-उधर मिला करते थे। इस बंदिश से तंग आकर दोनों ने साथ-साथ जान देने का फैसला ले लिया। गोधन कश्यप दोपहर तीन बजे घर से निकला था और वंदना कश्यप रात में दस बजे घर से निकली थी। दोनों लोग साथ जिएंगे-साथ मरेंगे की कसम खाकर रात बाइक से गर्रापुल के निकट पहुंच गए और ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। गोधन के बेटी चांदनी, बेटा आशू, बेटी पायल, बेटा आशीष है। उसका एक बेटा आशू नेत्रहीन है। वहीं वंदना की बेटी रिया, सलोनी, बेटा शगुन व वीर है। गोधन चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके भाई अलग-अलग रहते है।



पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम बैठे वंदना के परिजन। ● अमृत विचार

- बच्चों और परिवार को छोड़ शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका के ट्रेन के आगे छलांग लगाने का मामला
- दो वर्ष से दोनों के बीच चल रहा था प्रेम-प्रसंग, परिजनों ने पता लगने पर लगाई थी बंदिश

### गोधन ने दुकान में लगाए थे सबसे अधिक रुपये

मंजू कश्यप ने बताया कि उसके पति गोधन ने राजू कश्यप के साथ कपड़े की दुकान खोली थी, तो उसमें पति ने करीब छह लाख रुपये लगाए थे और राजू कश्यप ने एक लाख 70 हजार रुपये वापस किए थे और दुकान पर आने से मना कर दिया। इसके बाद उसके पति ने शाहबाजनगर में आकर कपड़े की दुकान खोल ली थी। उसके पति पहले आइसक्रीम बेचा करते थे। आरोप लगाया कि राजू ने उसके पति के रुपये हड़प लिए थे।

### परिवार के सोने के बाद निकल गई थी वंदना

राजू और गोधन की पार्टनरशिप खत्म हुई तो दुकान बंद हो जाने के बाद राजू ने चाट का ठेला लगाना शुरु कर दिया। बुधवार की रात दस बजे वंदना ने परिवार वालों को खाना खिलाया। परिवार वाले जब रात में गहरी नींद में सो गए। तब वह रात करीब 11 बजे निकल गई थी। परिवार वालों ने सोचा कि वह कमरे में सो रही होगी। जब सुबह चार बजे पुलिस का फोन उसके पति के मोबाइल पर पहुंचा तो देखा कि वंदना घर पर नहीं थी। परिवार में किसी को अहसास नहीं होने दिया।

### एक घंटे अप लाइन पर ट्रैफिक रहा बाधित

लखनऊ से नई दिल्ली मेल रात दो बजे जा रही थी। शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी थी। ट्रेन रन थ्रू बरेली के लिए निकल गयी। बरेली की ओर जा रही मालगाड़ी के लोको पायलट ने दोनों शवों को रेल पटरी पर पड़े देखा था। ट्रेक पर शव पड़े होने पर अप लाइन की ट्रेनों को रोक दिया गया था। गर्रा पुल से पहले लखनऊ-नई दिल्ली एसी एक्सप्रेस, लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन, रोजा स्टेशन पर नौचंदी एक्सप्रेस, गाजीपुर-कटरा एक्सप्रेस को रामप्रसाद बिस्मिल रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया था। अप लाइन पर ट्रेनों का संचालन रात तीन बजकर पांच मिनट पर चालू हुआ।

**सावधान** चिकित्सक बोले– कुछ समय के लिए मिलता है आराम, फिर धीरे–धीरे कम होने लगती है आंखों की रोशनी

# डॉक्टर की सलाह बिना न डालें ड्रॉप, आंखों में हो सकता है ग्लूकोमा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मेडिकल कॉलेज और निजी अस्पतालों में पहुंच रहे ग्लूकोमा के शिकार मरीज

**अमृत विचार :** आंखों में जलन, खुजली और लालपन होने पर कई लोग बिना डॉक्टर की सलाह के मेडिकल स्टोर से आई ड्रॉप लेकर डाल लेते हैं। हालांकि इन आई ड्रॉप से कुछ दिनों के लिए आराम मिलता है, लेकिन आने वाले समय में यह आंखों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। चिकित्सकों की मानें तो इन आई ड्रॉप में स्टोरॉइड मिला होता है, जो कि धीरे-धीरें आंखों की रोशनी कम करते हुए ग्लूकोमा कर देता है। जिसे काला मोतियाबिंद भी कहा जाता है। इस तरह के केस इन दिनों मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में पहुंचे रहे हैं। जिनमें कई लोग आई ड्रॉप डालने के बाद इसकी चपेट में आ रहे हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञों का कहना है कि पीलीभीत में ग्लूकोमा के केस की संख्या औसतन महीने में 10 से 15 के बीच है। वैसे इसका मुख्य कारण है थायराइड और ब्लड प्रेशर का अप डाउन होना। इसके अलावा गलत दवाएं डालने से भी यह समस्या उत्पन्न होती है।

मेडिकल कॉलेज और निजी अस्पतालों में आंखों के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। बीते कई माह से ओपीडी में आने वाले मरीजों में प्रतिदिन एक से दो मरीज ग्लूकोमा (काला मोतियाबिंद) की बीमारी के शिकार निकल रहे हैं। इसके पीछे मुख्य वजह थायराइड, ब्लड प्रेशर के अलावा आनुवंशिक होता है। वहीं अब इस तरह के मामले में अधिक आ रहे हैं। जिनकी आंखों में पहले जलन या खुजली हुई थी। जिस पर उन्होंने बिना परामर्श के लिए मेडिकल स्टोर से आई ड्रॉप लेकर आंखों में डाल लिया। स्टोर वाले एंटीबायोटिक और स्टेरॉयड वाली आई ड्रॉप दे देते हैं। जिससे उन्हें उस वक्त तो उन्हें आराम मिल गया, लेकिन बाद में उन्हें धीरे-धीरे कम दिखाई देने लगता है। जिसका सही समय पर इलाज न होने पर काला मोतियाबिंद पैदा कर देता है। सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के डॉ. एनके बालियान ने बताया कि स्टेरायड किसी भी बीमारी की शुरुआत में आराम देता है। मगर लंबे समय तक इसका इस्तेमाल करने से आंख में बनने वाले द्रव्य का दबाव बढ़ जाता है। जब आंख के अंदर प्रेशर ज्यादा होता है तो इसकी नसों को ब्लड सप्लाई नहीं मिल पाती है। नस सूख जाती है। फिर दिखना बंद हो जाता है। एक बार नस सूख गई तो फिर कोई इलाज नहीं है। इसलिए ग्लूकोमा हो जाता है। कई केसों में आंख भी निकलना पड़ती है। स्टेरॉयड के अलावा अगर किसी की ब्लड प्रेशर की लगातार दवा चल रही है, तो भी वह इसका शिकार हो सकता है। अगर आंख में घाव हो गया है तो स्टेरॉयड दिक्कत कर सकती है। थायराइड और ब्लड प्रेशर भी समस्या पैदा करता है। प्रतिदिन करीब 50 से 60 की ओपीडी रहती है। जिसमें रोजाना एक से दो केस निकल रहे हैं। पीलीभीत में ग्लूकोमा की समस्या अधिक आ रही है। एक माह में करीब 10 से 15 मरीज निकल रहे हैं। इसलिए बिना डॉक्टर की सलाह के कोई आई ड्रॉप नहीं डालें अन्यथा परेशानी हो सकती है।

मेडिकल कॉलेज की डॉ. सुरभि सिंह ने बताया कि ओपीडी में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। क्योंकि अधिकतर लोग आंखों को लेकर लापरवाही बरतते हैं। स्टेरायड खतरनाक साबित होता है। कई केस ऐसे मिले हैं। जिन्हें स्टेरायड वाले ड्रॉप डालने पर दिक्कत हुई है।

### ये होते हैं लक्षण

- धुंधला दिखना
- आंख में दर्द होना
- इंद्रधनुष की तरह रंगीन घेरे दिखाई देना
- चश्मे का नंबर बदलना
- सामने देखने पर आसपास का कुछ नहीं दिखना

### ग्लूकोमा के कारण

- डायबिटीज
- आनुवंशिक
- जन्मजात
- आंख में बॉल आदि से चोट लगना
- अधिक स्टेरायड डालना
- अन्य बीमारियों में अधिक स्टेरॉयड चलना

## जमीन गिरवीं डालने की रंजिश में ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमरिया, अमृत विचार:** जमीन गिरवीं डालने को लेकर हुई रंजिश में विरोधी पक्ष के लोगों ने एक ग्रामीण की घर में घुसकर पिटाई कर दी। उसे बचाने पहुंचे महिलाओं को भी पीटा गया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के ग्राम अभयराजपुर उर्फ नूरपुर के रहने वाले नरेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही मुकेश ने अपनी कृषि भूमि रामलाल को गिरवी डाली थी। जिसकी मियाद खत्म होने के बाद उक्त भूमि को पीड़ित ने गिरवी डाल लिया। इसी की रंजिश को लेकर रामलाल, अजयपाल, संजय, अर्जुन ने 31 मई की रात नौ बजे गाली गलौज की। घर में घुसकर पीड़ित की पिटाई कर दी। महिलाएं बीच बचाव कराने पहुंची तो उनसे भी अभद्रता की गई। आसपास के ग्रामीणों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए।




# पति ने रचाई दूसरी शादी तो पत्नी ने लिखाई रिपोर्ट

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला पटेल नगर की रहने वाली लालाराम की पुत्री लक्ष्मी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 19 फरवरी 2007 को इलाहाबाद जनपद के खुशहाल पर्वत इलाके के रहने वाले देवी शरण वर्मा के पुत्र सुनील वर्मा से हुई थी। दिए गए दान दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। कुछ समय बाद पिता ने एक कार भी दे दी। मगर ससुरालियों का रवैया नहीं बदला। इसके बाद भी दहेज की मांग की जाती रही। फिर घर से निकाल दिया। आरोप है कि अब पति ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली है। पुलिस ने पति सुनील वर्मा, सास शारदा देवी, ननद नीलम, रुचि और ससुर देवी शरण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**विवाहिता की जान लेने की कोशिश :** **पीलीभीत :** सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम संतोषपुरा की दना ने बताया उसकी शादी चार साल पहले हुई थी। ढाई साल का एक बेटा है। ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। आए दिन मारपीट की जाती थी। पुलिस ने मामले में पति सुनील और जेठ पप्पू के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड
Complex Fistula (जटिल भगन्दर)
पाइल्स तथा एनल फिसर एवं
Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा
पूर्ण सफल चिकित्सा

## सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



**डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)**
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



**डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)**
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

**गुदा रोगों के लक्षण**
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

**समय**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
**रविवार**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



**डॉ. रफीक**
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से
सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी,
बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

**ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।**

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षो का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं,
जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
**कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)**




**धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता**
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# भिंडरावाला का पोस्टर गायब होने से सिख समुदाय के लोगों में आक्रोश

## रूरिया गुरुद्वारा में बैठक कर जताया विरोध, पुलिस पर पोस्टर गायब करने का आरोप

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचारः** रूरिया गुरुद्वारा के बाहर लगा जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर गुरुवार को अचानक गायब होने से सिख समुदाय के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। इसका पता लगने पर बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग रूरिया गुरुद्वारा जा पहुंचे। उनका आरोप है कि पोस्टर पुलिस ने हटाया है। उधर, इसका पता लगने पर एएसपी विक्रम दहिया गुरुवार को पूरनपुर कोतवाली जा पहुंचे और वहां घंटों डेरा जमाए रहे। हालात को देखते हुए पीएसी वकई थानों की पुलिस बुला ली गई है। खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट हो गई हैं।

पूरनपुर-खुटार मार्ग पर रूरिया गुरुद्वारा के बाहर जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर पिछले काफी दिनों से लगा था। इसकी शिकायत मिलने पर बीते रविवार को सीओ आलोक सिंह और नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने जाकर गुरुद्वारा कमेटी से भिंडरावाला का पोस्टर हटाने को कहा था। इस पर कमेटी ने सिख समाज के दर्जनों लोगों के साथ गुरुद्वारा में बैठक की। इसमें पोस्टर न हटाने का निर्णय लिया गया था। जबरन हटाए जाने पर सभी गुरुद्वारों के बाहर पोस्टर लगाने की चेतावनी दी गई थी।

बुधवार रात रूरिया गुरुद्वारा के बाहर लगा जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर अचानक गायब हो गया। गुरुवार सुबह गुरुद्वारा के बाबा जब बाहर निकले तो पोस्टर गायब था। उन्होंने कमेटी के लोगों को इसकी सूचना दी। इस पर काफी संख्या में लोग गुरुद्वारा पहुंच गए। फिर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। सिख समाज के लोगों का आरोप है पुलिस ने पोस्टर हटाया है। हालांकि इस दौरान कमेटी की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया। उधर, हालात को देखते हुए एएसपी विक्रम दहिया पूरनपुर कोतवाली पहुंच गए और कोतवाल से क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी लेते रहे। इसके अलावा घुंघचाई, अमरिया और माधोटांडा सहित कई थानों की पुलिस पूरनपुर बुला ली गई।



गुरुद्वारा के बाहर इसी बोर्ड पर लगा था भिंडरावाला का पोस्टर।

- पूरनपुर पहुंचे एएसपी, पीएसी व कई थानों की पुलिस बुलाई
- खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट, हर गतिविधि पर रखी जा रही नजर

"गुरुद्वारा कमेटी से पोस्टर सड़क की हद में लगे होने पर पहले से ही हटाने के लिए कहा जा रहा था। इस बीच किसी ने पोस्टर हटा दिया। पुलिस ने पोस्टर नहीं हटाया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फोर्स बुलाई गई है।
–**संजीव कुमार शुक्ला**, कोतवाल पूरनपुर

### 1984 दंगे के शहीदों को याद किया जाएगा

**पूरनपुर।** पोस्टर हटाने को लेकर चल रहे विवाद के दौरान गुरुवार शाम रूरिया गुरुद्वारे की प्रबंधक इंद्रजीत कौर खालसा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें वह कह रही हैं कि शुक्रवार को गुरुद्वारा में 1984 के दंगे के शहीदों को याद किया जाएगा। इसके बाद 11 बजे पोस्टर हटाने को लेकर संगत निर्णय लेगी। इस दौरान अधिक से अधिक संगत से रूरिया गुरुद्वारे पहुंचने की अपील की जा रही है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस और अलर्ट हो गई है।

### गुरुद्वारों पर पुलिस की नजर

भिंडरावाला का पोस्टर हटाए जाने के बाद नाराजगी को देखते हुए पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। गुरुद्वारों में सिख समाज के लोगों के एकत्र होने की अफवाह उड़ती रही। ऐसे में पुलिस रुरीया के अलावा क्षेत्र के अन्य गुरुद्वारों पर भी नजर बनाए है। कोतवाली पुलिस ने फोर्स के साथ गश्त की, लेकिन किसी गुरुद्वारा में लोग नहीं मिले। इस पर पुलिस ने राहत की सांस ली। समाज के लोगों में आक्रोश देखते हुए इंटेलिजेंस भी सक्रिय है।

### पूरनपुर पहुंची पीएसी

गुरुद्वारा के बाहर लगा भिंडरावाला का पोस्टर गायब होने से लोगों में नाराजगी है। इसको देखकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। गुरुवार को पीएसी की दो गाड़ियां पूरनपुर पहुंच गईं। हालांकि मामला शांत होने पर पीएसी को तैनात नहीं किया गया। पीएसी के जवान गाड़ियों में ही बैठे रहे।

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** बहुजन समाज पार्टी (मार्क्सवाद-अंबेडकरवाद) ने भारतीय दंड संहिता 494 व हिंदू विवाह अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई किए जाने को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि धारा 494 में पुलिस व प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा। जिससे विवाह की मर्यादाएं खत्म होती जा रही हैं। ऐसे अपराधों पर अगर अंकुश नहीं लगाया गया तो विवाह व्यवस्था धीरे धीरे खत्म होती चली जाएगी। भारत में लिव इन रिलेशनशिप को अपराध की श्रेणी में लाना जरूरी है। इस मौके पर रंजीत सिंह, दुर्गविजय सिंह, छत्रपाल, अंकित, इंद्रपाल आदि रहे।

## भाजपा ने राम को कभी नहीं भुनाया, तुलना उचित नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भगवा क्रांति सेवा की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्राची ने कार्यकर्ताओं की अनदेखी को बताया हार का कारण

**अमृत विचारः** भगवा क्रांति सेवा की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्राची एक निजी कार्यक्रम में महानगर पहुंचीं। वह मीडियाकर्मियों से भी मुखातिब हुईं। लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा की शिकस्त खासतौर पर अयोध्या में मिली करारी हार पर के सवाल पर कहा कार्यकर्ताओं की अनदेखी भाजपा की हार का सबसे बड़ा कारण है।

साध्वी प्राची ने कहा पार्टी आला कमान को अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करना होगा। भविष्य में यही कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ चुनाव में उतरेंगे और फिर पार्टी जीतेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने आई साध्वी ने कहा यूपी में भाजपा कार्यकर्ताओं की जमकर अनदेखी की गई और अनदेखी से आहत होकर कार्यकर्ता अपने घर से नहीं निकला, जिस वजह से भाजपा को यूपी में हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा अयोध्या में भाजपा की हार पर राम नाम का इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। भाजपा ने राम को कभी नहीं भुनाया।यह एक ऐसा दिन था, जिसमें पार्टी को हार का सामना करना पड़ा, भविष्य में होने वाले चुनाव में अपने कार्यकर्ताओं की दम पर भाजपा फिर जीतेगी। साध्वी ने कहा कि भाजपा एक गहरा समुद्र है, विरोधियों को क्षणिक खुशी से उत्तेजित नहीं होना चाहिए।


प्रवेश प्रारम्भ
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


## सार-संक्षेप

### हिंदू महासंघ ने मुख्यमंत्री का मनाया जन्मदिन



**शाहजहांपुर।** हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिवस पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम में गुरुकुल विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कलाकारों, बच्चों एवं समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह पगड़ी पहनाकर पटका डालकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भिखारी नाथ प्रजापति, पप्पू पहलवान, साध्वी प्राची ने हिंदू समाज को संगठित होने पर जोर दिया और इसके लिए जन जागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता, जिला प्रभारी देवेश त्रिपाठी, ओमपाल मौर्य, रश्मि मिश्रा, ममता पाठक, कल्याणी देवी, विमल गोयल, अजय वर्मा, प्रभात वर्मा, राजेश कुमार कश्यप आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन देवेश त्रिपाठी ने किया।

### चौकी में घुसकर हमलावरों ने एक युवक को पीटा

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला रंगीन चौपाल निवासी रेहान गनी खां ने बताया कि उसका भाई फरजान गनी खां एक प्राइवेट अस्पताल में नौकरी करता है। उसका भाई बुधवार की रात साढ़े आठ बजे अस्पताल से अपने घर लौट रहा था। दो बाइक पर सवार युवकों ने उसके भाई को टक्कर मार दी। उसके भाई ने आरोपियों से कहा कि देखकर नहीं चलाते है। इस बात से आरोपी नाराज हो गए और आरोपियों ने उसके भाई को मारा पीटा। उसका भाई पुलिस चौकी अंजान में शिकायत करने के लिए गया तो आरोपियों ने चौकी में घुसकर उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। चौकी में उस समय मात्र होमगार्ड था। रेहान गनी ने चौंक कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### डांस ऑडिशन में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**शाहजहांपुर।** प्रिंस डांस एकेडमी में आयोजित समर कैम्प में प्रतिभागी बच्चों का डांस आडीशन बुधवार को लिया गया। आयोजन सुमन पब्लिक स्कूल आनन्दपुरम कालोनी मदराखेल में किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और निर्णायकों को अपनी प्रतिभा दिखाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। समर कैंप का शुभारंभ क्रिएटिव आर्ट ग्रुप के प्रबंध निदेशक नरेंद्र सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। ऑडिशन में निर्णायक की भूमिका में राजा रहे। ऑडिशन को सफल बनाने में पूजा गुप्ता, शुभम गुप्ता, बीना कश्यप, दीक्षा कुशवाह (ट्रेनर) का योगदान रहा। ऑडिशन के अन्त में प्रिंस डांस एकेडमी के डायरेक्टर चंदन प्रजापति ने सबका आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अगले ऑडिशन का आयोजन 9 व 16 जून को सुमन पब्लिक स्कूल में ही होगा।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

ISO 9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीध्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 09 जून 2024, रविवार
07 जुलाई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# आर्य कन्या महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य निलंबित, गबन का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



आर्य कन्या महाविद्यालय भवन।

**अमृत विचार:** आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की पूर्व प्राचार्य को वित्तीय अनियमितता के मामले में निलंबित कर दिया गया। इनके खिलाफ सदर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने पूर्व प्राचार्य को डीआईओएस कार्यालय से संबंध कर प्रकरण की जांच करने के लिए चार सदस्यीय टीम गठित भी गठित की है।

आर्य कन्या महाविद्यालय में करीब दो साल पहले प्रबंधक और प्राचार्य में शुरू हुई उठा पटक अब तक जारी है। महाविद्यालय के प्राचार्य पद की जिम्मेदारी संभालने के दौरान शुरू हुए विवाद का अब तक पटाक्षेप नहीं हो सका है। हालांकि इसमें परत दर परत वित्तीय अनियमितता के मामले सामने आने लगे हैं। पूर्व प्राचार्य की ओर से किए गए अनियमित भुगतान की जानकारी लगने पर प्राचार्य डॉ. वीणा गोपाल मिश्रा की शिकायत पर जांच हुई। इसमें नियमों को दरकिनार कर लाखों का हेर फेर होना पाया। इसके अलावा प्रबंधक और प्राचार्य ने सांठ गांठ कर शासन के निर्धारित

- **एडीएम ने डीआईओएस कार्यालय से किया संबद्ध**
- **48 लाख 71 हजार रुपये की वित्तीय अनियमितता का है मामला**

### इन मदों में बताई जा रही वित्तीय अनियमितता

1. काशनमनी– 67000
2. पत्रिका कोष– 5,89,767
3. निर्धन छात्रा सहायता कोष– 90,910
4. चिकित्सा कोष– 89,200
5. प्रयोगशाला कोष– 9,32,060
6. कैपिटल कोष– 11,29,917
7. अध्ययन कोष– 68,000
8. अनियमित पुताई– 2,53,444
9. अंशकालिक शिक्षक व दैनिक भोगी कर्मियों को अनियमित भुगतान–5,67,700
10. अमान्य व्यय–4,06,526
11. बिना लॉकबुक के डीजल उपभोग का भुगतान–61,621
12. दो लैपटॉप कॉलेज में मौजूद न होना–85,000
13. कंप्यूटर प्रोसेसिंग शुल्क–5,90,400

शुल्म मदों के अलावा अध्ययन शुल्क के लिए 300 रुपये, दो मद कोषों में अनाधिकृत रूप से 300, पंजीकरण शुल्क के लिए 500 रुपये और प्रयोगशाला शुल्क के लिए 340 रुपये प्रति छात्रा से वसूले गए हैं, जबकि उच्च शिक्षा निदेशालय से इस तरह शुल्क का लिया जाना मान्य ही नहीं है। प्रयोगशाला शुल्क प्रयोगिक विषय के लिए मात्र 240 रुपये निर्धारित है। मगर, पूर्व प्राचार्य ने मनमाने तरीके से अवैध वसूली करते छात्राओं का शोषण किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि इन प्रकरणों को लेकर पूर्व प्राचार्य से पांच बार कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब ही नहीं दिया।

### चार सदस्यीय टीम करेगी जांच

प्राचार्य ने बताया कि एडीएम ने पूर्व प्राचार्य को निलंबित कर चार सदस्यीय जांच टीम गठित की है। इसमें डीआईओएस, वरिष्ठ कोषाधिकारी, अपर उप जिलाधिकारी सहित महाविद्यालय की हिंदी विभाग की प्रोफेसर सुशीला देवी को शामिल किया गया है। एडीएम ने 15 दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट तलब की है।



शासन से अपर जिलाधिकारी को कॉलेज का प्राधिकृत नियंत्रक नामित किया गया है। उन्होंने वित्तीय अनियमितता के मामले में पूर्व प्राचार्य को निलंबित कर डीआईओएस कार्यालय से संबद्ध किया है। साथ ही चार सदस्यीय टीम गठित कर 15 दिन में जांच रिपोर्ट तलब की है।
**–डॉ. वीणा गोपाल मिश्रा, प्राचार्य आर्य कन्या महाविद्यालय**



निलंबन अवैधानिक है। जानबूझ कर हमें प्रताड़ित किया जा रहा है। जबकि इस प्रकरण को लेकर हाईकोर्ट से स्टे है। प्राचार्य भ्रामक सूचनाओं के आधार पर प्राधिकृत नियंत्रक को गुमराह कर उन पर दबाव बनाकर निलंबन आदेश पारित करवा रही है। निलंबन के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है। **–डॉ. सुरचना त्रिवेदी, पूर्व प्राचार्य व प्रोफेसर आर्य कन्या महाविद्यालय**

# जमीन बेचने से नाराज बड़े भाई ने छोटे की हत्या

## गांव बगुली नगर निवासी मुलायम सिंह बेचना चाहते थे जमीन, ले लिया था बयाना

संवाददाता, विजय नगला/बिनावर

**अमृत विचार :** जमीन बेचने की बात से गुस्साए बड़े भाई ने खेत पर फसल की रखवाली कर रहे छोटे भाई की धारदार हथियार से हत्या कर दी। मृतक के दूसरे बड़े भाई किशोर की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद कर लिया।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव बगुली नगर निवासी नत्थू लाल के चार बेटे थे। सबसे बड़े राम अवतारी, दूसरे नंबर पर किशोरी, तीसरे मुलायम सिंह (45) और सबसे छोटे गयाराम थे। जिसमें किशोरी और गयाराम की शादी हो चुकी थी। चारों भाइयों की बिनावर कस्बा से गांव विलहत जाने वाले मार्ग किनारे दो-दो बीघा कीमती जमीन है। मुलायम सिंह अपने हिस्से की जमीन बेचना चाहते थे। उन्होंने किसी से जमीन का बयाना भी ले लिया था, लेकिन उनका बड़ा भाई राम अवतारी नशेड़ी किस्म का है। वह नहीं चाहता था कि मुलायम अपने हिस्से की जमीन बेचे। जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद होता रहता था। बुधवार शाम को करीब सात बजे मुलायम सिंह अपने खेत पर मक्का की फसल की रखवाली करने गए थे। इसी दौरान पीछे से राम अवतारी भी वहां पहुंच गया। उसने मुलायम सिंह पर धारदार हथियार से वार कर करके हत्या कर दी और शव सोनपाल के खेत में फेंक दिया। मुलायम सिंह के भाई बड़े भाई किशोरी ने अपने भाई राम अवतारी पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाना बिनावर में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी को गंगा एक्सप्रेस के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया।



पुलिस की गिरफ्त में भाई की हत्या का आरोपी राम अवतारी।



ट्यूबवैल के पास पड़े शराब के खाली पौवे व बीयर की बोतलें। ● अमृत विचार

### ग्रामीण ने शव देखकर परिजनों को दी हत्या की खबर

गांव के मोरप्रकाश पाल रात को अपनी फसल की रखवाली करने जा रहे थे। उन्होंने टार्च की रोशनी में देखा कि जमीन पर ताजा खून पड़ा है। इसके साथ ही घसीटने के निशान भी थे। वह निशानों के पीछे पीछे सोनपाल के खेत तक पहुंचे। वहां मोरप्रकाश ने देखा कि मुलायम सिंह का शव खून से लथपथ पड़ा है। तब उन्होंने मुलायम सिंह के भाई किशोरी व गयाराम को घटना की सूचना दी। बिनावर पुलिस ने बताया कि आरोपी रामअवतार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। भाई जमीन बेच रहा था, जिस वजह से वह नाराज था और उसकी हत्या कर दी।



इसी ट्यूबवैल के पास बैठे थे मुलायम सिंह, तभी भाई ने किया हमला।

## आठ हजार सैंपल में मलेरिया के निकले मात्र 23 मरीज

**बदायूं, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर एक जून से मलेरिया माह अभियान चलाया जा रहा है। मलेरिया विभाग ने 21 मई से 4 जून तक जिले भर में करीब सवा आठ हजार लोगों के ब्लड सैंपल लिए 23 मलेरिया रोगी सामने आए हैं।

जनपद में जून महीने को मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। मलेरिया विभाग इसके लिए अभियान चला रहा है। विभाग ने इसके लिए अलग अलग टीमें गठित कर दी हैं। ब्लॉक क्षेत्रों में स्थानीय आशा वर्कर्स गांव गांव पहुंच रहीं हैं। बीमार लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। उनके ब्लड सैंपल लिए जा रहे हैं। ब्लड सैंपल की हर रोज जांच की जा रही है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि 21 मई से 4 जून तक 8 हजार 213 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए। इन सैंपलों की जांच की गयी जिसमें 23 लोग मलेरिया संक्रमित पाए गए। इन सभी मरीजों को मलेरिया की दवा उनके घरों पर दी गयी है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. योगेश कुमार सारस्वत ने बताया कि अब तक 8213 लोगों के ब्लड सैंपल लिए जा चुके हैं।

# गुस्साए किसानों ने उपकेंद्र पर किया धरना-प्रदर्शन



बरवर चौराहा से कूच कर बिजली उपकेंद्र जाते प्रदर्शनकारी। अमृत विचार



बरवर चौराहा पर प्रदर्शनकारियों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, मोहम्मदी

- **बरवर चौराहा पर किया रास्ता जाम, कालाआम पर भी उपभोक्ताओं ने किया हंगामा**

**अमृत विचार:** बिजली की समस्या को लेकर किसानों और आम उपभोक्ताओं का गुस्सा गुरुवार को सड़क पर फूट पड़ा। मोहम्मदी में बड़ी संख्या में किसान बरवर चौराहा पर एकत्र हुए और सड़क जाम कर बिजली विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे मार्ग पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने बुझाने पर प्रदर्शनकारी जाम खोलकर उपकेंद्र पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उधर फरधान के कालाआम उपकेंद्र पर भी उपभोक्ताओं ने पहुंचकर हंगामा किया और प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की।

नगर समेत पूरे क्षेत्र में इन दिनों बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी है। भीषण गर्मी के बीच हो रही अघोषित कटौती से चारों तरफ त्राहि त्राहि मची हुई है। बिजली न आने-जाने का कोई निश्चित समय भी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में बिजली के न आने के कारण किसान अपनी फसलों की सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं। इससे भीषण तपिश के कारण खेतों में खड़ी फसल पानी के अभाव में सूख रही है। इससे किसानों और आम उपभोक्ताओं मे कई दिनों से बिजली विभाग के प्रति रोष पनप रहा था। गुरुवार को यह रोष सड़क पर फूट पडा। गुरुवार को बड़ी संख्या में किसान और आम उपभोक्ता बरवर चौराहे पर पहुंच गए और चौराहा जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे मार्ग पर जाम लग गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

उन्होंने किसानों को समझाने बुझाने की कोशिश की, लेकिन किसान बिजली अधिकारियों को मौके पर बुलाने की बात पर अड़ने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने जैसे तैसे समझा बुझाकर किसानों को शांत किया और जाम खुलवाया। बरवर चौराहा से किसान नारेबाजी करते हुए बिजली उपकेंद्र पहुंचे और धरने पर बैठ गए। किसानों ने कहा कि बिजली आपूर्ति को ठीक करने के लिए बिजली उपकेंद्र पर कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अफसर व्यवस्था ठीक करने में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण सिंचाई नहीं हो पा रही है। खेतों में खड़ी फसल सूख रही है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो उनका प्रदर्शन विद्युत उपकेंद्र में ही प्रदर्शन जारी रखेंगे। उधर फरधान के कालाआम पहुंचे उपभोक्ताओं ने हंगामा किया और नारेबाजी की।

# वनवॉचर के घर के पीछे से सागौन के कई बोटे बरामद

संवाददाता, सिंगाही

- **एसडीओ ने की जांच, संदेह के घेरे में आए कई वनकर्मी**
- **वनकर्मियों की मिलीभगत से दुधवा जंगल में हो रही अवैध कटान**



भैरमपुर में वनवॉचर के एक घर के पीछे पड़े सागौन के बोटे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** दुधवा नेशनल पार्क की रेंज बेलरायां क्षेत्र में वन कर्मियों की मिलीभगत से इन दिनों बेशकीमती सागौन और साखू के पेड़ों का कटान जोरों पर हो रहा है। अफसरों ने गांव भैरमपुर में स्थित वन वाचर के घर के पीछे से सागौन के कई बोटे बरामद किए हैं। सूचना पर पहुंचे एसडीओ ने मौके की जांच की। बरामद लकड़ी को भैरमपुर वन चौकी के सुपुर्द कर तीन दिन के भीतर चोरों का पता लगाने के निर्देश दिए हैं।

बेलरायां वन रेंज की भैरमपुर वन चौकी क्षेत्र में इन दिनों चोरी छिपे बेशकीमती सागौन और साखू के पेड़ों का कटान हो रहा है। इस कटान में वन विभाग के कुछ कर्मचारियों और वन वाचरों की संलिप्तता बताई जा रही है। वन विभाग के अफसरों ने मुखबिर की सूचना पर गांव भैरमपुर निवासी वन वाचर मुन्ना के घर के पीछे सागौन के कई बोटे बरामद किए हैं। सूचना पाकर प्रभागीय वनाधिकारी (एसडीओ) बेलरायां मनोज कुमार भैरमपुर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद भैरमपुर वन चौकी पहुंचे। वन कर्मियों से भी पूछताछ की। पूछताछ के बाद कई वनकर्मी भी संदेह के घेरे में आ गए हैं। एसडीओ ने बरामद लकड़ी को भैरमपुर चौकी में तैनात दरोगा अभिषेक के सुपुर्द किया है। साथ ही रेंजर वजीर हसन को तीन दिन के अंदर लकड़ी चोरों का पता लगाने के निर्देश दिए हैं। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग की मिली भगत से लकड़ी का जंगल में कटान कराया जाता है। एसडीओ मनोज तिवारी ने बताया कि अगर लकड़ी चोरों का पता नहीं चलता है तो विभागीय कार्रवाई संबंधित वन क्षेत्र के कर्मचारियों पर की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## साइकिल सवार गश खाकर गिरा, गई जान

**पलिया कलां, अमृत विचार :** गांवों में फेरी लगाकर पट्टी बेचकर अपने घर वापस जा रहा एक साइकिल सवार अचानक चक्कर आ गया और वह गश खाकर तिकोना पुल के पास गहरी खाई में जा गिरा। सूचना पाकर पहुंचे परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना व कस्बा मझगई निवासी बरसातू (65) साइकिल से कबाड़ खरीदने का काम करता था। वह कबाड़ के बदले ग्राहक को चीनी से बनी पट्टी व चूरा आदि देता था। इससे होने वाली आमदनी से उसकी और उसके परिवार उसके परिवार की जीविका चलती थी। सुबह बरसातू साइकिल से कबाड़ खरीदने तिकोना फार्म की ओर गया था। दोपहर बाद वापस आते समय तिकोना पुल ढाल पर उमस भरी भीषण गर्मी के बीच उसको चक्कर आ गया, जिससे उसकी साइकिल अनियंत्रित हो गई और वह साइकिल समेत गहरी खंती में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने खबर उसके परिवार वालों को दी। सूचना पाकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। वह उसे आनन-फानन में कस्बे के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे उसके घर में कोहराम मच गया। पत्नी- बच्चों के साथ सभी का रो-रोकर हाल बेहाल है। मगरिब की नमाज के बाद गमगीन माहौल में कस्बे के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया।

## गन्ने की फसल को खराब कर रहा टाप बोरर कीट

**निघासन। अमृत विचार :** क्षेत्र में गन्ने की फसल में टाप बोरर यानी सफेद तितली वाला कीड़ा लग गया है, जो उपज को बर्बाद कर रहा है। यह कीड़ा बिना खुली पत्तियों को खाता रहता है, जिससे जब पत्ती खुलती है, तब उसमें छिद्र दिखाई देते हैं, जिन्हें छर्रा छिद्र भी कहते हैं। गन्ने की फसल में यह कीट तेजी से फैल रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। कीट का प्रकोप वैरायटी सीओ.0238 में सबसे अधिक होता है और क्षेत्र में 95 फीसद से अधिक फसल इसी वैरायटी की है। जानकारों का कहना है कि आमतौर पर यह कीट अप्रैल से शुरू हो जाता है और सितंबर तक चलता है। इसमें सुंडी पत्तियों की गोभ में लगती है और फिर अगोले तक पहुंचती है। अगोला पत्ती और गन्ने के बीच का भाग होता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
हम अपने बड़े बेटे अमन खान व पुत्रवधू इरम खान को उनके आचरण व गलत चाल चलन के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से सदैव सदैव के बेदखल करते हैं इनके द्वारा किसी लेनदारी या देनदारी की जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी। **मुदस्सिर अली पुत्र सौदान खां व श्रीमती रिहाना बेगम निवासी हरपाल पुर कछला, बदायूँ हाल निवासी मुहल्ला गौतमपुरी कस्बा व थाना उझानी जि. बदायूँ मो. 8954795205**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# कम खर्च में करनी है पहाड़ों की सैर तो ट्रेन का लाभ उठाएं

## काठगोदाम व लालकुआं तक जाने को रेलवे चला रहा है तमाम ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टी में कम खर्च में पहाड़ की सैर का इरादा है तो ट्रेन से सफर करना उपयुक्त विकल्प हो सकता है। पूर्वोत्तर रेलवे का इज्जतनगर रेल मंडल नैनीताल के नजदीकी काठगोदाम और लालकुआं स्टेशनों तक तमाम एक्सप्रेस, पैसेंजर और सुपरफास्ट ट्रेनें चला रहा है जो सुबह से रात तक अलग-अलग वक्त में बरेली से उपलब्ध हैं।

बरेली से नैनीताल तक टैक्सी का किराया चार से पांच हजार रुपये तक बनता है लेकिन लालकुआं तक पैसेंजर ट्रेन का किराया सिर्फ 25 रुपये है। इ सके अलावा मेल एक्सप्रेस का 45 और सुपरफास्ट ट्रेन का किराया भी 60 रुपये है। इसके आगे नैनीताल, भीमताल, भवाली तक का सफर बस या टैक्सी शेयरिंग के जरिए सिर्फ सौ-दो सौ रुपये में किया जा सकता है। जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह के मुताबिक गर्मी की छुट्टियों के लिए कई स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं, पहले से चल रही पैसेंजर और मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में भी यात्री काफी कम किराए में सफर कर सकते हैं।

### पहाड़ों की ओर बरेली से ये ट्रेनें उपलब्ध

पैसेंजर ट्रेनों में 05336 कासगंज-काशीपुर, 05369 कासगंज लालकुआं और 05327 बरेली सिटी-लालकुआं रोज चलने वाली ट्रेनें हैं। 05351 बरेली सिटी काशीपुर मेमू ट्रेन का भी किराया साधारण है। मेल एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेनों में 15055 आगरा फोर्ट रामनगर, 22975 बांद्रा टर्मिनस-रामनगर सुपरफास्ट, 15043 लखनऊ काठगोदाम एक्सप्रेस, 15061 कासगंज लालकुआं स्पेशल, 12353 हावड़ा-लालकुआं एक्सप्रेस, 13019 बाघ एक्सप्रेस शामिल हैं। इसके अलावा 05046 राजकोट लालकुआं, 09075 मुंबई सेंट्रल काठगोदाम सुपरफास्ट, 03415 मालदा टाउन लालकुआं समेत कई स्पेशल ट्रेनें भी हैं। कुछ ट्रेनें काठगोदाम और हल्द्वानी के लिए भी हैं।

### बरेली सिटी से लालकुआं के लिए डेमू ट्रेन भी शुरू

बरेली सिटी स्टेशन से लालकुआं के बीच डेमू ट्रेन भी सोमवार को शुरू हो चुकी है। ट्रेन 05401 बरेली सिटी स्टेशन से सुबह 08 :25 बजे रवाना होती है। यही ट्रेन वापसी में लालकुआं बरेली सिटी डेमू स्पेशल 05402 शाम 15 :10 बजे लालकुआं से चलकर शाम 06 :10 बजे बरेली सिटी पहुंचती है।

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 662 अभ्यर्थियों ने पाई सफलता

**बरेली, अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा (आरईटी) 2024 का गुरुवार को परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा में 1590 अभ्यर्थियों में से 662 ने सफलता पाई है। सफल अभ्यर्थियों में छात्राओं का छात्रों से प्रतिशत कुछ अधिक है। परीक्षा में 333 महिला और 329 पुरुष अभ्यर्थियों ने सफलता पाई। वहीं पार्ट टाइम पीएचडी में 58 में से 45 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि 7 अप्रैल को गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ और लखनऊ में परीक्षा हुई थी। परीक्षा में 44 विषयों के लिए 2215 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे, जिसमें 58 पार्ट टाइम पीएचडी के लिए थे। इसमें 1209 महिला और 1006 पुरुष अभ्यर्थी थे। उन्होंने बताया कि परीक्षा में 1590 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें 854 महिलाएं और 736 पुरुष अभ्यर्थी थे। परीक्षा में 662 अभ्यर्थियों ने सफलता पाई है।

# कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर किया हमला, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, संभल

- बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल में कराया भर्ती
- दो दिन पहले ही कुत्तों ने बुजुर्ग महिला की ले ली थी जान


कुत्तों के हमले में घायल बच्ची।

**अमृत विचारः** दो दिन पहले सदर कोतवाली क्षेत्र में बुजुर्ग महिला के साथ कुत्तों की बर्बरता को लोग भूले भी नहीं थे कि हयातनगर थाना क्षेत्र के जंगल में 10 वर्षीय बच्ची को कुत्तों के झुंड ने नोचकर घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव घुंघावली निवासी मुसर्रत का मकान गांव से सौ मीटर की दूरी पर जंगल में है। गुरुवार की शाम साढ़े चार बजे मुसर्रत की 10 साल की बेटी अदम अपने 6 वर्षीय भाई के साथ गांव में दुकान से सब्जी लेने जा रही थी। अदम अपने भाई के साथ घर से थोड़ी दूर ही पहुंची थी कि रास्ते में कुत्तों के झुंड ने भाई-बहन को घेर लिया। शोर मचाते हुए अदम अपने भाई के साथ कुत्तों से बचने के लिए गांव की ओर दौड़ी, लेकिन कुत्तों के झुंड ने घेरकर रास्ते में उसे सड़क पर गिरा लिया और नोचने लगे, जबकि बच्ची का छोटा भाई कुत्तों के झुंड से दूर भागने में कामयाब हो गया। इस बीच वहां से गुजर रहे पुलिसकर्मी ने अन्य लोगों की मदद से किसी तरह कुत्तों के झुंड से बच्ची को छुड़ाया लेकिन तब तक कुत्तों ने बच्ची को गंभीर रुप से घायल कर दिया था। इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

## शिवपाल यादव को मिल सकती है विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव छोड़ेंगे विधायक पद, करेंगे केंद्र की राजनीति



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में पार्टी की उत्तर प्रदेश में शानदार जीत के बाद अब संसद में बैठकर राज्य के मुद्दों को उठाएंगे।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि कन्नौज से सांसद चुन लिए जाने के बाद अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट की सदस्यता से इस्तीफा दे सकते हैं। उनकी जगह शिवपाल यादव को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिल सकती है। उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव तक केंद्र की राजनीति में अखिलेश की सक्रियता बढ़ने वाली है। पार्टी नेताओं का मानना है कि दिल्ली में बैठकर अखिलेश यादव देश की राजनीति में अहम भूमिका निभा सकते हैं। लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन ने उप्र में अखिलेश के नेतृत्व में 37 सीटें जीतीं, सपा देश की तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी। सपा का मत प्रतिशत भी राज्य में बढ़कर 33 प्रतिशत हो गया है। अखिलेश मैनपुरी के करहल से विधायक हैं, अब कन्नौज से सांसद भी बन चुके हैं। नियमानुसार उन्हें कोई एक पद छोड़ना होगा।

**कार्यालय : प्रवर अधीक्षक डाकघर बरेली मण्डल बरेली-243001**

पत्रांक : सी.सी.सी./डाक अदालत/कार/बरेली दिनांक : 05.06.2024

सूचना
डाक अदालत

डाक सेवाएं देश के सामाजिक आर्थिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है और यह लगभग सभी नागरिकों के जीवन से जुड़ी हुई हैं। डाक विभाग के उपभोक्ताओं को पूरी संतुष्टि वाली सेवाएं प्रदान करने की कोशिशों के बावजूद भी कभी-कभी डाक सेवाओं में कुछ कमियां रह जाती हैं जिसकी विभाग को शिकायतें मिलती रहती हैं। डाक विभाग इन शिकायतों को प्रभावी तरीके से निपटाने के लिए समय-समय पर डाक अदालत का आयोजन करता है, जहाँ विभाग के अधिकारी असंतुष्ट ग्राहकों से मिलते हैं और उनकी शिकायतों से जुड़े विवरण मांग कर शीघ्र उनका निवारण करने की कोशिश करते हैं।
डाक मंडल बरेली के प्रवर अधीक्षक दिनांक 24.06.2024 को दोपहर 03:00 बजे अपने कार्यालय में डाक अदालत का आयोजन करेंगे। डाक अदालत में बरेली डाक मंडल से जुड़ी डाक सेवाओं की उन शिकायतों पर विचार किया जाएगा जिनका निवारण छः हफ्तों में नहीं किया जा सका है। डाक मंडल बरेली के तहत आने वाले डाकघरों की सेवाओं से सम्बंधित सभी शिकायतों पर डाक अदालत में विचार किया जाएगा। शिकायत के मनीऑर्डर / बचत बैंक खाता / स्पीड पोस्ट / पंजीकृत पत्र / पार्सल / प्रमाण पत्र के पूर्ण विवरण के साथ उन अधिकारियों के नाम और पद का विवरण देना होगा जिनके समक्ष पहली बार शिकायत दर्ज कराई गई थी।
इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवाओं से सम्बंधित अपनी शिकायत प्रवर अधीक्षक डाकघर, बरेली मंडल बरेली, हेड पोस्ट ऑफिस कैम्पस, बरेली-243001 के पते पर दिनांक 14.06.2024 तक या उससे पहले भेज सकते हैं। जिस लिफाफे में शिकायत पत्र भेजें, उस पर "डाक अदालत" अवश्य अंकित करें। दिनांक 14.06.2024 के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर डाक अदालत में विचार नहीं किया जायेगा।

प्रवर अधीक्षक डाकघर
बरेली मण्डल बरेली-243001

### प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका, शादी की जिद पर अड़ी

**ढकिया( रामपुर), अमृत विचार :** प्रेमी की शादी की जानकारी मिलते ही संभल निवासी युवती गांव ओसी निवासी प्रेमी के घर जा पहुंची। वह शादी करने की जिद पर अड़ गई है। युवक के परिजन व ग्रामीण प्रेमिका को समझा-बुझाकर संभल भेजने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन वह अपने प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ी थी। ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव ओसी निवासी युवक का संभल जनपद की युवती से काफी दिन से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी होने पर युवक के परिजनों ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी। किसी तरह से प्रेमिका को इसका पता लग गया। इसके बाद वह संभल से ओसी गांव स्थित प्रेमी के घर आ पहुंची और प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ गई है। युवक के परिजन व ग्रामीण युवती को समझा-बुझाकर संभल भेजने का प्रयास करने लगे मगर वह प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ी रही।

### डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में बचाव पक्ष की बहस पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में गुरुवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई। अभियोजन पक्ष को बचाव पक्ष द्वारा की गई बहस में शुक्रवार को जबाव देना है। इस मामले में 10 जून को फैसला आ सकता है। गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इसमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन तथा सपा नेता आजम खां को भी नामजद किया गया था। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गुरुवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई है।

### बिना प्रतिनियुक्ति कार्यभार संभालने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रो. एके जेटली ने कुलपति प्रो. केपी सिंह पर पैतृक संस्था से बिना प्रतिनियुक्ति अवकाश के कार्यभार संभालने की शिकायत राज्यपाल से की है। उनका आरोप है कि कुलपति को पंत नगर विश्वविद्यालय से सिर्फ 13 फरवरी तक ही प्रतिनियुक्त अवकाश स्वीकृत था। इसके बाद पैतृक संस्था ने अवकाश स्वीकृत नहीं किया है। वहीं उन्होंने राज्यपाल से उनके खिलाफ की गई शिकायतों में न्याय उचित कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि गलत शिकायतों से वह मानसिक अवसाद में हैं।

# बरेली कॉलेज और विश्वविद्यालय में रैगिंग मामले में यूजीसी ने मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- दोनों जगह एंटी रैगिंग सेल को सौंपा गया मामला, विश्वविद्यालय में छात्रों से की गई पूछताछ

**अमृत विचारः** बरेली कॉलेज और रुहेलखंड विश्वविद्यालय में जूनियर छात्रों से रैगिंग के मामले में यूजीसी की एंटी रैगिंग सेल ने जवाब मांगा है। इसके बाद खलबली मच गई है। दोनों मामले संस्थान की एंटी रैगिंग कमेटी को सौंपे गए हैं। माना जा रहा है जल्द ही पूरी जांच रिपोर्ट यूजीसी को भेजी जाएगी। जिसके बाद कार्रवाई तय है।

बरेली कॉलेज में 31 मई को बीसीए छात्र रितिक सक्सेना ने रैगिंग करने का आरोप अमन और उसके साथियों पर लगाया था। छात्र का आरोप था कि रैगिंग का विरोध करने पर अमन तोमर और उसके अन्य साथियों ने पुस्तकालय के बाहर उसको घेर लिया था। जब वह बचने के पुस्तकालय के अंदर गया तो सभी ने अंदर आकर उसके साथ मारपीट की थी। इस मामले में छात्र ने चीफ प्रॉक्टर, प्राचार्य और पुलिस से मामले की शिकायत की थी। इस मामले में चीफ प्रॉक्टर स्तर से जांच की जा रही थी। अब इस मामले में यूजीसी की एंटी रैगिंग सेल ने कॉलेज प्रबंधन से जवाब मांगा है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि मामला कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी को सौंप दिया गया है। कमेटी की जांच रिपोर्ट के बाद यूजीसी को रिपोर्ट भेजी जाएगी। एंटी रैगिंग कमेटी की समन्वयक प्रो. रीना अग्रवाल हैं और इसमें करीब 20 सदस्य हैं।

### विश्वविद्यालय में समिति ने की जांच, नहीं माना रैगिंग

रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 29 मई को बीफार्मा प्रथम वर्ष के छात्र मानष पांडेय ने फार्मेसी विभाग प्रभारी से शिकायत की थी कि मुख्य छात्रावास की मेस में जाते समय द्वितीय वर्ष के छात्रों आयुष सिंह चौहान, अनमोल और शिवम सिंह ने उनके साथ अभद्रता और मारपीट की। उसने सीनियर छात्रों पर रैगिंग का भी आरोप लगाया था। इस मामले में चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह के नेतृत्व में जांच समिति बनाई गई थी। समिति ने सीनियर और जूनियर छात्रों के बयान लिए। इस मामले में यूजीसी ने भी विश्वविद्यालय से रिपोर्ट मांगी है। गुरुवार को समिति ने बैठक की। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि समिति की जांच में रैगिंग नहीं पाई गई है। जल्द ही रिपोर्ट यूजीसी को भेजी जाएगी।

## 10 जून को शतरंज स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेंगे खिलाड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर स्थित यांत्रिक कारखाना के नरमू कार्यालय में शतरंज एसोसिएशन की ओर से सीनियर शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के विजेता और उप विजेता खिलाड़ी 10 जून को बिजनौर में होने वाली सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सौरव कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में वेद प्रकाश पहले स्थान पर रहे। इसके अलावा ओजस सक्सेना दूसरे और गीतांशु जायसवाल तीसरे, प्रत्यूष चौथे और उत्कर्ष सिरोही पांचवें स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी एवं नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शतरंज एक मानसिक विकास का खेल है। इससे तार्किक शक्ति, प्रबंधन शक्ति, गणना शक्ति के विकास के साथ पूरे व्यक्तित्व का विकास होता है।

**कार्यालय ग्रा.पं. फैजनगर, वि.खं. भुता (बरेली)**

निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पजीकृत फर्मों के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पचायत फैजनगर कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त अयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग, ओ.डी.एफ. प्लस व मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इण्टरलॉकिंग रोड, नव निर्माण एवं मरम्मत/खड़ंजा नव निर्माण/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर, हैण्डपंप मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर विद्युतीकरण, दरी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाईट की स्थापना/मरम्मत, ह्यूम पाइप खरीद, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवाल निर्माण/मरम्मत, पंचायतघर निर्माण/मरम्मत, विद्यालयों का कायाकल्प, अम्बेडकर सामुदायिक केन्द्र की मरम्मत/रंगा-पुता, पंचायत भवन निर्माण, सी.एस.सी. सेन्टर निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों हेतु ईंट, इण्टरलांकिग ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरफुट. बजरी, सरिया, लोहा, मिट्टी/राख, टेली क्रय, पी.पी.ई. किट, सैनेटाईजर क्रय, मास्क क्रय, टाइल, पाईप टोंटी, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, फॉगिंग मशीन, सफाई किट, कूड़ेदान, डेस्कटॉप, प्रिन्टर, स्टेपलाईजर, बैटरी, शीशा पट्टी, पन्नी व अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07/06/2024 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक 10/06/2024 को 4 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 11/06/2024 अपरान्ह 12 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

प्रधान-चन्द्रकली सचिव-ब्रजेश कुमार

## भाइयों ने लाठी-डंडों से पीटकर युवक को मार डाला

संवाददाता, नहटौर

- मोहल्ला ईदगाह में भूमि विवाद को लेकर हुई घटना
- पिता-पुत्र और दो महिलाएं गिरफ्तार

**अमृत विचार :** भूमि विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच मारपीट हो गई। इसके बाद तहेरे-चचेरे भाइयों ने युवक को घेरकर लाठी डंडों से मारा पीटा। उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव थाने ले जाकर महिलाएं धरने पर बैठ गईं। कार्रवाई की मांग को लेकर जाम लगा दिया। पुलिस ने पिता-पुत्र और दो महिलाओं को पकड़ लिया है।

नगर के मोहल्ला ईदगाह निवासी दो सगे भाइयों शमीम अहमद और वसीम के बीच कई साल से भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होती रहती है। कुछ दिन पहले वसीम अहमद व उसके पुत्रों ने विवादित जमीन पर लिंटर डालकर कब्जा कर लिया था। इसकी शिकायत शमीम अहमद ने उच्चाधिकारियों से की थी। उच्चाधिकारियों से शिकायत करने से गुस्साए वसीम व उसके पुत्रों ने बुधवार रात शमीम को पीटकर घायल कर दिया। घायल शमीम अपने पुत्र शादाब और पुत्री के साथ शिकायत करने थाने पहुंचा। इस दौरान नहटौर धामपुर मार्ग के ईदगाह तिराहा के पास आरोपियों ने शमीम के दूसरे पुत्र दिलशाद (40) को अकेला देखकर घेर लिया और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

शादाब अपने भाई के घायल होने की सूचना सुनकर थाने से बाहर निकला था। तभी हमलावरों ने उसे भी दबोच लिया। वह किसी तरह थाने में घुस गया। पुलिसकर्मी घायल दिलशाद को निजी चिकित्सक के यहां ले गए। उसकी हालत गंभीर बताकर उसे बिजनौर रेफर कर दिया। बिजनौर ले जाते समय रास्ते में ही दिलशाद ने दम तोड़ दिया। इसे बाद पुलिस ने दो हमलावरों को हिरासत में ले लिया।

# इंडिगो एयरलाइंस की महिला कर्मचारी ने लगाया फंदा

- परिजन घर पहुंचे तो कमरे में लगा मिला ताला
- पति था फरार


मृतका वैजयंती श्रीवास्तव।

**बरेली, अमृत विचार :** वृंदावन कॉलोनी निवासी पप्पू श्रीवास्तव ने बताया कि 2010 में उनकी बेटी वैजयंती श्रीवास्तव की शादी पीलीभीत के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव अलखथान निवासी रवि श्रीवास्तव के साथ हुई थी।

वैजयंती बरेली एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस में ग्राउंड स्टाफ के पद पर तैनात थी और धौरेरा माफी में ही किराए पर रहती थी। पप्पू का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग लगातार रुपये की मांग करते थे। पप्पू ने बेटी को कई बार फोन किया लेकिन नहीं उठा। दामाद रवि का भी फोन नहीं उठा तो वह रात करीब आठ बजे वैजयंती के कमरे पर पहुंचे तो ताला लगा हुआ था। ताला तोड़कर देखा कि वैजयंती खिड़की के कुंडे में चुन्नी के सहारे फंदे पर लटकी थी। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर जांच की जा रही है।

### सुसाइड नोट में प्रताड़ित करने की लिखी बात

सुसाइड नोट में वैजयंती ने लिखा कि उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उसके ससुर का किसी से मुकदमा चल रहा है, जिसे खत्म करने के लिए विपक्षी पार्टी को पांच लाख रुपये देने के लिए ससुराल पक्ष उस पर लगातार दबाव बना रहा है। इससे पहले भी कार खरीदने के नाम पर सात लाख रुपये ले लिए थे। रुपये न देने पर पति समेत ससुराल पक्ष के लोग उसकी हत्या की योजना बना रहे हैं। एक्सीडेंट केस दिखाने की भी बात कर रहे हैं और फर्जी मुकदमे में फंसाना चाह रहे हैं, ताकि पुलिस सत्यापन में उसकी नौकरी चली जाए। नौकरी अगर चली गई तो मैं अपने बच्चे की फीस कैसे भर पाउंगी और कमरे का किराया और राशन कहां से लाउंगी। रुपये न देने माता-पिता को भी फंसाने की धमकी दे रहे हैं। मेरी मौत के जिम्मेदार मेरे पति, सास, ननद, देवर समेत ससुराल के अन्य लोग हैं।

### घर के बाहर खेल रहे दो बच्चों पर कुत्तों के झुंड ने किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** स्वालेनगर में दो बच्चों पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। लोगों ने कुत्तों को भगाकर उन्हें बचाया। स्वालेनगर में पांच साल का दिनेश और पड़ोस में रहने वाला 6 साल का मनु बृहस्पतिवार सुबह घर के बाहर खेल रहे थे। इसी बीच कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चों को जमकर झिंझोड़ा और उनके हाथ और पैर को बुरी तरह जख्मी कर दिया। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास से पहुंचे लोगों ने कुत्तों को भगाकर बच्चों को बचाया और उनके परिजनों को सूचना दी। इसके बाद बच्चों को जिला अस्पताल ले जाया गया।

**कार्यालय-उप कृषि निदेशक, बरेली**

पत्रांक : 542/प्र.कृ.उ.स्वा.यो./2022-23/ दिनांक : 06.06.24

प्रेस विज्ञप्ति

कृषि निदेशालय उ.प्र. के पत्रांक-प्रसार 242/प्र.कृ.उ.स्वा.यो./2024-25/लखनऊ/ दिनांक-30.05.2023 के द्वारा प्रशिक्षत कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना (एग्रीजंक्शन) की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना प्राप्त है, योजनान्तर्गत कृषि में प्रशिक्षत स्नातक युवाओं की सेवाओं का उपयोग कृषक हित में करने के उद्देश्य से कृषि केन्द्र (एग्रीजंक्शन) बैनर तले कृषि से सम्बन्धित सुविधाएं वन स्टॉप शाप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षत कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजनान्तर्गत जनपद के 15 विकासखण्डों से 42 कृषि केन्द्र (एग्रीजंक्शन) का चयन किया जाना है। कृषि केन्द्र (एग्रीजंक्शन) हेतु जनपद में निवास करने वाले कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन इसी तरह की गतिविधियां जो किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय से डिग्रीधारी है, जो आई.सी.ए.आर./यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त हों, आवेदन के लिए पात्र होंगे। कृषि केन्द्र (एग्रीजंक्शन) हेतु कृषि स्नातक युवाओं का चयन जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी, बरेली की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों की छटनी के उपरान्त किया जायेगा। आवेदक की आयु दिनांक 10.07.2024 तक 40 वर्ष से अधिक न हो। अनुसूचित जाति/जनजाति/महिलाओं को 05 वर्ष की अधिकतम छूट। पात्र अभ्यर्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें वरीयता प्रदन की जायेगी। आवेदनकर्ता दिनांक 10.06.2024 से कार्य अवधि में पूर्वान्ह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक उप कृषि निदेशक, बिलवा-बरेली में निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर विलम्बतम् दिनांक 10.07.2024 तक सायं 05:00 बजे तक आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक अभिलेख, पहचान पत्र, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, (अनूसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) स्वः प्रमाणित करते हुए उक्त कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। दिनांक 10.07.2024 को सायं 05:00 बजे तक बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अधिकतम जानकारी हेतु कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उप कृषि निदेशक
बरेली।

# हत्या कर फेंका युवक का शव, जाम और हंगामा

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा तो भड़के ग्रामीण, धक्का मुक्की व नोकझोंक

**अमृत विचार :** संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में घर से निकले युवक की हत्या कर अर्धनग्न शव गन्ने के खेत में फेंक दिया गया। गुस्साये ग्रामीणों ने रजपुरा चौराहा पर जाम लगाकर हंगामा किया। तीन थानों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और पुलिस के बीच नोकझोंक और धक्का मुक्की भी हुई। करीब दो घंटे के बाद जाम खुल सका।

थाना क्षेत्र के गांव तुमरिया खादर निवासी लालता प्रसाद उर्फ लालतेश (26 वर्ष) पुत्र रामखिलाड़ी बुधवार को शाम घर से निकाला। गुरुवार की सुबह गांव से करीब दो किलोमीटर दूर गांव सेमरी में ईंट भट्ठे के पास सड़क से 15 कदमों की दूरी पर गांव चंदू नगला निवासी ऋषिपाल के गन्ने के खेत में उसका शव अर्ध निर्वस्त्र अवस्था में पड़ा मिला। शरीर पर चोट के निशान थे।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गुस्साये ग्रामीणों ने रजपुरा में मेन चौराहे पर पुलिस की कार्यशैली के विरोध में जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। बवाल बढ़ने पर धनारी और गुन्नौर थाना पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों को खदेड़ने की कोशिश की। जिससे ग्रामीणों और पुलिस में धक्का मुक्की और नोकझोंक हुई। एसडीएम गुन्नौर रमेश बाबू और सीओ बहजोई प्रदीप कुमार भी पहुंच गए। पुलिस ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर करीब दो घंटे बाद जाम खुलवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मृतक के पिता राम खिलाड़ी की तहरीर पर जयपाल और विमलेश निवासी गांव तुमरिया खादर, नेमपाल निवासी उधरनपुर थाना धनारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली।**

पत्रांक : 673/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2024-25 दिनांक 06.06.2024

अल्पकालीन ई-टेण्डर सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक सं. 3140/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2024-25 दिनांक 07.03.2024 के द्वारा प्रथम, पत्रांक 270/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2024-25 दिनांक 25.04.2024 के द्वारा द्वितीय बार, पत्रांक 473/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2024-25 दिनांक 17.05.2024 के द्वारा तृतीय बार एवं पत्रांक 557/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2024-25 दिनांक 25.05.2024 के द्वारा चतुर्थ बार आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 956/आ.वि.शा./हैण्ड.परि./सिंगल स्टेज/आर.एफ.पी./2023 दिनांक 29.02.2024 एवं शासनादेश सं. 380/29-6-2024/ई-6099/2641/2020 दिनांक 26.02.2024 के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में बरेली सम्भाग में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं अन्य योजनाओं के खाद्यान्न की सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत शासन स्तर से निर्गत नयी आर.एफ.पी./टेण्डर की शर्तों में निर्दिष्ट प्राविधानों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 के लिये सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु बरेली सम्भाग के जनपद बरेली, बदायूँ, पीलीभीत एंव शाहजहाँपुर ब्लॉक पर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी।
उक्त आंमत्रित ई-निविदा में तकनीकी निविदा खोलने के उपरांत बरेली सम्भाग के जनपद पीलीभीत के ब्लॉक ललौरीखेड़ा पर कोई भी निविदा प्राप्त न होने के कारण जनपद पीलीभीत के ब्लॉक ललौरीखेड़ा पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं अन्य योजनाओं के खाद्यान्न की सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु पुनः पाँचवी बार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन कार्य हेतु ई-निविदायें ब्लॉकवार पृथक-पृथक प्राप्त की जायेगी। सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90 (जी.एस.टी.) = 590/- एवं प्रत्येक निविदा के साथ हैण्डलिंग/परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि "अ" श्रेणी के ठेकेदारों से रु. 1,00,000/- एवं "ब" श्रेणी के ठेकेदारों से 60,000/- सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), बरेली के पदनाम से खाता संख्या 023210400190848 आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0000232 आईत्रडी.बी.आई. बैंक, सिविल लाइन, जनपद बरेली में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।
निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 13.06.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। "टेक्निकल विड" दिनांक 13.06.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तदर्थ गठित ई-निविदा समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। "टेक्निकल विड" के प्रपत्रों की जाँचोपरान्त इसमें अहर्य निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा तदोपरांत वित्तीय निविदा, निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक बरेली के पास सुरक्षित होगा।
निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगें।

मनिकन्डन ए.
सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक
बरेली सम्भाग, बरेली।

**कार्यालय ग्रा.पं. भिण्डौलिया, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)**

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को इस अल्पकालीन निविदा हेतु सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भिण्डौलिया की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग/ केन्द्रीय वित्त आयोग के एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें दिनांक 08.06.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 2 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक 12.06.2024 को ग्राम मंचायत अध्यक्ष/प्रधान एवं समिति के समक्ष 1 बजे खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री अनु० |
|---|---|---|
| 1. | सी.सी. रोड निर्माण एवं नाली निर्माण | प्रथम ईंट, सीमेंट, मौरंग, बजरी, बजरफुट, सरिया |
| 2. | इंटरलॉकिंग कार्य व टाईल्स कार्य | प्रथम ईंट, दोयम ईंट, महीन रेता मिट्टी, 40 व 20 एमएम बजरी, ईंट रोड़ा, सीमेंट ईंट, ग्राउंड टाईल्स |
| 3. | इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर एवं मरम्मत कार्य | प्लास्टिक पाइप, लोहे के पाइप, जाली, हैण्ड पम्प हत्था, मशीन, गिलास आदि |
| 4. | सरकारी भवनों में रंगाई-पुताई व मरम्मत कार्य | पेन्ट, पुट्टी व सीमेंट, बजरफुट आदि |
| 5. | विद्यालय व पंचायत घर, आरसीसी सेंटर, प्लास्टिक चादरें | फर्नीचर क्रय, लोहे के गेट, लोहे व सीमेंट की चादरें आदि |

**नियम व शर्तें :** (1) निविदादाता निविदा के साथ पैन नं., जी.एस.टी. नं. की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे। (2) समस्त सामग्री आर.ई.डी./पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के मानक के अनुसार आपूर्ति की जायेगी। (3) निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करनी होगी, जिसका कोई भाड़ा नहीं देय होगा। (4) निविदा कार्य संबंधित राशि/निर्देश व शर्ते अधोहस्ताक्षरी ग्राम पंचायत भिण्डौलिया, विकास खण्ड बिथरी चैनपुर (बरेली) के कार्यालय में रुपये 200/ व 14 प्रतिशत वैट नगद धनराशि जमा कर दिनांक 08.06.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। (5) निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत एवं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

प्रधान-तसलीम आरिफ सचिव-विजय कुमार


# गांधी, आंबेडकर और शिवाजी की प्रतिमाओं को संसद परिसर से हटाने की कांग्रेस ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर की टिप्पणी

संसद परिसर में महात्मा गांधी, बाबासाहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाओं को उनके मूल स्थानों से हटाकर दूसरी जगह स्थापित किया गया है जिसकी कांग्रेस ने गुरुवार को कड़ी आलोचना की। आदिवासी नेता बिरसा मुंडा और महाराणा प्रताप की प्रतिमाएं भी पुराने संसद भवन और संसद पुस्तकालय के बीच लॉन में लगाई गई हैं। अब सभी प्रतिमाएं एक ही जगह पर हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमाओं को हाल में संसद भवन के सामने स्थित उनके विशिष्ट स्थानों से हटा दिया गया है। यह अनुचित है। कांग्रेस के मीडिया



और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मतदाताओं ने भाजपा के लिए वोट नहीं डाला तो शिवाजी और आंबेडकर की प्रतिमाएं संसद में उनके मूल स्थान से हटा दी गईं। उन्होंने कहा कि भाजपा को गुजरात में सभी 26 सीट पर जीत नहीं मिली तो उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा को मूल स्थान से हटा दिया। खेड़ा ने लिखा, सोचिए अगर इन्हें 400 सीट मिल जातीं तो क्या ये संविधान को बख्शते।

### नए स्वरूप में नजर आएगा संसद परिसर

इस महीने जब 18वीं लोस का पहला सत्र शुरू होगा तो संसद परिसर नये स्वरूप में नजर आएगा। परिसर के अंदर चार इमारतों को मिलाकर एकीकरण का काम जारी है। बाहरी क्षेत्र के पुनर्विकास के तहत, महात्मा गांधी, शिवाजी और महात्मा ज्योतिबा फुले सहित राष्ट्रीय महापुरुषों की प्रतिमाओं को पुराने संसद भवन के गेट नंबर 5 के पास एक लॉन में स्थानांतरित करने की योजना है, जिसे संविधान सदन नाम दिया गया है। इससे नए संसद भवन के गजद्वार के सामने लॉन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा, जिसका उपयोग राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री द्वारा नए भवन में प्रवेश करने के लिए किया जाएगा।

# तरन तारन फर्जी मुठभेड़ में पूर्व डीएसपी और थाना प्रभारी दोषी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वर्ष 1993 में घर से ले जाकर युवक की कर दी गई थी हत्या

मोहाली की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 1993 में एक फल विक्रेता के अपहरण और हत्या के लिए गुरुवार को तरनतारन के तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दिलबाग सिंह और थाना प्रभारी गुरबचन सिंह को दोषी करार दिया। अदालत शुक्रवार को सजा सुनाएगी।

अधिकारियों ने यहां बताया कि 22 जून 1993 को गुलशन कुमार का उसके घर से अपहरण कर लिया गया था, जिसके बाद उसे एक महीने तक अवैध हिरासत में रखा गया और 22 जुलाई को एक फर्जी मुठभेड़ में उसकी मौत हो गई। विशेष अदालत ने डीआईजी के पद से सेवानिवृत्त हुए दिलबाग सिंह और पुलिस उपाधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए गुरबचन सिंह को दोषी पाया। नामजद तीन अन्य पुलिस अधिकारियों एएसआई अर्जुन सिंह, एएसआई देविंदर सिंह और एसआई बलबीर सिंह की मुकदमे के दौरान मृत्यु हो गई।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 1995 में यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। एजेंसी ने 1999 में आरोप पत्र दायर किया। 21 साल बाद 7 फरवरी 2020 को आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि मुकदमे के दौरान एजेंसी ने 32 गवाह पेश किए, जिनमें प्रत्यक्षदर्शी भी शामिल थे। प्रवक्ता ने कहा कि गवाहों ने ठोस सबूत दिए कि दिलबाग सिंह और गुरबचन सिंह ने गुलशन कुमार को उसके घर से अगवा कर लिया और 22 जुलाई, 1993 को हत्या कर दी।

# सघन चुनाव प्रचार से संकेत मिलता है कि केजरीवाल गंभीर बीमारी से ग्रस्त नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने तिहाड़ प्रशासन को केजरीवाल की चिकित्सा जांचों का ध्यान रखने के लिए निर्देश

दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा है कि उन्होंने जिस तरह सघन चुनाव प्रचार किया एवं अन्य संबंधित गतिविधियों में भाग लिया, उससे संकेत मिलता है कि वह किसी गंभीर या जानलेवा बीमारी से ग्रस्त नहीं हैं।

केजरीवाल को एक और झटका देते हुए अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग संबंधी उनका आवेदन बुधवार को खारिज कर दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह सघन प्रचार किया



तथा संबंधित बैठकें व कार्यक्रम किये, जैसा कि बहस के दौरान बताया गया, वे संकेत देते हैं कि वह किसी गंभीर या जानलेवा बीमारी से ग्रस्त नहीं हैं, ऐसे में वह इस लाभ के हकदार नहीं हैं। न्यायाधीश बावेजा ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक के लिए बढ़ा दी। अदालत इस मामले में वैधानिक जमानत की मांग संबंधी उनकी अर्जी पर सात जून को सुनवाई करेगी। अपने आदेश में न्यायाधीश ने कहा कि यह निर्धारित करने के लिए कि क्या उच्च कीटोन स्तर या वजन के कथित रूप से घटने से मधुमेह कीटोएसिडोसिस हो सकता है, परीक्षण कराने की खातिर अंतरिम जमानत प्रदान करने का आधार चिकित्सीय जरूरत से भी अधिक कमजोर है। न्यायाधीश ने कहा, प्रत्यक्ष तौर पर, जैसा कि आवेदक ने अनुमानित बीमारी की नैदानिक जांच के लिए अंतरिम जमानत की मांग की है ऐसा कोई कारण जान नहीं पड़ता है कि हिरासत में रहने के दौरान आवेदक के परीक्षण क्यों नहीं कराये जा सकते हैं? न्यायाधीश ने हालांकि तिहाड़ जेल प्रशासन को न्यायिक हिरासत के दौरान उनकी चिकित्सा जांचों का ध्यान रखने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सुलझाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की कुपवाड़ा जिले की साइबर सेल ने 96,606 रुपये बरामद कर ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता ने क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन के लिए एक फर्जी कॉल प्राप्त होने की सूचना दी। उसने बताया कि धोखाधड़ी कॉल के दौरान दिए गए निर्देशों का पालन करने पर अनधिकृत तरीके से उसके बैंक खाते से 96,606 रुपये काट लिये गये। शिकायत मिलते ही साइबर सेल कुपवाड़ा ने पीड़ित से साक्ष्य और जानकारी ली। पुलिस ने टीम उन्नत साइबर अपराध जांच तकनीकों का उपयोग करते हुए 24 घंटे के भीतर मामले को सुलझाने में कामयाब रही।

### जशपुर में सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ में जशपुर जिले के सरईपानी गांव के पास बुधवार देर रात सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के जानकारी के मुताबिक, जशपुर जिले के बगीचा के ग्राम घोघर निवासी मदन राम अपने पुत्र रूपक कुमार के साथ एक ही बाइक से अपने दामाद के घर नकबार गए थे। वहां से देर रात घर लौटते समय ग्राम सरईपानी के पास उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई।

### नगर निगम में पदस्थ इंजीनियर गिरफ्तार

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना में नगर निगम कार्यालय में पदस्थ एक सब इंजीनियर को लोकायुक्त पुलिस की टीम ने 11 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। रीवा लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक के अनुसार नगर निगम सतना के सब इंजीनियर राजेश गुप्ता को आज 11,000 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि ट्रैप की कार्रवाई निगम कार्यालय परिसर में तब की गई जब आरोपी इंजीनियर ने निगम के एक संविदाकर्मी इमाम खान से निर्माण कार्य के मूल्यांकन करने के एवज में घूंस की रकम ले रहे थे। तभी उन्हें पकड़ लिया गया।

# एक साल तक निकाय प्रमुख को निलंबित क्यों नहीं किया : कोर्ट

## गेम जोन हादसा : हाईकोर्ट ने गुजरात सरकार को लगाई फटकार

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात हाईकोर्ट ने राजकोट के गेम जोन में लगी आग की घटना को लेकर राज्य सरकार को गुरुवार को फटकार लगाई। पिछले महीने 25 मई इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायालय ने जानना चाहा कि बिना अनुमति के संचालित किये जा रहे टीआरपी गेम जोन के खिलाफ कार्रवाई न करने पर स्थानीय नगर निकाय के तत्कालीन प्रमुख को क्यों निलंबित नहीं किया गया।

उच्च न्यायालय ने इस बात की जानकारी मिलने के बाद अप्रसन्नता जताई की कि यद्यपि टीआरपी गेम जोन को राजकोट नगर निगम (आरएमसी) द्वारा पिछले वर्ष जून में नोटिस दिया गया था, लेकिन नगर निगम द्वारा एक वर्ष तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उस समय निगम के आयुक्त आनंद पटेल थे। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की विशेष पीठ राजकोट के टीआरपी गेम जोन में आग लगने की घटना के मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति वैष्णव ने कहा, आपने नगर नियोजन अधिकारी को नौकरी से निकाल दिया, लेकिन तत्कालीन नगर आयुक्त को निलंबित क्यों नहीं किया गया? जून 2023 में संरचना को ढहाये जाने का आदेश पारित किया गया। इसके बाद फिर क्या हुआ? आप 27 लोगों की जान जाने तक चैन से बैठे रहे। उन्होंने पूछा कि आईएएस अधिकारी पटेल के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 क्यों नहीं लगाई जानी चाहिए। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 13 जून तय की।



आग लगने से पूरी तरह जल गया गेम जोन। (फाइल फोटो)

### 2023 में दिया गया था नोटिस

आरएमसी के वकील जीएच विर्क ने गुरुवार को हलफनामे के माध्यम से अदालत को बताया कि टीआरपी गेम जोन में आरएमसी के अग्निशमन विभाग द्वारा कोई जांच नहीं की गई थी। सुनवाई के दौरान यह भी पता चला कि गेम जोन के मालिकों ने कभी भी अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन नहीं किया। गेम जोन का बिना किसी पुलिस अनुमति के संचालन किया जा रहा था। अदालत को यह भी बताया गया कि आरएमसी के नगर नियोजन विभाग को इस अवैध संरचना के बारे में पता था और जून 2023 में इसे ढहाने के लिए नोटिस दिया गया था। इससे पहले अप्रैल, 2023 में नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत अनधिकृत निर्माण को हटाने के लिए नोटिस भी दिया गया था।

# स्विमिंग पूल में तीन दोस्त डूबे एक की मौत

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र स्थित एक रिसोर्ट के तरणताल में नहा रहे तीन युवक डूब गए, जिनमें एक की मौत हो गई, जबकि दो को सुरक्षित निकाल लिया गया । अलवर शहर के सूर्य नगर निवासी चेतन कुमार ने बताया कि उनकी 10 मई को शादी हुई थी, जिसकी पार्टी करने के लिये वह अपने तीन दोस्तों के साथ सनराइज रिसोर्ट गये और बुधवार रात साढ़े आठ बजे वहां के तरणताल में नहा रहे थे। इसी दौरान सूर्यनगर निवासी अनिल तेरता तेरता गहरे पानी में चला गया और वह डूबता चला गया। बड़ी मुश्किल से उसे निकाला और अलवर के एक निजी अस्पताल में लेकर आये, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने बताया कि रात 9:00 बजे सूचना मिली कि सनराइज रिसोर्ट के स्विमिंग पूल में तीन युवक डूब रहे हैं, जिनमें दो को बचा लिया जबकि एक की मौत हो गयी, उसे अलवर की सोलंकी अस्पताल लेकर आये, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है । मृतक सूर्य नगर निवासी अनिल है । मृतक के शव को राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया, जहां आज पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# गहलोत शासन में भर्ती कर्मचारियों की जांच करवाएगी राजस्थान सरकार

जयपुर, एजेंसी

- राज्य के कार्मिक विभाग ने जारी किया आदेश, पांच साल मं हुई भर्तियों की होगी जांच

राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार ने पिछले पांच साल के दौरान राज्य में भर्ती हुए राज्यकर्मियों की आंतरिक विभागीय जांच कराने का फैसला किया है। इसमें जांच की जाएगी कि भर्ती परीक्षा देने वाला व नौकरी करने वाला व्यक्ति एक ही है या अलग-अलग। राज्य के कार्मिक विभाग ने बृहस्पतिवार को इस बारे में आदेश जारी किया।

कार्मिक भर्ती प्रकोष्ठ विभाग ने विगत पांच वर्षों में भर्ती राज्यकर्मियों की विभागों द्वारा आंतरिक जांच कराने के लिए आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि गत पांच साल में राज्य में अशोक गहलोत की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार थी। आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के ध्यान में लाया गया है कि विगत पांच वर्षों में विभिन्न विभागों में की गई भर्तियों में फर्जी शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज प्रस्तुत कर एवं डमी उम्मीदवार को परीक्षा में बिठाकर कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा सरकारी नौकरियां प्राप्त की गई हैं। इसमें कहा गया है कि अतः प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रत्येक विभाग के द्वारा विगत पांच वर्षों में भर्ती किए गए कर्मचारियों के संदर्भ में आन्तरिक कमेटी गठित कर यह जांच कर लें कि परीक्षा देने वाला एवं नौकरी करने वाला लोक सेवक दोनों एक ही व्यक्ति हैं या अलग-अलग।

### अमरनाथ यात्रा को लेकर कश्मीर में हुई सुरक्षा बैठक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) विजय कुमार ने गुरुवार को आगामी अमरनाथ यात्रा के सुरक्षित और सुचारू संचालन के लिए अपनाई जाने वाली समग्र सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए बलों की एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की। 52 दिवसीय यात्रा 29 जून से मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम के दोहरे मार्गों से शुरू होगी। एडीजीपी ने अधिकारियों को किसी भी संभावित आतंकी खतरे की पहचान करने और उसे बेअसर करने के लिए अमरनाथ यात्रा मार्ग पर एंटी-सैबोटाज टीमों को तैनात करके सुरक्षा उपायों को बढ़ाने, मजबूत करने और संभावित जोखिमों को कम करने का निर्देश दिया।

# घाटकोपर में कमजोर नींव पर लगाया गया था होर्डिंग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में पिछले माह विशालकाय होर्डिंग गिरने से 17 लोगों के मारे जाने की घटना पर एक प्रौद्योगिकी संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि यह होर्डिंग जहां लगाया गया था वह नींव कमजोर थी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रौद्योगिकी संस्थान ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट पुलिस को सौंपी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आदर्श स्थिति यह है कि शहर में लगे किसी भी होर्डिंग को हवा की 158 किलोमीटर प्रति घंटे की गति को सहने में सक्षम होना चाहिए लेकिन एक अधिकारी ने बताया कि घटना वाले दिन हवा की गति 87 किलोमीटर प्रति घंटा थी। घटना में 17 लोगों की मौत हो गई और 74 अन्य घायल हो गए थे। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने वीरमाता जीजाबाई प्रौद्योगिकी संस्थान से होर्डिंग गिरने के कारणों का पता लगाने का अनुरोध किया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि संस्थान ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट मुंबई अपराध शाखा को सौंपी। अपराध शाखा ही इस मामले की जांच कर रही है। अधिकारी ने रिपोर्ट के हवाले से बताया, होर्डिंग जिस स्थान पर लगाया गया था जगह उचित नहीं थी और नींव कमजोर थी।


# भतीजे व भतीजी की हत्या कर ट्रेन के आगे कूदा युवक

जयपुर, एजेंसी

- संपत्ति के विवाद को लेकर भाभी और बच्चों पर चाकू से किया हमला

जयपुर में एक युवक ने अपनी नाबालिग भतीजी और भतीजे की चाकू मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपनी भाभी पर भी हमला किया, जिनका एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, घटना बुधवार रात झोटवाड़ा थाना क्षेत्र में हुई। रघुवीर सिंह ने अपने भाई लक्ष्मण की पत्नी शकुंतला के साथ तीखी बहस के बाद उस पर तथा उसके करीब एक साल के बेटे सूर्य प्रताप और बेटी दिव्यांशी (12) पर हमला कर दिया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों बच्चों की मौत हो गई और शकुंतला का इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, हमले के बाद रघुवीर घर से निकल गया और कनकपुरा के पास चलती ट्रेन के आगे कूद गया। प्राथमिक जांच में पता चला है कि रघुवीर का लक्ष्मण से जायदाद संबंधी विवाद था। इस मुद्दे पर रघुवीर का शकुंतला से झगड़ा हुआ और उसने उस पर और बच्चों पर चाकू से हमला कर दिया।



राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते सूचना एवं प्रसारण सचिव, संजय जाजू, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक मौसमी चक्रवर्ती और दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद। • एजेंसी

# दिल्ली में तापमान तीन डिग्री गिरा गर्मी से लोगों को मिली राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

- गुरुवार को 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान

दिल्लीवासियों को गुरुवार को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली, जहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 41.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि राष्ट्रीय राजधानी में देर शाम हल्की बारिश के साथ धूल भरी आंधी या गरज के साथ बूंदाबांदी होने तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण दिल्ली में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक था। बृहस्पतिवार देर रात भी राष्ट्रीय राजधानी में बारिश और धूल भरी आंधी चली, जिससे दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिली। आईएमडी के बुलेटिन के अनुसार, बृहस्पतिवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।

# चुनाव के बाद भाजपाइयों पर हमला करते हैं टीएमसी के गुंडे : शुभेंदु

कोलकाता, एजेंसी

- भाजपा नेता ने राज्यपाल से हिंसा प्रभावित स्थलों का दौरा करने का किया अनुरोध

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस से राज्य के उन क्षेत्रों का दौरा करने का बृहस्पतिवार को आग्रह किया जहां से चुनाव बाद हिंसा की खबरें हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने बोस को पत्र लिखकर कहा कि यह पश्चिम बंगाल की संस्कृति बन गई है कि चुनाव परिणाम सामने आने के बाद तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करते हैं।

उन्होंने कहा कि जैसा कि अब पश्चिम बंगाल के साथ पर्याय बन गया है, सत्तारूढ़ सरकार के गुंडे चार जून को आम चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर हिंसक हो गए हैं। भाजपा नेता ने राज्यपाल से उन क्षेत्रों का दौरा करने का आग्रह किया जहां से चुनाव के बाद हिंसा की खबरें आ रही हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि किसी की जान न जाए और 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद हुई भयावह हिंसा की पुनरावृत्ति न होने पाए।

तृणमूल कांग्रेस के नेता शांतनु सेन ने कहा कि भाजपा को राज्य की जनता द्वारा दिए गए जनादेश को स्वीकार करना चाहिए। उन्हें नाटक बंद करना चाहिए क्योंकि संदेशखालि में उनकी साजिश बेनकाब हो गई है। अधिकारी ने कहा कि हालांकि चुनाव के बाद राज्य में सीएपीएफ तैनात हैं लेकिन इन बलों का उपयोग बिगड़ती स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नहीं किया जा रहा है।

# सीआईसी को एमपीलैड्स के इस्तेमाल पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा आरटीई का दायरा सूचना तक पहुंच प्रदान करने तक सीमित

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) को सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना (एमपीलैड्स) कोष के इस्तेमाल के संदर्भ में टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम का दायरा सार्वजनिक प्राधिकरणों के नियंत्रण में सूचना तक पहुंच प्रदान करने तक ही सीमित है।

अदालत ने एमपीलैड्स की राशि के इस्तेमाल से संबंधित सूचना मांगने वाले आरटीआई आवेदन पर विचार करते समय सीआईसी द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों को हटा दिया और कहा कि मुख्य सूचना आयुक्त को किसी भी सार्वजनिक प्राधिकार के कामकाज पर प्रतिकूल टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। हालांकि, इसने संबंधित निधि के सांसद-वार, निर्वाचन क्षेत्रवार और





कार्यवार विवरण का खुलासा करने के सीआईसी के निर्देश को बरकरार रखा। अपने आदेश में, सीआईसी ने पाया कि कुछ सांसद अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष के लिए अपने एमपीलैड्स निधि को जानबूझकर बचाये रखते हैं ताकि अगले चुनावों से पहले काम कराकर उसका चुनावी लाभ प्राप्त किया जा सके। सीआईसी ने सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को सुझाव दिया कि वह इस फंड के इस दुरुपयोग को रोके तथा पांच साल के कार्यकाल के प्रत्येक वर्ष के लिए समान रूप से धन वितरित करने के लिए दिशा-निर्देशों को लागू करे। हालांकि, न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने पिछले महीने जारी अपने आदेश में कहा, सीआईसी के पास संसद सदस्यों के एमपीलैड्स से संबंधित निधि के इस्तेमाल पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। आरटीआई अधिनियम का दायरा केवल यह सुनिश्चित करना है कि इसके तहत मांगी गई सूचना आवेदनकर्ता को मिले। इसलिए, सीआईसी द्वारा संसद सदस्यों के एमपीलैड्स निधि के इस्तेमाल के तरीके पर की गई टिप्पणियों को हटाया जाना चाहिए। अदालत का यह आदेश सीआईसी के फैसले के खिलाफ केन्द्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की याचिका पर आया है।

# असम के सामाजिक तानेबाने की बुनियाद कमजोर: हिमंत

गोलपाड़ा/गुवाहाटी (असम), एजेंसी

- असम के मुख्यमंत्री ने नगांव और धुबरी लोकसभा के चुनाव परिणाम पर जताई चिंता

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को दावा किया कि नगांव और धुबरी लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव परिणाम इस तथ्य की ओर इशारा करते हैं कि राज्य के सामाजिक तानेबाने की बुनियाद बहुत कमजोर है।

धुबरी सीट से कांग्रेस विधायक रकीबुल हुसैन ने 10 लाख वोट के रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि नगांव से कांग्रेस के ही प्रद्युत बोरदोलोई 2,12,231 मतों के अंतर से दोबारा विजयी हुए हैं। शर्मा ने गोलपाडा में कहा कि नगांव और धुबरी के खतरनाक चुनाव परिणामों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि असम के सामाजिक तानेबाने की बुनियाद बहुत कमजोर है। उन्होंने दावा किया, आप सोचिए कि 10 लाख से ज्यादा वोट से जीत हुई और एक भी हिंदू ने वहां मतदान नहीं किया। हमारे सामाजिक तानेबाने के सामने कैसा खतरा है? अगले 10 वर्षों में मुस्लिम जनसंख्या में 29 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह 10 लाख 12 लाख हो जाएगा। शर्मा ने यह भी कहा कि बोरदोलोई ने भी नगांव में मुस्लिम बहुल विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा ने सभी हिंदू बहुल विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की। उन्होंने कहा, नगांव में लहारीघाट, धींग, रूपाही और समागुरी ने दो से ढाई लाख मतों के अंतर से कांग्रेस को विजयी बनाया। इसलिए यदि किसी प्रकार का प्रतिरोध नहीं हुआ तो असम में स्थिति बहुत खतरनाक हो जायेगी।

# असम में आठ करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि राज्य के कार्बी आंगलोंग जिले में पुलिस ने आठ करोड़ रुपये मूल्य की याबा गोलियां जब्त कीं और दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कार्बी आंगलोंग पुलिस द्वारा चलाए गए मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत, दिल्लई प्वाइंट पर एक वाहन को रोका गया। इस वाहन से आठ करोड़ रुपये मूल्य की 40,000 याबा गोलियां जब्त की गईं। उन्होंने आगे बताया कि मादक पदार्थ के परिवहन के संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। याबा गोलियों में नशीला उत्तेजक मादक पदार्थ मेथैम्फेटामाइन और कैफीन होता है। मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य को नशा मुक्त बनाने की दिशा में असम पुलिस के प्रयासों की सराहना की।

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासमः सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्॥

किसी के लिए विद्या के समान बन्धु नहीं होता, किसी के लिए विद्या के समान सुहृद् नहीं होता। धन के समान विद्या नहीं होती, सुख के समान विद्या नहीं होती।


## संपादकीय

# शुरुआत से पहले ही दबाव

केंद्र में सरकार गठन की कवायद के बीच शुरूआत से पहले ही भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों ने दबाव की राजनीति शुरु दी है। सत्ता की बिसात पर सहयोगी दल अपनी-अपनी चाल चल रहे हैं। इससे आने वाले समय में नरेंद्र मोदी के लिए पहली बार गठबंधन सरकार चलाने में ज्यादा मेहनत करने की जरूरत से इंकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है 543 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 293 सीटें जीतीं हैं। भाजपा ने 240, तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने 16 और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने 12 सीटें जीती हैं। ऐसे में नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी प्रमुख भूमिका में आ गए हैं। गुरुवार को जेडीयू ने अग्निवीर योजना की समीक्षा करने की बात सार्वजनिक तौर पर कही है। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर बहुत विरोध हुआ था और चुनाव में भी उसका असर देखने को मिला है। इस पर विचार करने की जरूरत है। इसके बाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने जेडीयू की इस मांग के प्रति अपना विरोध जताया है। उन्होंने कहा अग्निवीर योजना की समीक्षा की बात करनी ही थी तो एनडीए की बैठक में ही की जानी चाहिए थी। इस तरह से सार्वजनिक बात करना गठबंधन धर्म के खिलाफ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कथित तौर पर अपनी पार्टी के लिए दो मंत्रालयों की मांग कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र ही वह राज्य है, जहां पर भाजपा को चुनाव में बड़े झटके का सामना करना पड़ा है। भाजपा को इस बार महाराष्ट्र में कांग्रेस से भी कम सीटें मिली हैं। भाजपा को नौ सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं कांग्रेस को 13 सीटों पर जीत हासिल हुई है। साफ हो गया है कि स्पष्ट बहुमत न मिलने की वजह से सरकार चलाने के लिए भाजपा को अपने सहयोगियों पर काफी हद तक निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसे में भाजपा को राष्ट्र के प्रति अपने दृष्टिकोण में अधिक समावेशी और रचनात्मक होने की आवश्यकता है। मतदाताओं के फैसले से भी यही संकेत मिल रहे हैं। समान नागरिक संहिता समेत कोई भी नीति लाने से पहले तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री को अपने सहयोगियों के साथ सामाजिक-आर्थिक एजेंडा को ध्यान में रखते हुए सहमति बनानी होगी। चुनाव परिणाम भाजपा को जवाबदेह बनाता है और मांग करता है कि वह और अधिक रचनात्मक हो। भाजपा को लोकतांत्रिक भावना से उस संदेश पर ध्यान देना चाहिए। लोगों का फैसला इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता कि भाजपा भारत के विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों की राजनीतिक आकांक्षाओं के प्रति अधिक सौहार्दपूर्ण और कम टकराव वाली हो।

# प्रवृत्ति के कारण ही अपराध और उद्योग हो गया है गर्भपात



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं,जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं।

एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित जर्नल 'कॉण्ट्रासेप्शन-एक्स' के सन् 2022 में प्रकाशित एक अंक में दिए गए लेख 'ड्रग्स यूज्ड टु इंड्यूस फीटल डीमायीज़ प्रायर टु गर्भपातः ए सिस्टेमेटिक रिव्यु' में दिए गए आंकड़ों के अनुसार विश्व में हर साल सात करोड़ 33 लाख भ्रूण और गर्भस्थ शिशु जन्म से पहले ही समाप्त कर दिए जाते हैं। पूरी तरह से विकसित शिशु तक को गर्भ में ही मार दिया जाता है। कुछ रासायनिक यौगिक या दवा तो ऐसी हैं जिनसे गर्भस्थ शिशु के हृदय की गति को रोक दिया जाता है।

हिंदुस्तान में सन् 1971 में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट पास करके लागू किया गया था। इसके बाद सन 2003 में इससे संबद्ध 'रेगुलेशंस' लागू किए गए। सन् 2021 में इसमें फिर से संशोधन करके कुछ ढील दी गई। इस एक्ट और रेगुलेशंस को बनाने के पीछे की मंशा बहुआयामी रही। यह कि अगर गर्भवती स्त्री की खुद की जान पर जोखिम पैदा हो जाए, नाबालिक कन्या के साथ दुष्टता करने से वह गर्भवती हो जाए या अविवाहिता होने पर गर्भवती हो जाए या फिर विवाहिता होने पर भी और संतान की इच्छुक न होने या किसी भी कारण से गर्भ को पूरा करके बच्चे को जन्म न देने की स्थिति हो तो कानूनन ऐसे गर्भ से छुटकारा पाने के लिए प्रशिक्षित स्त्री-रोग विशेषज्ञ की सलाह पर और देखरेख में गर्भपात किया जा सकता है,लेकिन इस एक्ट का पालन न करने का बड़ा कारण सामजिक तौर से लांछन है।

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं,जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं। लांछन से बचने के लिए अविवाहित स्त्री और इसका साथी पुरुष या घरवाले गैर कानूनी तरीके से अप्रशिक्षित दाईयों या अप्रशिक्षित और गैर-रजिस्टर्ड धंधेबाजों के चंगुल में फंस कर बहुत नुकसान उठाते हैं। भारत में इस समय एमटीपी एक्ट की सन 2021 की संशोधन की अधिसूचना के अंतर्गत अधिकतम 24 सप्ताह तक के भ्रूण को निकालने की इज़ाज़त है। गर्भपात के दौरान सभी शरीर क्रियाएं नार्मल होनी चाहिएं। ब्लीडिंग होने की स्थिति में ब्लड ग्रुप की अतिरिक्त थैलियां रखने का प्रावधान अनिवार्य हैं। अगर गर्भपात लीगल है और घरवालों की सहमति से या फिर दूसरी स्थिति में न्यायालय की अनुमति से है या गर्भवती की जान बचाने का मामला ही क्यों न हो, गर्भस्थ भ्रूण या शिशु को एबॉर्ट किया जा सकता है। लीगल मामलों में सारा खर्चा सरकार वहन करती है। एमटीपी लागू होने से पहले गर्भपात को इंडियन पीनल कोड की धारा 312 के तहद अपराध की श्रेणी में रखा गया था।

ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है।

गर्भपात एक उद्योग नहीं है फिर भी भारत में सन 2015 के आंकड़ों के मुताबिक़ एक करोड़ 80 लाख के आसपास लीगल और न जाने कितनी संख्या में आपराधिक तरीके से गर्भपात किए गए। गर्भपात के बारे में लोगों की भिन्न राय हो सकती है,लेकिन बड़ी बात होती है इसे सही पद्धति से प्रशिक्षित डॉक्टर्स की निगरानी में कानून-सम्मत तरीके से करवाने की ताकि गर्भवती स्त्री की जान पर कोई जोखिम न आए। गर्भपात के इकॉनोमिक, सोशल, धार्मिक आस्था, भावात्मक, शारीरिक और पारिवारिक असर क्या होते हैं, इससे बहुत लोग वास्ता नहीं रखते लेकिन यह कहां तक और कितना नैतिक कर्म है यह तो परिस्थिति पर निर्भर करता है। फिर भी गर्भपात एक ऐसा काम है जो परेशानी का सबब तो है ही, नैतिक पतन से भी जुड़ा हुआ मामला है। एमटीपी एक्ट की जानकारी देश में सभी को, खासतौर से युवाओं अवश्य होनी चाहिए। खतरनाक स्थिति तब उत्पन्न होती है जब इधर-उधर से जानकारी लेकर और कानून के दायरे में काम करने वाले सरकारी अस्पताल या रेफेरल सेंटर, जैसे कि पीजीआई, के एक्सपर्ट ग्यनेकोलोजिस्ट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) की सलाह और सहायता के बिना बाज़ार से गर्भपात की गोली लेकर महिला इसे खुद ही इस्तेमाल कर लेती है और मुसीबत में पड़ती है।

ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है। मार्किट में पांच गोलियों का यह पैक अनेक ब्रांड नाम से मिलता है। युवा लोग सामाजिक स्टेटस के गैर कानूनी होने की वजह से अनसेफ सेक्स करके साथी महिला को प्रेग्नेंट करते हैं या रेप होने के बाद गर्भवती हुई बालिग अविवाहिता या विवाहिता या नाबालिक लड़की इस किट को खुद ही इस्तेमाल करने का प्रयास करते हैं,तब अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण मामला बिगड़ जाता है और वे सरकारी अस्पताल या किसी नामी प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर के पास न जाकर नीम-हकीम के पास जाते हैं। राज खुलने पर शर्मिंदगी झेलते हुए भी इन युवजनों को गर्भपात के बुरे नतीजे से बचकर एक्सपर्ट डॉक्टरी मदद बाद में लेनी ही पड़ती है। ऐसे में प्राइवेट क्लिनिक वाले बहुत पैसा लेते हैं। कुछेक बार तो छोटे शहरों में गर्भपात किट की शॉर्ट सप्लाई की ख़बरें भी सुनी गई हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और इसके सदस्य भारत देश में गर्भपात को सुरक्षित करने के वास्ते यौन-सक्रिय और संतान पैदा करने की क्षमता की 15 से 58 वर्ष के बीच की उम्र वाली महिलाओं को कानून की ही नहीं बल्कि सेफ गर्भपात के प्रोसीजर्स की जानकारी होनी ही चाहिए। भारत की कुल महिला आबादी में से 66. 4 प्रतिशत महिलाएं अभी रिप्रोडक्टिव एज ग्रुप में आती हैं। मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन के सोशल स्टेटिस्टिक्स डिवीज़न द्वारा सन् 2022 में प्रस्तुत 203 पन्नों की 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया' रिपोर्ट से जाहिर होता है। बेहद गंभीर बात है कि भारत में गर्भपात के दौरान 67 प्रतिशत महिलाओं की मौत हो जाती है जैसाकि ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (ग्लोबल हेल्थ) के मार्च 2019 के अंक में प्रकाशित पेपर 'अनसेफ गर्भपात एंड गर्भपात रिलेटेड डेथ अमंग 1. 8 मिलियन वीमेन इन इंडिया' के माध्यम से रयो योके, राचेल रोवी, शास्वती सान्याल चौधरी,अंजलि रानी और इनके दो साथियों ने मालूम किया। यह पर्चा भारत की स्वास्थ्य संबंधी 2010 से 2013 की सालाना सर्वे रिपोर्ट्स से लिया गया है। सन् 2007 से 2011 के दौरान जिन 18 लाख, 76 हज़ार 462 गर्भवती महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान विषमताओं के कारण महिलाओं की मृत्यु हुई इनमें वे 253 महिलाएं भी शामिल थीं जिनकी मृत्यु गर्भपात के कारण हुई थी। इस अवधि में कुल 89 हज़ार 447 गर्भपात होने की बात रिपोर्ट में दर्ज है। हमारे देश में स्त्री और शिशु स्वास्थ्य संबंधी रिसर्च रिपोर्ट्स और डेटा की कमी नहीं बल्कि कमी है जानकारी को प्राप्त करने के जज्बे की।

गर्भपात के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा में सेफ्टी का तत्व कितना बड़ा है, पूछेंगे तो प्रश्न ठीक नहीं बनेगा। क्योंकि देश में कोई भी दवा क्लिनिकल ट्रायल्स का डेटा देखने के बाद ही ड्रग रेगुलेटर की इज़ाज़त से बाजार में उतारी जाती है। चोरी या स्मगलिंग से देश में दवाएं नहीं आतीं। प्रश्न यह होना चाहिए कि गर्भपात करने से पहले सही प्रोसीजर्स अपनाए गए या नहीं और एमटीपी एक्ट के अनुसार ऐसा करना सही भी था या नहीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी सेफ गर्भपात गाइड लाइंस देश में ही नहीं,बल्कि 181 और सदस्य देशों में भी उपलब्ध हैं।

## प्रसंगवश

# पर्यावरण संरक्षण में सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख निर्णय

जून का महीना चल रहा है। पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। वर्तमान में शहरों में भी पानी की कमी हो रही है। इसके कई कारण हैं जिनमें सबसे महत्वपूर्ण जलवायु परिवर्तन है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त रहना मौलिक मानव अधिकार है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे पास सीमित समय है और हमें तुरंत कार्रवाई करनी होगी। सतत भविष्य के लिए हरित बदलाव आवश्यक है जिसके लिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करने होंगे। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है तथा इसे गंभीरता से लेना जरूरी है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। इन निर्णयों में न केवल पर्यावरणीय कानून को परिभाषित किया गया है,बल्कि भारत में पर्यावरण संरक्षण के उपायों को भी सुदृढ़ किया है। यहां सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख निर्णयों पर प्रकाश डाल रहे हैंः रुरल लिटिगेशन एंड एंटाइटेलमेंट केंद्र बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश (1985): इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने देहरादून के पर्यावरण को बचाने के लिए चूना पत्थर की खदानों पर प्रतिबंध लगाया। न्यायालय ने माना कि पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए खनन गतिविधियों को रोकना आवश्यक है। एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (गंगा जल प्रदूषण मामला) (1987): इस मामले में न्यायालय ने गंगा में अपशिष्ट पदार्थ डालने पर प्रतिबंध लगाया और गंदगी फैलाने वाली फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया। एम.सी. मेहता बनाम कमलनाथ (1997): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि पर्यावरणीय संसाधन सार्वजनिक संपत्ति हैं और इनका संरक्षण सरकार की जिम्मेदारी है। यह निर्णय पर्यावरणीय कानून के 'लोक न्यासी सिद्धांत' को मान्यता देता है। ताज त्रिपेजियम मामला (1996): इस मामले में ताजमहल के आसपास के क्षेत्र को प्रदूषण से बचाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कठोर निर्देश जारी किए। इसमें आसपास की औद्योगिक इकाइयों को गैस आधारित ईंधन का उपयोग करने या स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। गोदावर्मन थिरुमुलपाड बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1996): इस मामले में न्यायालय ने देश के वन क्षेत्रों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। न्यायालय ने वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाने और वन संरक्षण अधिनियम,1980 को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया। नर्मदा बचाओ आंदोलन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2000): इस मामले में नर्मदा बांध परियोजना पर पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर निर्णय दिया गया। न्यायालय ने परियोजना को मंजूरी दी,लेकिन प्रभावित लोगों के पुनर्वास और पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन पर जोर दिया।



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

वीलर फोरम ऑफ इंडिया बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1997): इस मामले में न्यायालय ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली में चलने वाले 15 साल पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाया। यह निर्णय वायु गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से लिया गया था। लेसी विलेज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1999): इस मामले में न्यायालय ने ओडिशा के लेसी गांव में जैव विविधता हॉटस्पॉट की रक्षा के लिए निर्णय दिया। न्यायालय ने इस क्षेत्र में खनन गतिविधियों पर रोक लगाई। सुभाष कुमार बनाम स्टेट ऑफ बिहार (1991): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि साफ और स्वस्थ पर्यावरण में जीना मौलिक अधिकार है,जो अनुच्छेद-21 के अंतर्गत आता है। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देता है। एमके रंजीतसिंह बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2024): मामले में न्यायालय ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और इसे नियंत्रित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धताओं और प्रयासों पर भी चर्चा की। न्यायालय ने स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास को बढ़ावा मिले। न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 और 14 से इन कर्तव्यों को जोड़ते हुए घोषित किया कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के विरुद्ध अधिकार अनुच्छेद-21 और अनुच्छेद 14 के तहत आते हैं। ये निर्णय भारतीय पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुए हैं और भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे।

# भाजपा को दक्षिण से मिले संकेत आश्वस्तिदायक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं,जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए।

समूचे भारत में एक वैचारिक झंझावात उठ खड़ा हुआ है कि आखिर लगातार दो टर्म में अपने अकेले दम पर बहुमत हासिल कर लेने वाली भाजपा इस बार बैसाखियों पर क्यों आ टिकी? किंतु ध्यान देने वाली बात है कि बस तीनेक राज्यों को छोड़ दीजिए तो भाजपा का परचम खूब लहराया है। यहां तक कि धुर दक्षिण केरल में भी उसका खाता खुला और तमिलनाडु में उसके वोट प्रतिशत में बड़ा इजाफा हुआ है। आंध्र प्रदेश ने उसका भरपूर साथ दिया। इससे क्या संकेत मिलता है?

संकेत आश्वस्तिदायक है। भारत के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश ने हिन्दू अस्मिता का मुखर संदेश दे दिया है। विगत दशक के शासनकाल में तमाम बाह्य और अंतर्विरोधों के बावजूद,पार्टी की नाकामियों,जन संवादहीनता,बढ़ते भ्रष्टाचार के बावजूद हिंदुओं के एक बड़े हिस्से के मोदी में अटूट विश्वास का ही यह प्रतिफल है कि भाजपा अपने चुनावपूर्व के गठबंधन सहयोगियों के साथ तिबारा सरकार बनाने जा रही है। यह हिंदू गौरव की विजय है।

उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं,जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए। इस बेहद अप्रत्याशित और घटिया प्रदर्शन की जिम्मेदारी तो लेनी होगी। पहले कारणों पर चल रहे चर्चा बिंदुओं को रेखांकित कर लिया जाए तो नेतृत्व और भाजपा कैडर की नाकामी है। इसके नेतागण का आम जनता/मतदाता से कनेक्ट पूरी तरह विच्छेदित हो चुका है। आम भाजपाई नेतागण ही नहीं इनके चुने हुए प्रतिनिधि, विधायक और सांसद जीतने या हारने के बाद कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। कभी क्षेत्र में नहीं जाते। आखिर मोदी का चेहरा कब तक इन्हें बचाता? दूसरे शीर्ष कमान को समाजवादी पार्टी की नई और बेहतरीन सोशल इंजीनियरिंग का तनिक भान तक नहीं रहा और ये आत्ममुग्धता में हवाई किले बनाते रहे, जबकि इनके पास इंटेलिजेंस से लेकर सारी मशीनरी थी। या तो इन्हें निरंतर ठकुरसुहाती फीडबैक मिलता रहा और ये गुमराह होते रहे।

यह चुनाव भाजपा के चाणक्य का वाटरलू बन गया और विपक्ष ने उधर एक चतुरतापूर्ण समीकरण तैयार किया। कांग्रेस के पक्ष में वोट जिहाद के गुपचुप नारे के साथ मुस्लिम शत प्रतिशत एकजुट हुए और समाजवादी यादवों की एकजुटता तो जानी पहचानी है ही। इसमें सपा सुप्रीमो का लोकसभावार लगभग सभी जगह ऐसे प्रत्याशियों का उतारना जो दलित या अन्य पिछड़ी जाति के वोट बटोर सकें, इनके लिए सोने में सुहागा बन गया। समीकरण हिट हो गया। भाजपा प्रत्याशी आत्मश्लाघा और आत्ममुग्धता में मतदान की तिथि तक डूबे रहे। न तो क्षेत्र में गहन भ्रमण किया न ही प्रचार किया। इसके बावजूद भाजपा और कमल को समर्पित मतदाता एकजुट रहा। अन्यथा तो और भी शर्मनाक स्थिति होती। हां स्वजाति के प्रत्याशी के नाम पर पिछड़ी जातियां लोकसभावार लामबंद हुईं। पिछड़ी और अति पिछड़ी तथा दलित वोटों में चालाकी भरी सेंध भाजपा पर भारी पड़ गई। तो अब क्या? अब विधानसभा चुनाव सामने हैं। दिन बीतते देर नहीं लगती। भाजपा को तैयारियों के लिहाज से,यहां अपने सेटअप की जबर्दस्त ओवरहॉलिंग करनी होगी। पराजय की जिम्मेदारी लेनी होगी और विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों से सख्त जवाबदेही करनी होगी।

अनावश्यक बोझ बने पदाधिकारियों को चलता करके जनप्रिय और ऊर्जावान नेतृत्व देने वालों को जिम्मेदारी देनी होगी। योगी को संगठन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद देकर सारे भारत में हिंदुत्व की पताका फहराने का जिम्मा मिले और यहां मध्य प्रदेश के ही हिट फार्मूले के अनुसार सुयोग्य बैकवर्ड/दलित मुख्यमंत्री लाना होगा,जो विधानसभा चुनावों को सबल नेतृत्व दे सके। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध कुंद पड़ती धार में तीव्रता लाने,छुट्टा गोवंश की चिरस्थाई हो चुकी समस्या का समाधान करने की परिणामी कार्रवाई भी इसी बीच करनी होगी। नाराज क्षत्रिय क्षत्रपों को भी मनाना समझाना बुझाना होगा जिनका सहयोग भी अन्यान्य कारणों से भरपूर नहीं मिल पाया। ब्राह्मणों का आदर सम्मान करना होगा,क्योंकि भैय्या जी की नजर इस बड़े वोट बैंक की ओर बस उठने ही वाली है। मुझे लगता है कि इन तैयारियों के साथ भाजपा यदि उप्र के आगामी विधानसभा चुनावों में उतरती है तो वह मौकापरस्त गठबंधन को माकूल चुनौती देगी।

## सोशल फोरम

# नकार दिया अहंकारी भाव

इस बार जनता ने अहंकारी भाव खारिज कर दिया कि हम जिसे चाहेंगे टिकट देंगे और जिसे टिकट देंगे वह जीतकर ही आएगा। 2019 की तुलना में इस बार सातों चरण मिलकर लगभग तीन प्रतिशत मतदान कम हुआ। यह कौन लोग थे,जो वोट डालने नहीं निकले,यह प्रश्न भाजपा को मध्य आय वर्ग के बीच ले जाना चाहिए कि क्यों वोटरों में चुनाव के प्रति कोई आकर्षण नहीं रह गया था।



डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय,गोरखपुर

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी चारों ओर मुखर थी और उसके साथ ही हर वर्ग के मतदाता को यह बात भी घर कर गई थी कि नीचे से लेकर ऊपर तक नेताओं में अहंकार बहुत है। सभी के इस अहंकार ने बड़ा अंतर पैदा कर दिया। पूरे उत्तर प्रदेश में उदाहरण भरे पड़े हैं, जो बाहर से आए और यहां उनको टिकट दे दिया गया,जिन्हें जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वीकार ही नहीं किया। इसका एक चिंतन-मंथन होना चाहिए। पूरे उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ का कुशल प्रशासन व प्रभाव होने के बावजूद उनके सुझाव को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में स्वीकार क्यों नहीं किया? सूत्रों के हवाले से कहा जाता है कि उन्होंने 34 ऐसे नाम की सूची भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी थी जिसमें उन्होंने कहा था कि यह प्रत्याशी उत्तर प्रदेश में जीतने की स्थिति में नहीं हैं। उनको दरकिनार व विश्वास में न लेकर टिकट वितरण किए गए जिसका परिणाम यह हुआ कि उस सूची के 30 प्रत्याशी हार गए।

अभी समय है पैरासूट कल्चर नहीं रुका तो परिणाम और भी खराब हो सकते हैं। इस दल का जो मूल विचार है-अंत्योदय, एकात्म मानवदर्शन उस विचार को पोषित करने का कार्य कीजिए, अगर ऐसा न हुआ तो यह भारतीय जनता पार्टी का मात्र नुकसान नहीं है। यह इस हम सबका नुकसान है,जो सांस्कृतिक राष्ट्र बनाने का सपना हम सब देखते थे या देखते हैं,वह अधूरा रह ही रह जाएगा। आजकल कुशल संगठनकर्ता, राजनीति के चाणक्य,शिल्पकार और सौर मंडल में उभरे सूर्य,आजकल ऐसे शुभकामना संदेश व फोटो खिंचवा नेता सोशल मीडिया से गायब हैं। हम सब भावनात्मक रूप से 'राष्ट्रीयता के विचार से जुड़े हैं' व्यक्ति से नहीं।

**-फेसबुक वॉल से**

# केर बेर का संग

लोकसभा चुनाव परिणाम आ गए। मोदी नीत सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी बहुमत के जादुई आंकड़े 272 से पीछे 240 पर ठिठक गई। भाजपा ने यह चुनाव मोदी के नाम पर लड़ा था। यह कहा गया था कि 'समझो हर सीट पर मोदी खड़े हैं'। यही नहीं,पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र पर 'मोदी की गारंटी' का लेबल लगाया गया था। ऐसे में 303 सीटों वाली भाजपा का 240 पर सिमट जाना और काम चलाऊ बहुमत भी न पाना,अयोध्या में पराजय,वाराणसी में जीत का अंतर काफी कम होना।

सरासर मोदी के विरुद्ध भारत की जनता का आदेश है और पार्टी को जनता की आवाज सुनते हुए,चाहिए कि राजनीतिक शुचिता और नैतिकता के सु-स्थापित मानदंडों का पालन करते हुए अपने संसदीय दल का नेता किसी अन्य को चुने। यह नेता चयन शुक्रवार को होना है। मोदी राजग गठबंधन के शीर्ष नेताओं द्वारा 5 जून की बैठक में नेता चुन लिए गए हैं तथापि अभी सांविधानिक औपचारिकता शेष है जिसके अनुसार सभी घटक अपने-अपने संसदीय दल का नेता चुनेंगे और भाजपा संसदीय दल के नेता के समर्थन में पत्र राष्ट्रपति को देंगे। भाजपा संसदीय दल का नेता सरकार बनाने का दावा पेश करेगा, जिस पर राष्ट्रपति निर्णय लेंगी।




रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

खैर! आज के युग में राजनीति में नैतिकता गायब है और सिद्धांत शब्द सियासी शब्दकोश में है ही नहीं। अतः एक बेमेल गठबंधन की सरकार झेलना ही संप्रति देश की नियति है। नरेंद्र मोदी 16 सांसदों वाली तेलगू देशम् पार्टी व 12 वाली जनता दल यूनाइटेड तथा कुछ अन्य की मदद से सरकार बनाएंगे। अब कैसे चलाएंगे यह देखना दिलचस्प होगा। इन दोनों दलों के नेताओं से तालमेल बैठाना बड़ी टेढ़ी खीर होगी। चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार,जो किंग मेकर की भूमिका में हैं। दोनों पीएम बनने के महत्वाकांक्षी रहे हैं। नायडू वही हैं जिन्होंने 2002 के गुजरात दंगों के समय,राजग में रहते हुए,सबसे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री मोदी का इस्तीफा मांगा था और उनकी पार्टी ने मोदी के खिलाफ प्रस्ताव भी पास किया था। यही नहीं,मोदी अपनी चुनावी सभावों में नायडू को , "ससुर की पीठ में छुरा भोंकने वाला" तथा दल बदलने में माहिर कहते रहे हैं और नायडू मोदी पर योजनाबद्ध तरीके से प्रतिष्ठित संस्थानों को नष्ट और विरूपित करने का आरोप लगाते रहे हैं। वे कहते रहे हैं कि मोदी ने संस्थाओं की स्वायत्तता और लोकतंत्र पर हमला किया है। सीबीआई और आरबीआई व चुनाव आयोग तक को नहीं बख्शा। नायडू 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण के प्रबल समर्थक हैं और अपने राज्य में प्रवर्तित भी किए हैं। अब किंग मेकर होकर क्या इसे देश में नहीं लागू कराएंगे? तब भाजपा क्या करेगी? आरएसएस के हिंदुत्व एजेंडे का क्या होगा? क्या तीसरे टर्म वाले मोदी, जिन्हें मिली जुली सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, विसंगति झेल पाएंगे! शायद नहीं।

यह केर बेर का संग है। अब मथुरा और काशी वाले ईदगाह व ज्ञानवापी प्रकरण को क्या मोदी और संघ आगे बढ़ा पाएंगे? नीतीश पर अधिक लिखना बेकार है। वे क्षण भर में पाला बदलते हैं। किसी से कभी भी मिल सकते हैं। आइएनडीआइए गठबंधन की नींव इन्होंने ही डाली थी। संयोजक/पीएम प्रत्याशी नहीं बनाए गए तो विरोधी पलड़े में बैठ गए। कभी मोदी के साथ मंच साझा करने से परहेज था। अब उनके पैर छू चुके हैं। उनकी जाति वार जनगणना कराने की मांग और तदानुसार राष्ट्रीय संसाधनों, सुविधाओं में भागीदारी भाजपा कैसे सुनिश्चित करेगी? इंडी गठबंधन से कोई बड़ा लाभ ऑफर होने पर वे रातों-रात पाला बदल नहीं करेंगे, इसकी क्या गारंटी है? कुल मिलाकर सरकार रूपी सर्कस देखने लायक होगा। विकास आधारित जन उन्नयन भले ही न हो पर मुफ्त का मनोरंजन जरूर होगा।

# संकट में पानी

जल ही जीवन है,यह कहना ही पर्याप्त नहीं है। अपने तथा आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सुरक्षित रखने के लिए जल को संरक्षित करने के बारे में अनुसंधान, चिंतन तथा परिश्रम करना होगा। जल का प्रमुख स्रोत वर्षा है। वर्षा का अधिकांश जल जो हम उपयोग नहीं कर पाते,नदियों-नालों के द्वारा वापस समुद्र में चला जाता है, बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही कच्ची जमीन के माध्यम से पृथ्वी की कोख में जमा होता रहता है।



राज नारायण
बरेली

जैसे-जैसे विज्ञान ने विकास की सीढ़ियां चढ़ी, प्रकृति के अन्य संसाधनों की तरह हजारों वर्षों से भूगर्भ में संरक्षित जल का एक बहुत बड़ा हिस्सा हमने कुछ ही वर्षों में समाप्त कर दिया है। यही नहीं विकास के नाम पर हर स्थान को सीमेंटेड पक्का कर देने के कारण हमने वर्षा के जल को भूगर्भ में जाने के लगभग हर रास्ते को बंद कर दिए। अगर भूगर्भ जल प्रबंधन के बारे में गंभीरता से प्रयत्न नहीं किए गए तथा भूगर्भ के जल को इस्तेमाल करने की यही गति रही तो निश्चित मानिए,आने वाली पीढ़ियां प्यासी रहने के लिए बाध्य होंगी। भूगर्भ जल को बिना किसी प्रदूषण के संचित करने का एकमात्र साधन हमारे तालाब थे,जो कब्जे या फिर मात्र मनोरंजन के साधन बनकर रह गए। यद्यपि सरकार ने इसका संज्ञान लिया है,परंतु इतना ही पर्याप्त नहीं है। सामाजिक संगठनों एवं युवा शक्ति को स्वयं फावड़ा उठाकर मैदानों की और कूच करना होगा।

वृक्षारोपण की तरह ही जहां कहीं भी स्थान मिले,बरसात से पहले ही छोटे-छोटे तालाब खोद लेने चाहिए। गांवों में भी बड़ी जोत के किसानों को अपने खेत का एक हिस्सा छोटे तालाब में बदल देना चाहिए। तालाब खोदते समय सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि हम खुदाई रेत निकलने तक करें, बीच में न छोड़ें, उसके बाद धरती मां शेष काम स्वयं कर लेंगी। हमारे पूर्वज लोक कल्याण के लिए तालाब,कुएं,बावड़ी आदि का निर्माण कराते थे,जगह-जगह प्याऊ और नल लगवाते थे।

अभी भी अगर हम चाहें,तो बिना अधिक संसाधन लगाए,तालाबों के पुनर्जीवन के लिए चल रहे श्रमदान कार्यक्रमों से जुड़कर इस पुण्य का लाभ उठा सकते हैं।

# योगी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए : शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है। यदि आज विस चुनाव हो जाएं तो प्रदेश में अखिलेश के नेतृत्व वाली सरकार बनने में देर नहीं लगेगी। अब योगी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए।



वह चुनाव परिणाम आने के बाद चौगुर्जी स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा ने सभी जाति-धर्म का वोट हासिल किया है। इस जीत को देखते हुए उत्तर प्रदेश में योगी सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए और चुनाव कराने चाहिए। बसपा सुप्रीमो के मुस्लिम प्रत्याशियों को लेकर दिए बयान पर उन्होंने कहा की 2024 के चुनाव में जनता जान चुकी थी कि यह बीजेपी से मिली हुई है। इसलिए जनता ने भाजपा के साथ-साथ बहुजन समाज पार्टी को भी सबक सिखाया है। अयोध्या के साथ-साथ आसपास की सीटों पर भी समाजवादी पार्टी और गठबंधन की जीत के सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि हम सब राम को मानने वाले हैं। सेकुलर प्रत्याशी की इस बार अयोध्या से जीत हुई है, इससे बड़ी क्या बात हो सकती है।

## अहंकार से भाजपा का पतनःअखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणामों से जाहिर है कि भाजपा के अहंकार का पतन हुआ है और उप्र. में भाजपा सरकार के खिलाफ जनादेश आया है। प्रदेश मंत्रिमण्डल के 16 मंत्री लोस चुनाव में अपनी विस क्षेत्र से हार गए हैं। अखिलेश ने कहा कि केन्द्र में जो भाजपा 400 पार का नारा दे रही थी वह पूर्ण बहुमत में पाने से ही वंचित रह गई। सपा प्रमुख ने कहा कि अयोध्या में जनता ने भाजपा की आशाओं पर पानी फेर दिया। वहां की जनता दुःख दर्द से कराहती रही। भाजपा सरकार ने गरीबों को उजाड़ दिया।



### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, सभी विभागों से तत्काल जरुरतें चयन आयोगों को भेजी जाएं

# समय-सीमा तय कर विभागों में रिक्त पदों पर हो भर्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक, विभागवार प्रगति की ली जानकारी



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी महकमों की प्रगति टटोलनी शुरु कर दी है।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पदों को चयन प्रक्रिया की समयसीमा तय कर भरने को कहा। मुख्यमंत्री के अनुसार, जिन भी विभागों में रिक्तियां हैं और नियुक्ति की जानी हैं, वहां से तत्काल जरुरतें चयन आयोगों को भेजी जाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि इस प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का अच्छे से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। मुख्यमंत्री ने बैठक में अफसरों से स्पष्टतौर पर कहा कि अपर मुख्य सचिव हों या प्रमुख सचिव, सभी अपने-अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना और सभी प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। इसलिए समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है।

विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें।

**बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो**

योगी ने कहा, तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण हो। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तुरंत खुद मौके पर पहुंचें।

**जीएसटी संग्रह का लक्ष्य तय करें**

मुख्यमंत्री ने कहा, जीएसटी संग्रह के प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता है। फील्ड में तैनात अधिकारियों को लक्ष्य दें। इनके प्रदर्शन को ही इनकी पदोन्नति, पदस्थापना का आधार बनाया जाना चाहिए। तकनीक का प्रयोग बढ़ाएं, कर चोरी किसी भी दशा में न हो।

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से पूरी हुई बहस

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह विवाद मामले में गुरुवार को मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता महमूद प्राचा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मामले की पोषणीयता के संबंध में तीन तर्क दिए। सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत दाखिल वाद पर मस्जिद पक्ष की ओर से तसनीम अहमदी द्वारा बहस पूरी कर ली गई है, इसलिए उक्त मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया गया। पिछली सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्राचा के अनियंत्रित व्यवहार को देखते हुए आगे से पूरी अदालती कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराने की प्रार्थना भी की गई। इसके अलावा जहां तक एमिकस क्यूरी को हटाने का प्रश्न है, वह पहले से विचाराधीन है। पोषणीयता का मामला लंबित रहने के कारण इस मुद्दे पर उक्त मुकदमे पर आदेश सुनाए जाने के बाद विचार किया जाएगा। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हुई।

### आगजनी मामले में सपा विधायक को सजा आज



**कानपुर, अमृत विचार :** सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 5 आरोपियों पर दोष सिद्ध होने के बाद शुक्रवार को सजा सुनाई जाएगी। एमपीएमएलए कोर्ट ने सपा विधायक सहित सभी आरोपियों को तलब किया है। डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इरफान ने 22 दिसंबर 2022 को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में सरेंडर किया था। 3 जून को इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने दोषी करार दिया था। शुक्रवार को सभी दोषियों को सजा सुनाई जाएगी।

### रिश्वत लेते अवर अभियंता और दो संविदाकर्मी गिरफ्तार

**इटियाथोक (गोंडा), अमृत विचार :** रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को अवर अभियंता और दो संविदाकर्मियों को गिरफ्तार किया है। खरगूपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता संतोष कुमार सिंह, संविदाकर्मी लाइनमैन जानकीनगर थाना खरगूपुर के धर्मेंद्र प्रसाद तिवारी व संविदाकर्मी सुनील कुमार वर्मा निवासी बलरामपुर देवतहा फीडर के इटहिया नबीजोत चौराहे पर विद्युत कनेक्शन की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान अवर अभियंता व संविदाकर्मियों ने रामदत्त निवासी शिवगढ़ थाना खरगूपुर से 16 हजार रुपये की मांग की। कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन थाने की टीम के प्रभारी धनंजय कुमार सिंह, प्रिंस सिंह, राजकुमार यादव व वीरेंद्र तिवारी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

### जुलाई तक हो सकती है पुलिस भर्ती परीक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद अब उप्र. के 43 लाख युवा एक बार फिर से यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बेचैन हैं और अभ्यर्थी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के नोटिफिकेशन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उधर, गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक 60 हजार 244 कांस्टेबल भर्ती की पुनः परीक्षा की तारीखों का जल्द ऐलान किया जा सकता है। माना जा रहा है कि जुलाई के पहले हफ्ते में परीक्षा की तिथियों का ऐलान बोर्ड कर सकता है। मालूम हो कि इस वर्ष की 17 व 18 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने 60 हजार 244 कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा कराई गई थी। लेकिन परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो जाने के बाद सरकार को परीक्षा रद्द करते हुए आने वाले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लेना पड़ा था।

### एसबीआई में भारी मात्रा में पकड़े गए जाली नोट

**फतेहपुर, अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में भारी मात्रा में जाली नोट पकड़े जाने का मामला सामने आया है। आरबीआई कानपुर दावा अनुभाग के प्रबंधक आईपीएस गहलौत ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नकली करेंसी कितनी पकड़ी गई और इसकी खेप कहां से लायी जा रही थी, यह गोपनीय है। पुलिस को लग रहा है कि इसके पीछे कोई गिरोह सक्रिय है। पुलिस ने गिरोह के सरगना की तलाश शुरू कर दी। एफआईआर के मुताबिक बीते 27 मई को एसपी फतेहपुर ने एसबीआई में बड़ी मात्रा में जाली नोट पकड़ी थी। इसकी रिपोर्ट बनाकर कप्तान ने आरबीआई को भेजी थी। रिपोर्ट के आधार पर आरबीआई के आईपीएस गहलौत ने बुधवार रात सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। एफआईआर से इस बात का भी खुलासा हुआ है कि इस समय जाली नोट अधिक संख्या में पाए जा रहे हैं।

# भारी घाटे से उबरने के लिए यात्री सुविधाएं बढ़ाएगा परिवहन निगम

### समीक्षा के बाद प्रबंध निदेशक ने क्षेत्रीय अधिकारियों से मांगे सुझाव

मंगल सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** लगातार हो रहे घाटे से उबरने के लिए परिवहन निगम अपनी बसों की हालत में सुधार करेगा। इसके साथ ही बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। इसके लिए प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने क्षेत्रीय अधिकारियों से सुझाव मांगे हैं।



उत्तर प्रदेश राज्य सड़क ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (यूपीएसआरटीसी) प्रदेश के 282 बस स्टेशनों से 12429 बसों का संचालन करता है। इन बसों में ज्यादातर बसें साधारण श्रेणी की हैं, इनमें ज्यादातर बसों की हालत खराब है। इस कारण यात्री रोडवेज बसों में यात्रा करने से कतराते हैं। सर्दियों और अधिक गर्मी होने पर रोडवेज की बसों में यात्रियों को ज्यादा दिक्कत होती है। ऐसे में यात्रियों की संख्या घट जाती है। इस बार ही अप्रैल-मई में अधिक गर्मी पड़ने पर लगभग 50 फीसद यात्री घट गए। जिससे परिवहन को प्रतिदिन लगभग तीन करोड़ का घाटा हुआ। इस घाटे ने परिवहन विभाग को चिंता डाल दिया है। अब एमडी ने घाटे से उबरने की कवायद शुरू कर दी है।

प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने घाटे को लेकर क्षेत्रवार समीक्षा की। इसमें पाया गया कि लखनऊ परिक्षेत्र की 15.5 फीसदी बसों में यात्रियों की संख्या 50 फीसदी से कम है। 1000 में 150 से अधिक बसें घाटे में दौड़ रही हैं। कानपुर, हरदोई, अयोध्या, इटावा, प्रयागराज, चित्रकूट, झांसी, आजमगढ़, गाजियाबाद, आगरा, बरेली, वाराणसी, अलीगढ़ और सहारनपुर में भी यात्रियों की संख्या मानक से कम मिली है।

**लंबी दूरी की बसों का फेरा कम होगा**

नुकसान को कम करने के लिए लंबी दूरी की बसों के फेरे कम करने की तैयारी भी चल रही है। डबल क्रू वाली बसों को आधी दूरी पर दूसरे डिपो में रोककर दूसरी बस में शिफ्ट कर गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। इससे चालक, परिचालक की संख्या में भी कटौती होगी। सिंगल क्रू बसों को ही ज्यादा से ज्यादा चलाने पर विचार है।

## आठ विस सीटों पर होंगे उप चुनाव

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में आठ विधायक, सांसद बन गए हैं। जिसके बाद उन्हें अपना एक पद छोड़ना होगा। अगर वे विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देते हैं तो रिक्त सीटों पर अगले छह माह में उप चुनाव कराए जाएंगे। उप चुनावों में भाजपा को अपनी तीन व रालोद की एक और सपा को अपनी चार सीटें बचाने की चुनौती होगी।

सांसद चुने गए विधायकों में मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से अखिलेश यादव हैं, जो अब कन्नौज से सांसद बन गए हैं। अंबेडकर नगर की कटेहरी सीट से विधायक लालजी वर्मा भी अब सांसद चुन लिए गए हैं। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट के विधायक अवधेश प्रताप सिंह फैजाबाद के सांसद बन गए। संभल की कुंदरकी से विधायक जियाउर्रहमान बर्क भी सांसद बन गए है। पश्चिम उप्र. की मीरापुर सीट के रालोद विधायक चंदन चौहान भी बिजनौर से सांसद चुने गए हैं।

# उप्र. के चुनाव परिणामों पर दिल्ली में होगी चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष को देंगे रिपोर्ट

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा की दिल्ली में बुलाई गई संसदीय बोर्ड की बैठक से पहले उत्तर प्रदेश को लेकर भी चर्चा संभावित है। इस बैठक के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक गुरुवार को दिल्ली रवाना हो गए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी दिल्ली पहुंचेंगे। वहां लोस चुनाव के निराशाजनक परिणामों को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ इन नेताओं की अलग से वार्ता होनी है।

इधर, लोकसभा चुनाव के बाद परिणामों को देखते हुए भाजपा सरकार और संगठन में आने वाले समय में बदलाव हो सकता है। संगठन स्तर पर हुई बैठकों में समीक्षा के बाद सभी जिलों से बूथवार रिपोर्ट प्रदेश मुख्यालय ने तलब की है ताकि कहां किस स्तर पर कमी रह गई समझा जा सके। सभी हारे लोकसभा प्रत्याशियों और जीते हुए सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र की खामियां ओर उपलब्धियां प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी से साझा कीं हैं। सूत्रों के अनुसार जिलाध्यक्ष से लेकर विधायकों और बूथ तक के अध्यक्षों के बारे में रिपोर्ट तैयार हो रही है। दरअसल, कई मंत्रियों ही नहीं बड़े नेतागण भी अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी को नहीं जितवा सके। ऐसे में इस लोकसभा चुनाव में उप्र. के लिए मिशन 80 लेकर चल रही भाजपा को मात्र 33 सीटें ही मिल सकीं। जबकि, 2019 में पार्टी ने 62 सीटें हासिल कीं थीं। इस बार यह सीटें आधी रह गई हैं।

## फर्रुखाबाद में गंगा में चार युवक डूबे, दो की मौत

**फर्रुखाबाद, एजेंसी :** जिले के कादरी गेट क्षेत्र में अलग-अलग दो घटनाओं में गंगा नदी के पांचाल घाट पर स्नान करने के दौरान चार युवक डूब गये जिनमें दो की मौत हो गयी जबकि दो को बचा लिया गया। गुरुवार को नरायनपुर का रितिक (17) डूब गया था। आज सुबह शाहजहांपुर जिले के ग्राम रेती में अपने मौसा के घर आया राज त्रिवेदी (18) मोहल्ले के प्रांशु और चन्दन के साथ पीपा पुल के पास स्नान करते समय डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों के सहयोग से चंदन एवं प्राशु को डूबने से बचा लिया।

# लखनऊ में कुत्तों ने पांच साल के बच्चे को नोचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बुधवार देर शाम की घटना, घर के बाहर खेल रहा था जुनैद

**अमृत विचार :** कुत्तों के दौड़ाने से राजधानी में दो लोगों की मौत के मामले में हाईकोर्ट की फटकार के बाद भी नगर निगम लापरवाह बना हुआ है। नगर निगम जोन दो के वजीरगंज में चौधरी गड़ैया निवासी अफजल के तीन वर्षीय मासूम बेटे जुनैद को बुधवार देर शाम घर के बाहर खेलते समय तीन कुत्तों के झुंड ने बुरी तरह नोंच डाला।

परिजनों ने मासूम को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाने के बाद डॉक्टरों ने जुनैद को डिस्चार्ज कर दिया। वहीं दूसरी ओर नगर निगम के अधिकारी नियमों का हवाला देकर प्रभावी कार्रवाई से बचते रहे। लोगों में दहशत का माहौल है लेकिन निगम आक्रामक कुत्तों पर नियंत्रण के लिए कोई ठोस प्लान तैयार नहीं कर पाया है। दूसरे दिन घटना की जानकारी होने के बाद नगर निगम का कैटल कैचिंग दस्ता मौके पर पहुंचा। टीम ने मौके से तीन कुत्तों को पकड़ा।

# आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए सीओ

**लखनऊ, अमृत विचार :** बस्ती रेंज के एक जिले के क्षेत्राधिकारी (सीओ) को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। पत्नी इस कदर नाराज हुई कि वह शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई।

- पत्नी ने की थी शिकायत, मामला पहुंचा पुलिस मुख्यालय

प्रकरण जांच में सही पाया गया। जांच रिपोर्ट मुख्यालय पहुंची तो मुख्यालय के अधिकारी भी मामले को लेकर तनाव में आ गए। बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात क्षेत्राधिकारी को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास पर किसी दूसरी महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। पत्नी ने न सिर्फ सीओ को उस महिला के सामने बेइज्जत किया, बल्कि पूरा प्रकरण लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई। विभाग कार्रवाई से पल्ला न झाड़ ले, इसलिए उन्होंने पूरी शिकायत लिखापढ़ी में की। पुलिस अधीक्षक ने उनकी पत्नी के आक्रोश को भांपते हुए सीओ के खिलाफ जांच कराने का आदेश दे दिया। जांच में सीओ की पत्नी के आरोप सही पाए गए।


## वर्ग पहेली-93

**बाएं से दाएं**

3. अवसर के अनुकूल, अवसरोचित, मौके के मुताबिक।
5. 1. धोखेबाज़ी, वंचकता 2. छल–कपट।
6. 1. दूसरा, अन्य और, भिन्न 2. फिर, दुबारा, पुनः।

**ऊपर से नीचे**

1. पुरालेखभवन, वह कक्ष या स्थान जहां पुराने अभिलेख संगृहीत कर रखे जाते हैं, (आर्काइव्ज़)।
2. 1. चंचलता, चपलता 2. चुलबुलाने की क्रिया
3. 1. यातना देने की क्रिया 2. किसी के साथ कष्टदायक व्यवहार।
4. 1. ब्रह्मा 2. बृहस्पति 3. कवि 4. वक्ता।
5. 1. धोखे या चालाकी से दूसरों की धन–संपत्ति या माल हड़प जाने वाला व्यक्ति, छली व्यक्ति, धूर्त व्यक्ति 2. दलाल 3. अठारहवीं–उन्नीसवीं शताब्दी में राहगीरों को बहला–फुसलाकर उनका माल छीन लेने वाले लोग तथा उनका कुख्यात गिरोह 4. ठगों के गिरोह का सदस्य 5. कम तौलने और अधिक कीमत लेने वाला दुकानदार 6. धोखेबाज़।




### वर्ग पहेली -92 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | दे | श | | | | |
| | | | 2 सं | पो | ष | ण |
| | 3 गुं | | स् | | | |
| 4 दं | डा | धि | का | री | | 5 दा |
| | शा | | री | | | दू |
| 6 तो | ही | न | | | | पं |
| | | | 7 वा | म | पं | थी |

## सुडोकू-6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | 2 | | | |
| | 4 | | | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 9 | |
| | | 3 | | 9 | | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| | 5 | | | 6 | | 4 | | |
| | 6 | | | | | 5 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| 2 | | | 7 | | 4 | | | |

### सुडोकू - 5 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून शुक्रवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–ज्येष्ठ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–प्रतिपदा 16.44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–पश्चिम। ऋतु–ग्रीष्म।
चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–मृगशिरा 19.43 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** – आज दूसरों के सामने ज्यादा बातें करने से बचें। आप यात्राओं पर जा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ सकता है। काल्पनिक बातों में आपका समय बर्बाद हो सकता है।

**वृष** – आज आपके भाव कुछ नकारात्मक हो सकते हैं, लेकिन आपको धैर्यवान होना चाहिए। आप धन को लेकर कुछ संकोच में आ सकते हैं। मित्रों के प्रति भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। कानूनी मामलों को आप अपने पक्ष में कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में लोग आपका अनहित करने की सोच सकते हैं। यद्यपि वे सफल नहीं होंगे, किंतु किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी रखनी होगी।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए शुभ नहीं है। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। शांत रहें और परिस्थितियों का अवलोकन करें। सेहत नरम होने की आशंका है। आपको पेट में सूजन और अपच की समस्या हो, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श ले लें।

**सिंह** – आज साइबर ठगी को लेकर सावधान रहें। व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है, किंतु कई अच्छे मौके भी आपके हाथ से छूट सकते हैं। धन कमाने के लिए गलत मार्गों का चुनाव न करें। अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत किसी शुभ सूचना से होगी। कारोबार में कुछ बदलाव करने का विचार कर सकते हैं। दूसरों के ऊपर निर्भर रहने से आपको नुकसान होगा। व्यवसाय में सहयोगियों के ऊपर आपको शंका हो सकती है।

**तुला** – आज उच्च अधिकारियों के साथ तालमेल में कमी महसूस करेंगे। आप स्थान–परिवर्तन को आतुर हो सकते हैं। एकतरफा होकर कोई भी निर्णय न लें। आप आसपास की परिस्थितियों का अच्छी तरह से मूल्यांकन करेंगे।

**वृश्चिक** – आज किसी नए कार्य की शुरुआत न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहने की संभावना है। परिस्थितियां प्रतिकूल हो सकती हैं। आपके ऊपर गलत आरोप लग सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आपकी अपेक्षा गलत सिद्ध हो सकती है।

**धनु** – आज नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा है। दांपत्य संबंधों में आकर्षण भाव बढ़ेगा। व्यापार से जुड़े लोगों धन के हिसाब–किताब में सावधानी रखें। सभी कार्य आपकी अपेक्षा के अनुरूप ही होंगे। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं।

**मकर** – आज पिता के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के साथ कहीं घूमने और मनोरंजन के लिए जा सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। आप अपने घर के उपकरणों की मरम्मत आदि करवा सकते हैं।

**कुंभ** – आज धन को लेकर भाग्य साथ नहीं है। अनावश्यक विचारों के कारण आप कुछ परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह रहेंगे। ऐसे कार्यों से बचें जिनको लेकर आपके मन में आत्मविश्वास का भाव न हो।

**मीन** – आज प्रेम संबंधों को लेकर जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं। नौकरीपेशा अपने काम की गुणवत्ता से प्रसन्न नहीं रहेंगे। घर को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे। आप लोगों से सलाह की अपेक्षा रखेंगे, लेकिन उचित सलाह मिलना कुछ कठिन है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मि. नटवरलाल – सुबह : 10.32
देवता – रात : 07.00

&pictures
ग्रेट ग्रैंड मस्ती – सुबह : 11.24
ड्रीम गर्ल – रात : 08.00

SONY PIX
जस्टिस लीग – सुबह : 11.03
द मास्क – रात : 09.00

ZEE CINEMA
तारे जमीन पर – सुबह : 09.50
प्यार झुकता नहीं – रात : 07.30

colors CINEPLEX
रफू चक्कर – सुबह : 10.22
भागम भाग – शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली– चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति– पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी– अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा– पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी– वो कैसे बेटा?
बेटा– क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1080 बोल्ड 1130 डीएमओ 850।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2055, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1525, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1505, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1865, ब्लू 1625, आशीर्वाद मस्टर्ड 1890, स्वास्तिक 2025, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# भारत में 500 अरब डॉलर के निवेश के अवसर

## स्वच्छ ऊर्जा, अन्य क्षेत्रों को लेकर आईपीईएफ की बैठक में वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल बोले

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के अवसर मौजूद हैं। इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉसपेरिटी (आईपीईएफ) के स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए सिंगापुर में मौजूद वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने यह बात कही।



बर्थवाल ने आईपीईएफ स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम के उद्घाटन में इसे एक अद्वितीय मंच करार दिया जो वैश्विक निवेशकों, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों को एक साथ लाया है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। सचिव ने फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं, खासकर नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में...। बर्थवाल ने पिछले दशक में भारत में कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के लिए कारोबार को सुगम बनाने के लिए किए गए प्रमुख सुधारों के बारे में भी बताया। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि इस फोरम के परिणामस्वरूप हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 23 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर उत्पन्न हुए। आईपीईएफ की बैठक बुधवार को शुरू हुई। यह क्षेत्र के शीर्ष निवेशकों, स्वच्छ अर्थव्यवस्था कंपनियों व स्टार्ट-अप को बुनियादी ढांचे, जलवायु प्रौद्योगिकी तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश जुटाने में एकसाथ लाती है।

### बैठक में आईपीईएफ भागीदारों की सरकारी एजेंसियों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में वित्तीय संस्थानों, बहुपक्षीय विकास बैंकों, उद्यम पूंजी कोषों, परियोजना मालिकों, उद्यमियों तथा आईपीईएफ भागीदारों की सरकारी एजेंसियों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने सतत बुनियादी ढांचे और जलवायु प्रौद्योगिकी जुड़ाव के तहत सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। आईपीईएफ के 14 सदस्य हैं। अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य साझेदार देशों द्वारा संयुक्त रूप से 23 मई 2022 को तोक्यो में इसकी शुरुआती की गई थी। इसके सदस्य देश दुनिया के आर्थिक उत्पादन का 40 प्रतिशत और व्यापार का 28 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। यह ढांचा व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था से संबंधित चार स्तंभों के इर्द-गिर्द बना है। भारत व्यापार को छोड़कर बाकी सभी स्तंभों में शामिल है।

# मई में शाकाहारी थाली नौ प्रतिशत महंगी

मुंबई, एजेंसी

- प्याज, टमाटर की कीमतों में उछाल और मांसाहारी भोजन की लागत में आई कमी



मई महीने में शाकाहारी थाली की औसत लागत नौ प्रतिशत तक बढ़ गई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी को इसकी वजह बताया गया।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रोटी चावल दर रिपोर्ट में शाकाहारी थाली महंगी होने की बात कही गई। हालांकि ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी भोजन की कीमत मई में बढ़कर 27.8 रुपये प्रति थाली हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। वहीं एक महीने पहले अप्रैल में शाकाहारी थाली 27.4 रुपये की थी। इस थाली में मुख्य रूप से रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होते हैं। रिपोर्ट में शाकाहारी थाली की कीमत में कुल वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 39 प्रतिशत, आलू में 41 प्रतिशत और प्याज में 43 प्रतिशत की वृद्धि को बताया गया है।

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक-रबी की फसल के रकबे में भारी कमी के कारण प्याज की कम आवक तथा पश्चिम बंगाल में फसल खराब होने से आलू की आवक कम होने से इन सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। इसके अलावा चावल और दालों की कीमतों में भी क्रमशः 13 प्रतिशत और 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि जीरा, मिर्च और वनस्पति तेल की कीमतों में क्रमशः 37 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और आठ प्रतिशत की गिरावट आने से शाकाहारी थाली की लागत में और वृद्धि नहीं देखी गई। इसके उलट मांसाहारी थाली की लागत मई में घटकर 55.9 रुपये रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 59.9 रुपये थी। यह अप्रैल, 2024 में 56.3 रुपये प्रति थाली की कीमत से भी कम है। मासाहारी थाली में अन्य सभी सामग्री समान होती है, लेकिन दाल की जगह मुर्गे का मांस होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट का मुख्य कारण है। ब्रॉयलर का मांसाहारी थाली की कुल कीमत में 50 प्रतिशत हिस्सा होता है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,700-55,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,050 |
| चांदी आभूषण | 90,500। |

## सोने की कीमत में 680 और चांदी में 1,400 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 680 रुपये की तेजी के साथ 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं चांदी की कीमत भी 1,400 रुपये बढ़कर 93,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 692 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

केंद्र में अगली सरकार की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही पास रहने की संभावना से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 75,000 के स्तर को एक बार फिर हासिल करते हुए 692.27 अंक यानी 0.93 प्रतिशत उछलकर 75,074.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 915.49 अंक तक बढ़कर 75,297.73 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 201.05 अंक यानी 0.89 प्रतिशत चढ़कर 22,821.40 अंक पर बंद हुआ। वहीं शेयर बाजार में तेजी और उछाल के चलते निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई।

कारोबार के दौरान यह 289.8 अंक यानी 1.28 प्रतिशत बढ़कर 22,910.15 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, इन्फोसिस, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और विप्रो के शेयरों में सर्वाधिक बढ़त दर्ज की गई।

## सेनेगल, गाम्बिया को टूटे चावल के निर्यात की दी गई अनुमति

**नई दिल्ली।** सरकार ने सेनेगल और गाम्बिया को एनसीईएल के माध्यम से टूटे चावल का निर्यात करने के लिए 30 नवंबर तक का और समय और दे दिया है। भारत ने इन दो अफ्रीकी देशों के अनुरोध पर उन्हें टूटे चावल के निर्यात को मंजूरी दी है। केंद्र ने टूटे चावल के निर्यात पर आठ सितंबर, 2022 को प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने इसके बाद 24 मई को इसमें संशोधन किया। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि एनसीईएल (राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि.) के माध्यम से निर्यात की अवधि को 30 नवंबर, 2024 तक 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या मई में 5 .1% बढ़कर 13 .89 करोड़ पर

मुंबई, एजेंसी

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या मई में सालाना आधार पर 5.1 प्रतिशत बढ़कर 13.89 करोड़ रही। कोविड महामारी से पहले के स्तर से यह लगभग 14 प्रतिशत अधिक है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

इक्रा ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि स्थिर लागत परिवेश के बीच घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात में निरंतर सुधार के बीच भारतीय विमानन उद्योग का दृष्टिकोण स्थिर है। चालू वित्त वर्ष (2024-25) में भी यह रुझान जारी रहने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले महीने एयरलाइन की क्षमता सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़ी और अप्रैल, 2024 की तुलना में लगभग दो प्रतिशत अधिक रही। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ करीब 15.4 करोड़ था। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि इस प्रकार यह वित्त वर्ष 2019-20 में लगभग 14.2 करोड़ के कोविड-19 से पहले के स्तर को पार कर गया। एजेंसी ने कहा कि कंपनियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों में लगभग 24 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.96 करोड़ था।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### धनशोधन मामले में सुपरटेक के प्रमुख की जमानत मंजूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को सुपरटेक के चेयरमैन आर.के. अरोड़ा को जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जांगला ने अरोड़ा को राहत प्रदान करते हुए कहा कि उनके मुकदमे से भागने या जांच को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है। अरोड़ा को पिछले साल जून में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), हरियाणा पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुपरटेक लिमिटेड व अरोड़ा के खिलाफ 26 प्राथमिकी दर्ज की थीं।

### सिलेंडर में विस्फोट होने से नौ लोग घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के चेंबूर इलाके में बृहस्पतिवार को सुबह तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर में विस्फोट होने से कम से कम नौ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चेंबूर के सी जी गिडवानी मार्ग पर स्थित एक मंजिला मकान में सुबह करीब साढ़े सात बजे यह घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि रसोई गैस के सिलेंडर में विस्फोट होने से वहां आग लग गई, जिससे मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारी ने बताया कि घायलों में दो नाबालिग हैं। बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 5.45 करोड़ के सोने की तस्करी में दो चीनी नागरिक सहित चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 5.45 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी के आरोप में दो चीनी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंगलवार को हांगकांग से आने पर आरोपियों को हवाई अड्डे पर रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि आरोपियों के सामान की गहन तलाशी के साथ ही उनकी जामा तलाशी भी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 8.2 किलोग्राम सोना बरामद हुआ जिसका मूल्य 5.45 करोड़ रुपये है।

## एडीआर ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामे के विश्लेषण के आधार पर दी जानकारी

# लोकसभा में चुनकर आए 93 प्रतिशत माननीय करोड़पति

नई दिल्ली, एजेंसी



आम चुनाव-2024 में चुन कर आए 93 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं जो 2019 के 88 प्रतिशत के मुकाबले पांच प्रतिशत अधिक है। चुनाव अधिकार निकाय एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामा के विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी है।

एडीआर के मुताबिक अगली लोकसभा में शीर्ष तीन अमीर सदस्यों में 5,705 करोड़ की संपत्ति के साथ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के चंद्र शेखर पेम्मासानी, 4,568 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी और 1,241 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भाजपा नेता नवीन जिंदल शामिल हैं। पेम्मासानी आंध्र प्रदेश के गुंटुर से जीत कर आए हैं वहीं विश्वेश्वर रेड्डी तेलंगाना में चेवल्ला से और नवीन जिंदल हरियाणा के कुरुक्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। विश्लेषण के मुताबिक लोकसभा के लिए निर्वाचित 543 सदस्यों में से 504 करोड़पति हैं।

एडीआर के मुताबिक 2019 की लोकसभा में 475 (88 प्रतिशत) और 2014 की लोकसभा में 443 (82 प्रतिशत) सदस्य करोड़पति थे। संसद के निचले सदन में करोड़पतियों के बढ़ने की परिपाटी 2009 से देखी जा रही है, तब 315 (58 प्रतिशत) सदस्य करोड़पति थे। विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 227 (95 प्रतिशत), कांग्रेस के 99 में से 92 (93 प्रतिशत), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रविड़) के 22 में से 21 (95 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 29 में से 27 (93 प्रतिशत) और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 34 (92 प्रतिशत) ने एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। एडीआर के आंकड़ों के मुताबिक आम आदमी पार्टी के सभी तीन, जनता दल यूनाइटेड के सभी 12 और तेदेपा के सभी 16 विजयी उम्मीदवार करोड़पति हैं। एडीआर ने उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के आधार पर उनकी जीत की संभावनाओं का भी विश्लेषण किया है।

### लोस सदस्यों में से 46% के खिलाफ आपराधिक मामले

लोकसभा के नवनिर्वाचित 543 सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनाव विश्लेषण करने वाली संस्था एडीआर ने यह बात कही। यह निचले सदन में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले सदस्यों की पिछले कई दशकों की सबसे अधिक संख्या है। साल 2019 में कुल 233 नवनिर्वाचित सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की थी, 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) तथा 2004 में 125 (23 प्रतिशत) ने आपराधिक मामलों की घोषणा की थी। विश्लेषण के मुताबिक 2009 के बाद से आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा करने वाले सांसदों की संख्या में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नवनिर्वाचित हुए 251 सदस्यों में से 170 (31 प्रतिशत) के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं जिनमें दुष्कर्म, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले हैं। गंभीर अपराध के मामलों वाले सदस्यों की संख्या 2009 से 124 प्रतिशत बढ़ गई है। इस बार चार उम्मीदवारों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत अपने ऊपर हत्या से संबंधित मामले दर्ज होने की जानकारी दी है›

## 85 साल में पहली बार सीआरपीएफ के खानसामों-जलवाहकों की पदोन्नति

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी के अनुसार 1,700 खानसामों और 900 जलवाहक कर्मियों को मिला लाभ

देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार कुल 2,600 खानसामों और जल वाहकों को पदोन्नत किया गया है। सीआरपीएफ की स्थापना 1939 में हुई थी और इसके पास दो विशेष वर्ग के कुल 12,250 कर्मी हैं जो बल के लगभग 3.25 लाख पुरुष एवं महिला कर्मियों के लिए रसोई, कैंटीन और अन्य प्रशासनिक कार्यों के व्यापक नेटवर्क को संभालते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार को एक आदेश के जरिए 1,700 खानसामों और 900 जलवाहक कर्मियों को उनके कांस्टेबल पद से पदोन्नत कर हेड कांस्टेबल नियुक्त किया गया है।

सीआरपीएफ के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। इस पद के कर्मी तब से इस बल का हिस्सा हैं जब से इसकी स्थापना हुई है। अधिकारी ने बताया कि 2016 में जब केंद्र सरकार ने सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की थीं तब उन्हें कुक और वाटर कैरियर का विशिष्ट काडर नाम दिया गया था। केंद्रीय सशस्त्र बल पुलिस (सीएपीएफ) के एक अधिकारी ने कहा कि इन कर्मियों को पदानुक्रम में सबसे निचले पायदान पर भर्ती किया गया था और इन्हें कभी पदोन्नत नहीं किया गया और औसतन लगभग 30-35 वर्षों की सेवा के बाद भी वे उसी पद से सेवानिवृत्त होते थे।

## मोदी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए माफी मांगें, शीर्ष अदालत करे कार्रवाई

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आदर्श आचार संहिता का लगातार उल्लंघन करने के लिए बृहस्पतिवार को माफी की मांग की और उच्चतम न्यायालय से चुनाव के दौरान कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। एसकेएम ने यह भी कहा कि कानून के समक्ष सभी समान हैं और मोदी अपवाद नहीं हो सकते। एसकेएम ने एक बयान में कहा-एसकेएम मांग करता है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नवनिर्वाचित नेता नरेन्द्र मोदी आदर्श आचार संहिता के लगातार उल्लंघन के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें या फिर कानून के अनुसार मुकदमे का सामना करें। कानून के सामने सभी समान हैं और मोदी अपवाद नहीं हो सकते हैं।

## कांग्रेस सरकार को झटका, मंत्री बी. नागेन्द्र ने दिया इस्तीफा

बेंगलुरु, एजेंसी



- कर्नाटक में एसटी निगम घोटाला मामले में मंत्री ने खुद को बताया निर्दोष

कर्नाटक में एक सरकारी निगम से जुड़े अवैध धनराशि अंतरण मामले में आरोपों से घिरे अनुसूचित जनजाति (एसटी) कल्याण मंत्री बी. नागेन्द्र ने बृहस्पतिवार को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसे सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली एक वर्ष पुरानी सरकार के लिए करारा झटका माना जा रहा है।

मंत्री ने मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा पत्र सौंपा और कहा कि वह इस मामले में निष्कलंक होकर सामने आएंगे। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से संबंधित यह अवैध धनराशि अंतरण मामला उस वक्त सामने आया जब उसके लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली। मरने से पहले चंद्रशेखर ने एक सुसाइड नोट लिखा था। इस नोट में निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये के अवैध अंतरण का खुलासा किया गया था। इस रकम में से 88.62 करोड़ रुपये कथित रूप से जानी-मानी आईटी कंपनियों के विभिन्न खातों एवं हैदराबाद के एक सहकारी बैंक में डाले गए थे।

## मध्य प्रदेश में दो लड़कियों ने एक-दूसरे को चाकू से हमला कर किया घायल

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में दो लड़कियों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, एक लड़की ने दूसरी लड़की का तैराकी करते हुए वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। माढ़ोताल थाने के प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि दोनों घायल लड़कियों का सरकारी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिस लड़की का वीडियो प्रसारित किया गया उसकी उम्र 18 वर्ष है जबकि दूसरी लकड़ी की उम्र 19 वर्ष है। घटना कथोंडा तालाब के पास हुई। ताम्रकार ने बताया कि दोनों लड़कियों ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और मामले की जांच की जा रही है।

## संसद परिसर में फर्जी आधार कार्ड से प्रवेश की कोशिश में तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- जालसाजी और धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने कथित तौर पर फर्जी आधार कार्ड का उपयोग करके उच्च सुरक्षा वाले संसद परिसर में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन मजदूरों को पकड़ा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली पुलिस ने कासिम, मोनिस और शोएब नाम के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उन पर जालसाजी और धोखाधड़ी से संबंधित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को इन तीनों व्यक्तियों को संसद भवन के एक प्रवेश द्वार पर सुरक्षा और पहचान पत्र की जांच के दौरान सीआईएसएफ के कर्मियों ने हिरासत में लिया । तीनों अपने आधार कार्ड दिखाकर संसद भवन परिसर में प्रवेश की कोशिश कर रहे थे। सीआईएसएफ के कर्मियों को उनके कार्ड पर शक हुआ और आगे की जांच में वे फर्जी पाए गए। सीआईएसएफ को सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस की टुकड़ियों की जगह हाल में संसद भवन की सुरक्षा का जिम्मा दिया गया है।

## ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी पर खालिस्तान के समर्थन में लगे नारे


**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में ऑपरेशन ब्लूस्टार की 40वीं बरसी पर बृहस्पतिवार को कट्टरपंथी सिख संगठनों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले अकाली दल और पूर्व सांसद ध्यान सिंह के गुट समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने, सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त में ये नारे लगाए। हाल ही में संगरूर लोस सीट से चुनाव हारने वाले मान भी इस दौरान मौजूद थे। कट्टरपंथी संगठन दल खालसा के नेतृत्व में कुछ सिख युवा हाथों में खालिस्तानी झंडे और क्षतिग्रस्त अकाल तख्त की तस्वीरें लिए हुए नजर आए।

## कोर्ट ने कहा-दिल्ली को 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दे हिमाचल

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली जल संकट

- हरियाणा को मदद करने के निर्देश, 5 दिन में मांगी रिपोर्ट



राष्ट्रीय राजधानी में जारी जल संकट के बीच उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिए कि हिमाचल प्रदेश 137 क्यूसेक अतिरिक्त जल छोड़े और हरियाणा दिल्ली की तरफ पानी के प्रवाह को सुगम बनाए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पानी को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार उसके पास उपलब्ध 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली के लिए छोड़ने को तैयार है। एक क्यूसेक (घन फुट प्रति सेकंड) प्रति सेकंड 28.317 लीटर तरल प्रवाह के बराबर होता है। पीठ ने कहा-क्योंकि हिमाचल प्रदेश को कोई आपत्ति नहीं है और वह उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी छोड़ने के लिए तैयार है, इसलिए हम निर्देश देते हैं कि हिमाचल प्रदेश उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी में से 137 क्यूसेक पानी छोड़े, ताकि पानी हथिनीकुंड बैराज और फिर वहां से दिल्ली पहुंच सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीठ ने हिमाचल प्रदेश को निर्देश दिया कि वह हरियाणा को पूर्व सूचना देकर सात जून को पानी छोड़े। इसने कहा है कि ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) हथिनीकुंड में आने वाले अतिरिक्त पानी को मापेगा ताकि इसे वजीराबाद और दिल्ली तक पहुंचाया जा सके। पीठ ने आदेश दिया, जब भी हिमाचल प्रदेश पूर्व सूचना के साथ हरियाणा की तरफ अतिरिक्त पानी छोड़ेगा तो हरियाणा अतिरिक्त पानी के प्रावह को हथिनीकुंड और वजीराबाद तक सुगम बनाए रखने में मदद करेगा ताकि यह निर्बाध रूप से दिल्ली तक पहुंचे और दिल्ली के लोगों को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सके। इसने कहा-सोमवार को इस अदालत के समक्ष एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी को मिलने वाला पानी व्यर्थ न हो। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दिल्ली सरकार और हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश सहित प्रतिवादी सोमवार तक अपना अनुपालन हलफनामा दाखिल करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 जून की तारीख तय की है।

# विश्व कप



# नासाउ की पिच खिलाड़ियों के लिए खतरा

## ड्रॉप इन पिच की हो रही है आलोचना, आईसीसी मौन, आयरलैंड के खिलाफ मैच में रोहित को लगी चोट गंभीर नहीं

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बाजू पर लगी चोट पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच से पहले ठीक होने की उम्मीद है लेकिन अमेरिका में क्रिकेट के प्रचार के लिए अहम माने जा रहे टी-20 विश्व कप के इस मुकाबले से पहले नासाउ काउंटी की खुली दरारों वाली खतरनाक पिच सभी के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन समेत कई दिग्गजों ने पिच पर सवाल उठाए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि विश्व कप मैच कराने से पहले इस पर कुछ अभ्यास मैच क्यों नहीं खेले गए। रोहित को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान तेज गेंदबाज जोश लिटिल की गेंद दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में लगी थी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। ऋषभ पंत को भी बायीं कोहनी में बाउंसर लगा था।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया रोहित की चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने खुद कहा है कि यह मामूली घाव है। वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच तक ठीक हो जाएंगे। उससे पहले दो अभ्यास सत्र भी खेले जाने हैं। एडीलेड से खास विश्व कप के लिए यहां लाई गई पिच की काफी आलोचना हो रही है। भारत को इस स्टेडियम में दो मैच और खेलने हैं। भारत की टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत में फाइनल में 'प्लेयर आफ द मैच' रहे इरफान पठान ने पिच को असुरक्षित बताया। उन्होंने कहा हम अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देना चाहते हैं लेकिन यह पिच खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर भारत में इस तरह की पिच होती तो लंबे समय तक वहां दोबारा मैच नहीं खेला जाता। हम विश्व कप की बात कर रहे हैं, किसी द्विपक्षीय श्रृंखला की नहीं।

वहीं भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि हम उसी पर नियंत्रण कर सकते हैं जो हमारे बस में है। यह चुनौतीपूर्ण विकेट है और हमें ऐसी ही आशा थी क्योंकि हमने यहां अभ्यास मैच खेला था। हमें इससे निपटने का तरीका तलाशना होगा। टीम में कौशल की कमी नहीं है और पर्याप्त अनुभव भी है। हमें कोई दिक्कत नहीं होगी। आईसीसी ने अभी तक पिच की आलोचना को लेकर कोई बयान नहीं दिया है।

भारतीय टीम प्रबंधन कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करने वाला लेकिन पिच को लेकर नाराजगी जाहिर है। सूत्र ने कहा यह ताजा पिच है। इस पिच पर कुछ अभ्यास मैच होने चाहिए थे। यह टी-20 की विकेट नहीं है और चारों पिचें ऐसी ही है। शुक्र है कि रोहित या ऋषभ पंत को गंभीर चोट नहीं लगी और वे ठीक हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर को जसप्रीत बुमराह की गेंद दस्तानों से होकर हेलमेट पर लगने के कारण कनकशन टेस्ट से गुजरना पड़ा। पिच की गुणवत्ता को लेकर आईसीसी के नियम स्पष्ट हैं। टूर्नामेंट के बाद समीक्षा की जाएगी। जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और मशहूर कोच एंडी फ्लावर ने भी पिच की आलोचना करते हुए कहा मुझे कहना ही होगा कि अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यह पिच सही नहीं है। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले भी खतरनाक पिचें देखी है लेकिन यहां तैयारी में कुछ गड़बड़ हुई है। पिच या तो तैयार नहीं थी या कुछ ऐसा है जो उनके काबू में नहीं है।



### बीसीसीआई के पूर्व क्यूरेटर ने न्यूयॉर्क की पिचों की आलोचना की

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के पूर्व मुख्य क्यूरेटर दलजीत सिंह टी-20 विश्व कप के लिए न्यूयॉर्क में उपयोग लाई जा रही ड्रॉप इन पिचों की खराब स्थिति से हैरान हैं। भारत को न्यूयॉर्क में विश्व कप के तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ 9 जून को होने वाला मैच भी शामिल है। भारत और आयरलैंड के बीच खेले गए मैच के दौरान पिच से मिल रही असमान उछाल और दरारों ने लोगों का ध्यान खींचा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को जोश लिटिल की तेजी से उठती गेंद पर घायल होने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। ऐसे में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। बीसीसीआई के साथ दो दशक से भी अधिक समय तक काम करने वाले दलजीत ने कहा पिच बेहद खराब हैं। ड्रॉप इन पिच को काफी पहले लगाया जाना चाहिए। इस पर अलग-अलग तरह के रोलर का उपयोग किया जाना चाहिए था। ऐसा लगता है कि पिच को अच्छी तरह से तैयार नहीं किया गया। यह खराब गुणवत्ता वाली पिच हैं जिन्हें तैयार नहीं किया गया। आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया में बनी 10 ड्रॉप इन पिच को मई के पहले सप्ताह में न्यूयॉर्क पहुंचाया था। इन सभी पिच को एडिलेड ओवल के क्यूरेटर डेमियन हाफ ने तैयार किया था। दलजीत ने कहा इन पिचों को तीन महीने पहले ही स्थापित किया जाना चाहिए था। इसके बाद उनमें अलग-अलग तरह से रोलिंग की जानी चाहिए थी। कुछ दिन का ब्रेक लेकर इसी प्रक्रिया को दोहराया जाना चाहिए था। इन पिच में असमान उछाल है जो टी20 के लिए आदर्श नहीं है।

### पाकिस्तान के खिलाफ क्या अपेक्षा की जाए: वॉन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा अमेरिका में क्रिकेट का प्रचार अच्छी बात है लेकिन इसके लिएए खिलाड़ियों को इस तरह की पिच पर खिलाना अस्वीकार्य है। आप विश्व कप खेलने के लिए काफी मेहनत करते हैं और फिर इस तरह की पिच पर खेलना पड़ता है। पिच के स्वभाव से रोहित हैरान हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि वह नहीं जानते कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में इससे क्या अपेक्षा की जाए।

### हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित



**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित ने शर्मा ने कहा कि मैच में लगी चोट मामूली है और हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आयरलैंड पर आठ विकेट से जीत के बाद रोहित शर्मा अपनी चोट के बारे में कहा यह मामूली चोट है। यह एक नया मैदान है। हम यह देखना चाह रहे थे कि यह यह पिच कैसी है। मुझे नहीं लगता है कि दूसरी पारी में पिच आसान हो गई थी। पिच पर गेंदबाजो के लिए काफी मदद थी। अर्शदीप दाएं हाथ के बल्लेबाजो के लिए गेंद को अंदर ला सकते हैं। वहीं से हमें एक अच्छी लय मिल गई। ऐसी परिस्थितियों में आपको अपने बेसिक्स पर कायम रहना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि हम इस मैदान पर कभी भी चार स्पिनर के साथ उतरेंगे। अगर पिच में तेज गेंदबाजों के लिए मदद रहेगी तो हम उन्हें टीम में शामिल करेंगे। यह टूर्नमेंट जैसे-जैसे आगे बढ़ता जाएगा, हमारे स्पिनर गेम में आएंगे। मुझे उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाफ भी हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## खेल डायरी

### इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य



**जकार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंता निशिमोतो को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सेन ने प्री क्वार्टर फाइनल में 21-9, 21-15 से जीत दर्ज की। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हालांकि महिला युगल में हारकर बाहर हो गईं। उन्हें जापान की मायु मत्सुमोतो और वाकाना नागाहारा के हाथों 21-19, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को दक्षिण कोरिया की हा ना बाएक और सो ही ली ने 21-13, 19-21, 21-13 से हराया जिससे महिला युगल में भारत की चुनौती खत्म हो गई। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी की टक्कर चीन की सिवेइ झेंग और याकिओंग हुआंग से होगी। पुरुष एकल में प्रियांश राजावत का सामना थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से होगा।

### प्रज्ञानानंदा का सामना नौवे दौर में कारूआना से



**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवे दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से खेलेंगे। भारत के प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल से दो मैच और आर्मागेडोन से दो मैच जीते और वह तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। आर्मागेडोन में हालांकि उन्हें तीन पराजय भी झेलनी पड़ी। कार्लसन 14 .5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के हिकारू नकामूरा उनसे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे एक अंक पीछे हैं। आखिरी दौर में उनका सामना नकामूरा से होगा और दो ड्रॉ से उनका दसवें स्थान पर बने रहना तय हो जाएगा। कार्लसन का सामना अगले दौर में अलीरजा से और फिर कारूआना से होगा। महिला वर्ग में वेंजुन जू 14 .5 अंक लेकर यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से डेढ अंक आगे हैं। भारत की आर वैशाली और चीन की तिंगजी लेइ तीसरे स्थान पर हैं जिनके 11 .5 अंक हैं। कोनेरू हम्पी 8 .5 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। वैशाली का सामना नौवे दौर में लेइ से होगा जबकि हम्पी जू से खेलेगी।

### सरबजोत ने निशानेबाजी विश्व कप में जीता स्वर्ण

**म्यूनिख।** सरबजोत सिंह ने गत विश्व चैंपियन और चार बार के ओलंपियन की मौजूदगी वाली पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के पदक का खाता खोला। भारत के 22 साल के सरबजोत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 242 .7 अंक जुटाए। उन्होंने चीन के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआईहेंग को 0 .2 अंक से पछाड़ा। जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य पदक जीता। सरबजोत ने बुधवार को क्वालीफाइंग में 588 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में गत विश्व चैंपियन चीन के बोवेन झेंग और तुर्की के चार बार के ओलंपिक यूसुफ डिकेक भी चुनौती पेश कर रहे थे। सरबजोत ने हालांकि फाइनल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीता।

# स्वियातेक फ्रेंच ओपन के फाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर गुरुवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन में अपना चौथा खिताब जीतने की कवायद में लगी स्वियातेक ने तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ को 6-2, 6-4 से पराजित किया। इस तरह से वह जस्टिन हेनिन (2007 से 2009) के बाद रोलां गैरा पर लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से अब केवल एक कदम दूर है। अब तक चार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 20 मैच तक पहुंचा दिया है। शनिवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला रूस की गैरवरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और इटली की 12वीं वरीय जैस्मीन पाओलिनी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। स्वियातेक ने गॉफ के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 11-1 कर दिया है। उन्होंने इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार अमेरिकी खिलाड़ी को हराया। इनमें 2022 के फाइनल और पिछले साल के क्वार्टर फाइनल में दर्ज की गई जीत भी शामिल हैं।

### रोजर-वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने जीता मिश्रित युगल खिताब

**पेरिस।** एडवर्ड रोजर- वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने गुरुवार को यहां नील स्कुपस्की और डिजायर क्रॉजिक की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीता। पहली बार किसी टूर्नामेंट में जोड़ी बनाकर खेल रहे फ्रांस के रोजर-वेसेलिन और जर्मनी की सिगेमुंड ने स्कुपस्की और क्रॉजिक की जोड़ी को 6-4, 7-5 से हराया। चालीस साल के रोजर-वेसेलिन का यह पहला मिश्रित युगल खिताब है। अमेरिका की क्रॉजिक और ब्रिटेन के स्कुपस्की एक साथ मिलकर 2021 और 2022 में दो विंबलडन मिश्रित युगल खिताब जीत चुके हैं। पुरुष युगल फाइनल शनिवार को जबकि महिला युगल फाइनल रविवार को खेला जाएगा। वहीं, एक अन्य मुकाबले में भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन गुरुवार को सेमीफाइनल में इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी की जोड़ी से हारकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# स्टोइनिस के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**



मार्कस स्टोइनिस के आक्रामक अर्धशतक और तीन विकेट की बदौलत गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अपने अभियान का आगाज ओमान पर 39 रन की जीत के साथ किया। स्टोइनिस ने 36 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए जिसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 164 का स्कोर बनाया। डेविड वॉर्नर ने भी 56 रन की पारी खेली। इसके बाद स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ओमान की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस ने 28 रन देकर और आईपीएल स्टार मिचेल स्टार्क ने 20 रन देकर दो-दो विकेट लिए। स्टार्क ने ओमान की पारी की तीसरी गेंद पर प्रतीक अठावले (0) को आउट कर दिया। मैदानी अंपायर द्वारा नॉट आउट दिये जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें फैसला उसके पक्ष में रहा। अयान खान ने 30 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाए और सातवें विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए। हेड (12) और कप्तान मार्श (14) सस्ते में आउट हो गए। अनुभवी हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल का खराब फॉर्म जारी रहा जो खाता भी नहीं खोल सके। स्टोइनिस और वॉर्नर ने चौथे विकेट के लिए 64 गेंद में 102 रन जोड़े। वॉर्नर 56 रन की पारी के साथ ही टी-20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन (3,120) बनाने वाले बल्लेबाज हो गए जिन्होंने आरोन फिंच को पछाड़ा।

# कनाडा के खिलाफ आयरलैंड को अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



भारत के खिलाफ पहले मैच में मिली हार के बाद आयरलैंड को कनाडा जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ शुक्रवार को अपने अभियान को ढर्रे पर लाना है तो एंडी बालबर्नी, पॉल स्टर्लिंग और हैरी टेक्टर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आयरलैंड को पहले मैच में भारत ने आठ विकेट से हराया जबकि कनाडा को सह मेजबान अमेरिका ने सात विकेट से मात दी।

आठवीं बार टी-20 विश्व कप खेल रही आयरलैंड टीम अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है हालांकि उसके कई प्रमुख खिलाड़ी इंग्लिश काउंटी क्रिकेट खेलते हैं। अभी तक आयरलैंड एक ही बार 2009 में सुपर 8 चरण में पहुंचा। बालबर्नी और कप्तान स्टर्लिंग के पास कुल मिलाकर 250 टी-20 मैचों का अनुभव है लेकिन वे टीम को नासाउ काउंटी स्टेडियम पर अच्छी शुरूआत नहीं दिला सके। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और ऋषभ पंत की उम्दा पारियों के दम पर जीत दर्ज की। अब तक 77 टी-20 मैच खेल चुके टेक्टर भी आयरलैंड को 100 रन के पार नहीं ले जा पाए। इस मैदान पर दो दिन के भीतर दूसरा मैच खेल रही आयरलैंड टीम अपनी गलतियों से सबक लेना चाहेगी। दूसरी ओर विश्व कप में पहली बार खेल रही कनाडा टीम को ग्रुप ए के पहले मैच में डलास में अमेरिका ने हराया। कनाडा ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मैच दस विकेट से जीता था।

### बराबरी के मुकाबले में भिड़ेंगी स्कॉटलैंड और नामीबिया की टीम

**ब्रिजटाउन।** ओमान के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत नामीबिया का सामना अब शुक्रवार को स्कॉटलैंड से होगा। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। स्कॉटलैंड ने हालांकि गत चैंपियन टीम के खिलाफ अपनी प्रतिभा की बानगी दी थी लेकिन बारिश के कारण अंक बांटने पड़े। नामीबिया का भरोसा कप्तान गेरहार्ड इरास्मस और हरफनमौला डेविड वीसे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर रहेगा। उनके पास पिछले दो टी-20 विश्व कप का अनुभव है। इसके अलावा नामीबिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पिछले तीन टी20 मैच भी जीते हैं जिससे उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त मिलेगी।

# भारत ने कुवैत से ड्रॉ खेलकर दी सुनील छेत्री को विदाई



**कोलकाता, एजेंसी**

भारत ने गुरुवार को यहां कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 का क्वालीफायर मैच ड्रॉ खेलकर अपने करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री को विदाई दी। भारत अगर जीत दर्ज करता तो छेत्री के लिए यह अच्छी विदाई होती क्योंकि इस मैच में ड्रॉ खेलने से उसकी क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है।

इस मैच में ड्रॉ से अब भारत के पांच अंक हो गए हैं। उसे अपना अंतिम मैच 11 जून को एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ खेलना है। कुवैत के चार अंक हैं और वह उसी दिन अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा। भारतीय फुटबॉल की पहचान रहे 39 वर्षीय छेत्री ने इस मैच के साथ ही 19 साल तक चले अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को भी अलविदा कहा। उन्होंने भारत की तरफ से 94 गोल किए।

### सुनील छेत्री खेल के लीजैंड हैं: मोडरिच

**कोलकाता।** क्रोएशिया के कप्तान और रियल मैड्रिड के सुपरस्टार लुका मोडरिच ने भारतीय कप्तान सुनील छेत्री की तारीफ करते हुए उन्हें फुटबॉल का लीजैंड बताया। उन्होंने भारतीय टीम से छेत्री के आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को यादगार बनाने का भी आग्रह किया। छेत्री कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के साथ ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक ने मोडरिच का वीडियो मैसेज साझा किया है जिसमें उन्होंने कहा है हैलो सुनील। मैं बस तुमको हैलो बोलना और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिये शुभकामना देना चाहता हूं।

### छेत्री के बनाए रिकॉर्ड तोड़ना मुश्किल : नबी

**कोलकाता।** भारत के पूर्व मिडफील्डर सैयद रहीम नबी ने गुरुवार को यहां सुनील छेत्री की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस स्टार फुटबॉलर ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा। नबी ने यहां कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच से पहले कहा छेत्री ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा।

**दिग्गजों की राय** | रिकी बोले- आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता है ऑस्ट्रेलियाई टीम को

# मानसिकता से जुड़ा है भारत का खिताब न जीत पाना : पोंटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता था और दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि भारत को भी आईसीसी खिताब का सूखा दूर करने के लिए मानसिक बाधाओं से पार पाकर ऐसा ही कुछ करना होगा।

क्रिकेट की महाशक्ति भारत ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आईसीसी खिताब जीता था। भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप में न्यूयॉर्क में आयरलैंड को हराकर शानदार शुरूआत की। न्यूयॉर्क से पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम को अपने प्रशंसकों के जबर्दस्त दबाव से निपटने का तरीका तलाशना होगा। आपको स्पष्ट रहना होगा कि फोकस टूर्नामेंट पर है ना कि बाहरी दबाव के बारे में चिंता करने पर या बहुत अधिक आगे की सोचने पर भारतीय टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि विश्व कप जीतना आसान नहीं होता।

पोंटिंग ने कहा इसका संबंध मानसिकता से है। आप दबाव का सामना कैसे करते हैं। दबाव के हालात में आप कैसे सोचते हैं इसी में जीत और हार का अंतर होता है। उन्होंने कहा विश्व कप में आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को हर समय अच्छा खेलना होता है। भारतीय टीम के पास ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका जैसे पावर हिटर भले ही नहीं हो लेकिन पोंटिंग का मानना है कि वेस्टइंडीज के हालात में खेलने के लिए उनके पास पर्याप्त प्रतिभा है। नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होने हैं। पोंटिंग ने कहा सब कुछ पावर हिटिंग ही नहीं होता स्ट्राइक रेट भी अहम है। भारतीय बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट किसी से कम नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया के पास मार्श, स्टोइनिस, मैक्सवेल या कैमरन ग्रीन हैं तो दक्षिण अफ्रीका के पास स्टब्स, क्लासेन या डेविड मिलर हैं। इनके पास ताकत है लेकिन भारतीय टीम में देखें तो सूर्यकुमार यादव किसी भी मैदान पर रन बनाने में सक्षम है। उन्होंने कहा ऋषभ पंत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उनके पास हार्दिक पंड्या भी है। उनकी बल्लेबाजी बाकी टीमों की तरह ही खतरनाक है। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल खेलेंगे।

### बाबर पर रहेगा दबाव, पाकिस्तान के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार : लतीफ



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि टी-20 विश्व कप में रविवार को होने वाले मैच में भारत जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा क्योंकि उसकी टीम अधिक संतुलित है। लतीफ ने इसके साथ ही कहा कि न्यूयॉर्क में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर दबाव रहेगा। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा हम सभी का ध्यान भारत के खिलाफ 9 जून को होने वाले मैच पर है। बाबर पर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन के बजाय भारत के खिलाफ होने वाले मैच के कारण दबाव में रहेगा, लेकिन उन्हें दबाव झेलना सीखना होगा। उन्हें विराट और रोहित से सीखना चाहिए। वे जानते हैं कि खेल को कैसे आगे बढ़ाया जाता है। बल्लेबाज के रूप में बाबर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल है लेकिन जहां तक कप्तानी का सवाल है तो उन्हें अभी काफी कुछ सीखने की जरूरत है। लतीफ ने कहा कि भारत के पास बहुत अच्छे स्पिनर हैं और वर्तमान फॉर्म को देखते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम रविवार को होने वाले मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। कुलदीप यादव एक ऐसा खिलाड़ी है अगर वह फिट रहता है तो पूरे विश्व कप में बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। वह भारत के लिए महत्वपूर्ण गेंदबाज है और उन्होंने अच्छी सफलताएं भी हासिल की हैं। वर्तमान फॉर्म को देखते हुए 9 जून को होने वाले मैच में भारत निश्चित तौर पर जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

